


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 328 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.6 2081 बुधवार, 19 फरवरी-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❋ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## ममता बोलीं-महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' में बदल गया

कोलकाता, 18 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, 'यह महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' में बदल गया है। मैं महाकुंभ का और पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं।' उन्होंने कहा कि महाकुंभ के लिए कोई प्लानिंग नहीं की गई है। भगदड़ में कई लोग मारे गए लेकिन कितने उनके बारे में कुछ पता नहीं चल रहा है। कई लोग मिले ही नहीं। ममता ने कहा-महाकुंभ में अमीरों और वीआईपी लोगों के लिए 1 लाख रुपए तक के टेंट मौजूद हैं। गरीबों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, लेकिन व्यवस्था करना जरूरी है। आपने (यूपी सरकार) क्या योजना बनाई है? ममता ने यह बयान विधानसभा में बजट सत्र के दौरान दिया।

# पीएम मोदी और कतर के अमीर की बैठक

## कई अहम मुद्दों पर बनी सहमति



नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी के बीच बैठक हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ। इससे पहले कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कतर के अमीर को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अमीर अल थानी का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने स्वागत किया। इसके बाद अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी को सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मिलवाया गया। कतर के अमीर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भी बैठक करेंगे। राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया जाएगा।

अमीर अल-थानी कल यानी 17 फरवरी की रात को भारत पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर खुद कतर के अमीर का स्वागत करने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद थे। कतर के अमीर 17 फरवरी को दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं।

उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भारत और कतर के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। साल 2024 के अंत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कतर का दौरा किया था। यहां उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की थी। यह एक साल में उनकी चौथी कतर यात्रा थी।

### रणनीतिक साझेदारी से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की मौजूदगी में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी से जुड़े एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

यह समझौता आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान से बचने और राजकोषीय चोरी की रोकथाम के लिए एक संशोधित समझौते से जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर राज्य के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की उपस्थिति में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में इसस जुड़े सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

# सत्येंद्र जैन को झटका-चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग केस

## > गृह मंत्रालय को राष्ट्रपति ने दी इजाजत



नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की अनुमति दे दी है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सत्येन्द्र कुमार जैन के विरुद्ध बीएनएस की धारा 218 के तहत कोर्ट में मामला चलाने के लिए अनुमित मांगी थी।

जानकारी के मुताबिक गृह मंत्रालय के कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मिली सामग्री के आधार पर सत्येन्द्र कुमार जैन (60) के खिलाफ इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए स्वीकृति देने के पर्याप्त साक्ष्य पाए गए हैं। इसलिए कोर्ट में केस चलाए जाने कि मांग की गई है। जांच एजेंसियों ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ हवाला कारोबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केस दर्ज किया है। मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। सत्येंद्र जैन को ईडी ने जब हिरासत में लिया था, तब उनके पास स्वास्थ्य, बिजली सहित कुछ दूसरे मंत्रालय भी थे। जैन फिलहाल जमानत पर बाहर हैं. ईडी ने आप नेता के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

**17 फीसदी ज्यादा संपत्ति मिली**

मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला अगस्त 2017 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जैन और कुछ दूसरे आरोपियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में दर्ज किया गया था. सीबीआई ने दिसंबर 2018 में आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें कहा गया था कि कथित संपत्ति 1.47 करोड़ रुपये थी, जो 2015-17 के दौरान जैन की आय के ज्ञात स्रोतों से लगभग 217 प्रतिशत ज्यादा थी। ईडी ने पहले कहा था कि जांच में पाया गया कि 2015-16 के दौरान सत्येंद्र जैन एक लोक सेवक थे और 4 कंपनियों (जिनका स्वामित्व और नियंत्रण उनके पास था) को फर्जी कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपये की आवास प्रविष्टियां (हवाला की रकम) मिली थीं. इसके बदले में हवाला के जरिए कोलकाता में स्थित एंट्री ऑपरेटरों को नकदी ट्रांसफर की गई थी।

# 3600 करोड़ के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में आरोपी को बड़ी राहत

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ रुपये के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही हैं। उसे दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसंबर 2018 में हिरासत में लिया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह साल से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी

## सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

भी जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा। जेम्स ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले के संबंध में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किये हैं। गौरतलब है कि 3,600 करोड़ रुपये का यह कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित है। क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ब्रिटेन का निवासी है। उसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था। मिशेल जेम्स की जमानत याचिका 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी। उसने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा था कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा किया जाए कि वह मामलों में आधी सजा काट चुका है। इसके बाद 2024 में उसने दोबारा सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद दिसंबर 2024 में मिशेल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा था।

# नए सीईसी की नियुक्ति के 'आधी रात के फैसले' पर राहुल का बड़ा हमला

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा रही है, तब आधी रात को नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का फैसला लेना प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के लिए अपमानजनक और अशिष्ट है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पत्र साझा करते हुए पोस्ट में लिखा कि अगले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए हुई समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया

## यह अपमानजनक और अशिष्ट



था कि कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर मोदी सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। विपक्ष के नेता के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं बाबासाहब आंबेडकर और हमारे राष्ट्र निर्माताओं के आदर्शों को कायम रखूं और सरकार को जवाबदेह ठहराऊं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का आधी रात को निर्णय लेना अपमानजनक और अशिष्टतापूर्ण है।

# 'ये कानून का दुरुपयोग'

## > सुप्रीम कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर को लगाई फटकार > खारिज की याचिका



नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ठग सुकेश चंद्रशेखर की दिल्ली की मंडोली जेल से किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए सुकेश को फटकार भी लगाई और कहा कि वह कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि सुकेश चंद्रशेखर ने पहले भी ऐसी ही याचिका दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार**

पीठ ने कहा कि 'सुकेश को पहले दिल्ली सरकार से शिकायत थी, लेकिन अब सरकार बदल चुकी है, फिर उन्हें परेशानी नहीं होनी चाहिए।' पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास पैसे हैं खर्च करने के लिए तो क्या आप बार-बार कोशिश करते रहेंगे? यह कानून का दुरुपयोग है। आप कैसे एक ही याचिका को बार-बार दायर कर सकते हैं?' सुकेश चंद्रशेखर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए वरिष्ठ वकील शोएब आलम ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत याचिकाकर्ता का अधिकार है कि उसे उसके परिवार से दूर न रखा जाए। वकील ने मांग की कि सुकेश को कर्नाटक के नजदीक किसी जेल में रखा जाए। याचिकाकर्ता ने पंजाब और दिल्ली छोड़कर किसी भी अन्य राज्य की जेल में स्थानांतरित करने की अपील की थी। इस पर पीठ ने कहा कि 'हमें समाज और इसकी सुरक्षा की चिंता है। आपका मौलिक अधिकार दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण नहीं कर सकता। आप देखिए कि आपने अधिकारियों पर किस तरह के आरोप लगाए हैं।' सुकेश चंद्रशेखर और उसकी पत्नी मनी लॉन्ड्रिंग और कई लोगों के साथ धोखाधड़ी के आरोप में जेल में बंद है।

# 'एसी-टीवी उठा ले गए'

## रविंद्र नेगी ने मनीष सिसोदिया पर लगाया बड़ा आरोप

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज से भाजपा विधायक रविंद्र सिंह नेगी (रवि नेगी) ने आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक और उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया पर बड़ा आरोप लगाया है। मौजूदा विधायक ने एमएलए दफ्तर का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि मनीष सिसोदिया विधानसभा कैंप कार्यालय से एसी, टीवी, टेबल और कुर्सी चोरी करके ले गए हैं।

भाजपा विधायक रविंद्र नेगी ने अपने आधिकारिक एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि आम आदमी पार्टी से पटपड़गंज के पूर्व विधायक मनीष सिसोदिया ने चुनाव से पहले ही अपना असली चेहरा दिखा दिया था। विधानसभा कैंप कार्यालय से जिसमें एसी, टीवी, टेबल, कुर्सी और पंखे जैसे सामान चुराए गए।

विधायक रविंद्र नेगी ने आगे लिखा कि इनकी भ्रष्टाचार की हदें अब भी पार नहीं हुईं। अब ये अपनी असलियत और चोरी छिपाने की राजनीति में माहिर हो गए हैं। हम जनता के हक की रक्षा करेंगे और ऐसे भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करेंगे। आगे कहा कि हम इस मामले में मनीष सिसोदिया को कानूनी नोटिस भेजने वाले हैं। दिल्ली में करीब 26 साल बाद भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। ऐसे में चुनाव परिणाम आने के बाद भी भाजपा और आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। दिल्ली की पटपड़गंज विधानसभा सीट से भाजपा ने इस बार जीत दर्ज की। रविन्द्र सिंह नेगी ने आम आदमी पार्टी के अवध ओझा को 28072 वोट से हरा दिया।

# रोने वाले बच्चे की तरह बर्ताव कर रहे राहुल : धर्मेंद्र प्रधान



नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीईसी कि नियुक्ति पर आलोचना को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह रोने वाले बच्चों की तरह काम कर रहे हैं, जबकि कोई नियम या कानून नहीं तोड़ा गया है। प्रधान ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कांग्रेस ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए अपनी सुविधानुसार संविधान को कई बार कुचला। कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर का उपहास करने और उनका अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ा, फिर भी कांग्रेस के युवराज बाबा साहब और हमारे संस्थापक नेताओं के आदर्शों को कायम रखने का दुस्साहस कर रहे हैं। प्रधान ने कहा, राहुल का यह ताजा तमाशा सीईसी की नियुक्ति पर विवाद पैदा करने और दुष्प्रचार का एक और प्रयास है। उन्होंने पूछा कि क्या राहुल गांधी भूल गए हैं कि कांग्रेस के शासन के दौरान चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कैसे की जाती थी? दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस सरकार ने चयन तंत्र में सुधार के लिए कुछ क्यों नहीं किया? शिक्षा मंत्री ने आगे कहा, वास्तव में, यह पहली बार है कि सीईसी की नियुक्ति संसद में पारित कानून के माध्यम से की गई है।

# घरेलू हिंसा अधिनियम : सुप्रीम कोर्ट ने डिफॉल्टर राज्यों को दिया कड़ा संदेश

## रिपोर्ट न देने पर जुर्माना भी

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को घरेलू हिंसा कानून के क्रियान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल न करने के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फटकार लगाई है और 5,000 रुपये का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार सप्ताह का समय दिया है, साथ ही चेतावनी दी कि अगर वे रिपोर्ट दाखिल नहीं करते हैं, तो अगली बार जुर्माना दोगुना हो जाएगा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को तय की है।

मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने यह आदेश तब दिया जब याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं की। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले 2 दिसंबर 2024 को आदेश दिया था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस कानून के कार्यान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। 17 जनवरी को कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल करने की समय सीमा 14 फरवरी तक बढ़ा दी थी।

# एनएफआरए की कंपनियों-फर्मों की होगी जांच

## > शीर्ष अदालत दंड संबंधी शक्तियां भी जांचेगी

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट और अकाउंटिंग फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी करने, जांच करने और कदाचार के लिए दंडित करने की शक्ति के बारे में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) की याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया। एनएफआरए ने 7 फरवरी को दिए गए एक फैसले में दिल्ली हाईकोर्ट के कुछ निर्देशों पर आपत्ति जताते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 132(4) की वैधता को बरकरार रखा, जो एनएफआरए को किसी भी ऑडिट के संबंध में व्यक्तिगत भागीदारों और सीए के साथ-साथ ऑडिटिंग फर्मों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का अधिकार देता है। हालांकि, इस फैसले में कई ऑडिटिंग फर्मों, जैसे डेलॉइट हास्किन्स एंड सेल्स एलएलपी और फेडरेशन ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को इस आधार पर रद्द कर दिया कि एनएफआरए की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया में स्पष्ट रूप से तटस्थता और निष्पक्ष मूल्यांकन के गुणों का अभाव था। हाईकोर्ट ने कहा कि एनएफआरए के वही अधिकारी, जो ऑडिटिंग फर्मों और सीए को कारण बताओ नोटिस जारी करते हैं, मुद्दों की जांच के बाद दंड पर फैसला नहीं दे सकते। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने एनएफआरए की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर ध्यान देने के बाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ एनएफआरए की याचिका पर ऑडिटिंग फर्मों और अन्य को नोटिस जारी किया।

# आईटीबीपी के बाद बीएसएफ के इंस्पेक्टरों ने जीती अदालती लड़ाई

## > मिला सहायक कमांडेंट वाला 5400 का 'ग्रेड पे'

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को लेकर सरकार दोहरी नीति अपना रही है। पहले खुद कहती है कि ये बल तो 'भारत संघ के सशस्त्र बल' हैं। जब दिल्ली हाईकोर्ट इसी आधार पर इन बलों को ओपीएस में शामिल करने का फैसला देता है तो केंद्र सरकार उसे नहीं मानती। सरकार, उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चली जाती है। अब इसी तरह के दूसरे केस सामने आ रहे हैं। वित्त मंत्रालय के 2008 में जारी एक कार्यालय ज्ञापन 'ओएम' में कहा गया था कि जिन कर्मियों का 4800 रुपये का 'ग्रेड पे' है और उन्होंने इसमें चार साल की नौकरी कर ली है तो उनका ग्रेड पे 5400 रुपये हो जाएगा। यह बात केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में स्वत: ही लागू नहीं होती।

इसे लागू कराने के लिए अदालतों का सहारा लेना पड़ता है। गत वर्ष आईटीबीपी के इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने दिल्ली कोर्ट से यह लड़ाई जीती थी, अब बीएसएफ के लगभग सवा सौ इंस्पेक्टरों ने अदालत से अपने हक में आदेश जारी कराया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने गत सप्ताह सीमा सुरक्षा बल के इंस्पेक्टरों को 5400 रुपये वाला 'ग्रेड पे' देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने संबंधित विभाग को दो माह के अंदर यह आर्डर पारित करने के लिए कहा है।



*थरूर ने मोदी और केरल सरकार की तारीफ की*

# केरल कांग्रेस बोली-पार्टी की उम्मीद को ठेस नहीं पहुंचाना चाहिए, कार्यकर्ताओं को धोखा न दें




तिरुवनंतपुरम, 18 फरवरी (एजेंसियां)। केरल कांग्रेस के मुखपत्र ने बिना नाम लिए सांसद शशि थरूर पर को नसीहत दी है। वीक्षणम डेली के संपादकीय में लिखा कि लोकल बॉडी इलेक्शन चुनाव से पहले पार्टी की उम्मीद को ठेस नहीं पहुंचाना चाहिए। आगामी चुनावों से पहले हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं की उम्मीदों को धोखा न दें।

दरअसल, थरूर ने 15 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मीटिंग की तारीफ की थी। इसके अलावा उन्होंने केरल के स्टार्टअप सेक्टर की भी तारीफ की थी, जिसे राज्य की वामपंथी सरकार की उपलब्धि के रूप में देखा गया।

**मुखपत्र में केरल के औद्योगिक नीति की आलोचना**

मुखपत्र के संपादकीय में केरल सरकार के औद्योगिक उपलब्धियों पर सवाल उठाया गया। इसमें अहिंसा पुरस्कार जल्लाद के शीर्षक से लिखा गया कि केरल के औद्योगिक क्षेत्र को नष्ट कर दिया गया। इस लेख में पूर्व मुख्यमंत्री आर शंकर, सी अच्युत मेनन, के करुणाकरण, एके एंटनी और ओमन चांडी के कार्यकाल में औद्योगिक विकास का जिक्र किया गया। इसके अलावा थरूर के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्री पर दिए गए बयान को भी निशाने पर लिया गया है। संपादकीय में लिखा गया कि पीएम मोदी की और डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह सिर्फ छवि सुधारने का प्रयास है। एक तरफ थरूर के बयान की कांग्रेस ने आलोचना की तो केरल सरकार ने उनके विचारों का समर्थन किया। वहीं, प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) अध्यक्ष के सुधाकरण ने सरकार पर आंकड़ों की हेराफेरी करने का आरोप लगाया है।

**थरूर बोले-मैं पार्टी का प्रवक्ता नहीं**

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने 15 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मीटिंग को लेकर तारीफ की थी। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए थरूर ने कहा था- अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के तरीकों पर पीएम मोदी ने सवाल ध्यान क्यों नहीं दिया गाय। क्या प्रधानमंत्री ने बंद कमरे में इस बात को उठाया। हालांकि मैं इस बात का स्वागत करता हूं कि अब व्यापार और शुल्कों पर अगले 9 महीनों के लिए बातचीत के लिए एक समझौता हुआ है। हमें डर था कि अमेरिका जल्दबाजी में कुछ निर्णय ले सकता, जो हमारे निर्यात पर असर कर सकता है।

उन्होंने कहा था- मैं एक भारतीय के रूम में इसकी सराहना करता हूं। इस विशेष मामले में, मैं पूरी तरह से राष्ट्रीय हित में बोल रहा हूं। हम हमेशा केवल पार्टी हित के संदर्भ में ही बात नहीं कर सकते। मैं पार्टी प्रवक्ता नहीं हूं। मैं तिरुवनंतपुरम के लोगों द्वारा चुना गया सांसद हूं और इस आधार पर मैं भारतीय लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण हितधारक के रूप में बात करता हूं।

# ओडिशा के कॉलेज में नेपाल की स्टूडेंट का शव मिला

> लड़के पर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप

भुवनेश्वर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में एक नेपाली छात्रा का शव मिला है। ओडिशा पुलिस का कहना है कि भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) के होस्टल में रविवार शाम को बी-टेक थर्ड ईयर की छात्रा का शव मिला था। पुलिस के मुताबिक, प्रकृति लामसाल ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। घटना के खिलाफ कैंपस में नेपाल के छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि प्रकृति के बैच का ही एक भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह उसका बॉयफ्रेंड था। शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। स्टूडेंट के चचेरे भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भारतीय छात्र को हिरासत में लिया है। सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल है, जिसमें एक लड़की और एक लड़के बीच कॉल पर बात हो रही है। लड़का उस लड़की को लगातार फोन पर लड़की गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। दोनों के बीच किसी मुद्दे को लेकर बहस हो रही है।

लड़का लड़की से माफी मांगने के लिए कहता है। इस पर युवती लड़के से माफी मांग लेती है। दोनों के बीच लंबी बहस के बाद, लड़की रोने लगती है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि यह कॉल रिकॉर्डिंग प्रकृति और आरोपी लड़के के बीच बातचीत की है। भुवनेश्वर के डीसीपी पिनाक मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने एक स्टूडेंट पर सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोपी छात्र पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मृतक स्टूडेंट का मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य गैजेट जब्त कर लिए गए हैं।

# सिख दंगा-सज्जन की सजा का ऐलान टला

## पीड़ित पक्ष ने फांसी मांगी, 21 फरवरी को सुनवाई; पिता-पुत्र की हत्या में दोषी हैं



नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। 1984 सिख दंगा के एक केस में सज्जन कुमार को आज दिल्ली की राउज एवेन्ययू कोर्ट में सजा सुनाई जानी थी, जो टाल दी गई। यह मामला दिल्ली के सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। दरअसल आज सजा के ऐलान से पहले पीड़ित पक्ष ने सज्जन को फांसी की सजा देने की अपील की। इसके बाद कोर्ट ने सजा नहीं सुनाई, अब इस केस की सुनवाई 21 फरवरी को होगी। 41 साल पहले हुए सिख दंगों के दौरान सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। 6 दिन पहले 12 फरवरी को कोर्ट ने सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था और कहा था कि सजा का ऐलान 18 फरवरी को किया जाएगा।

**वकील ने निर्भया केस का हवाला दिया**

बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने कहा कि निर्भया केस की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए, इस मामले में सजा-ए-मौत दी जाए। वकील ने कोर्ट में लिखित में अपना हलफनामा पेश किया। दिल्ली दंगों में सज्जन के खिलाफ 3 से ज्यादा केस चल रहे हैं। एक में वे बरी हो चुके हैं। दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिलहाल सज्जन तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा, हत्या और डकैती के आरोप में आईपीसी की धारा 147, 149, 148, 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436, 440 के तहत केस दर्ज किया गया था।

**पहले तीन बार टल चुका है फैसला**

31 जनवरी 2025 को हुई सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार पर फैसला टाल दिया था। इससे पहले 8 जनवरी और 16 दिसंबर 2024 को भी फैसला टाला गया था। दोनों बार विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में तिहाड़ में बंद सज्जन कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुआ था। दिसंबर 2021 को सज्जन कुमार ने इस मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए ट्रायल का सामना करने की बात कही थी।

# खबरें जरा हटके

## छोटी उम्र में बड़ा ज्ञान...मजदूर की बेटी मुंह जबानी बताती है वैज्ञानिकों के नाम और खोज



### लोग रह गए हक्के-बक्के!

जौनपुर जिले के प्राथमिक विद्यालय नाथूपुर की एक छात्रा इन दिनों सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है. उसकी अद्भुत मेधा और विज्ञान के प्रति गहरी समझ ने सभी को हैरान कर दिया है. यह नन्ही बच्ची आत्मविश्वास से भरपूर होकर दुनिया के महान वैज्ञानिकों के नाम और उनके आविष्कारों को गिनाती है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वह विज्ञान से जुड़े तथ्यों को बिना रुके और स्पष्ट रूप से शेयर करती नजर आ रही है. खास बात ये है कि इस बच्टी के मां-बाप दोनों मजदूर हैं. 13 साल की ये बच्ची क्लास सिक्स में पढ़ती है. इस छात्रा का विज्ञान के प्रति जुनून और गहरा ज्ञान लोगों को हैरान कर रहा है. वीडियो में वह न्यूटन, आइंस्टीन, गैलीलियो, टेस्ला, एडिसन, सी.वी. रमन और जगदीश चंद्र बोस जैसे महान वैज्ञानिकों के नाम गिनाने के साथ ही उनके आविष्कारों और खोजों की विस्तार से जानकारी देती है. उसकी धाराप्रवाह और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति ने हर किसी को प्रभावित किया है.

**सोशल मीडिया पर हो रही है जमकर तारीफ**

छात्रा के इस ज्ञानवर्धक वीडियो को सोशल मीडिया पर लाखों लोग देख चुके हैं. यूजर्स इसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं और इसे खूब शेयर भी कर रहे हैं. कई शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने भी इस बच्ची की मेधा की सराहना की है. विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि यह छात्रा शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही है और विशेष रूप से विज्ञान में गहरी रुचि रखती है. विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद शुक्ला ने कहा, "हमारी यह छात्रा हमेशा विज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछती है और नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक रहती है. हमें गर्व है कि हमारे स्कूल में ऐसी प्रतिभाशाली छात्रा है."

## अजूबा से कम नहीं ये 'पाताल तोड़ कुआं', बिना मोटर, बिना बोर सालभर बहता है रहस्यमयी पानी, स्वाद भी लाजवाब



छत्तीसगढ़ का हिल स्टेशन कहे जाने वाला सरगुजा अक्सर अपनी हसीन वादियों और आदिवासी संस्कृति के लिए देशभर में सुमार है. ऐसे में अम्बिकापुर शहर से लगा ग्रामीण इलाका मैनपाट की बात करें, तो यहां तिब्बती संस्कृति की झलक पाने लोग यहां पहुंचते हैं. लेकिन जब देश आजाद हुआ, तब यहां केवल आदिवासी लोग रहा करते थे. लेकिन फिर चीन ने तिब्बत देश पर कब्जा किया, तो किसी देश ने तिब्बतियों को रहने के लिए जगह नहीं दिया. फिर क्या थी, उस वक्त देश की महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी ने तिब्बती लोगों को भारत के अलग-अलग हिस्सों में शरण दी.

**तिब्बतियों का यहां पुनर्वास**

ऐसे में मौसम के लिहाज से छत्तीसगढ़ का अम्बिकापुर पहले से ठंड के लिए जाना जाता था, तो यहां तिब्बतियों को रहने के लिए मकान और जीवन यापन करने के लिए जमीन दिया गया, जिसको पुनर्वास कहते हैं. इनको शरणार्थी के तौर पर जाना जाता है. ऐसे में जब यहां तिब्बती रहने लगे, तो पहले मुलभूत सुविधा यानी बिजली, पानी की कोई सुविधा नहीं थी. ऐसे में सरगुजा के मैनपाट के ग्राम रोपाखार में स्थित पातालनुमा पानी के पझरे को एक टंकी बनाया गया. तब से आज़ भी ये वैसा ही है. यहां पानी बिना किसी इलेक्ट्रिक साधनों के मोटर, बोर की तरह रोजाना बिना रूके बहता है, जो आपको सालभर वैसा ही बहता दिखेगा. यही वजह है कि अब इसको पर्यटन के लिहाज से और विकसित किया जा रहा है. यह पानी काफी ज्यादा ठंडा है, जिसको तिब्बती लोग पीते भी थे. कहा जाता है कि पानी ठंडा तो है ही, लेकिन बेहद स्वादिष्ट पानी है. इसके सामने फिल्टर वाला पानी भी फेल नज़र आता है.अब इस पातालतोड़ कुआं के आसपास लोग बस गए, जो आज़ कल इस पाताल तोड़ कुआं के पानी का अपने रोजमर्रा के जीवन में उपयोग कर रहे हैं. यही वजह है कि यहां रहने वाले लोगों को पानी के लिए बोर की आवश्यकता नहीं पड़ती.

## 30 हजार में 'अमर' होने की किट बेच रहा है अरबपति सुबह 9 बजे डिनर, 100 सप्लीमेंट, दावा है उम्र थामने का!



जन्म और मृत्यु जीवन के दो पहलू हैं, जिस पर किसी का भी कोई वश नहीं है. इंसान किसी भी पोज़िशन पर हो या उसने कितने भी पैसे कमा डाले हों, मौत को कोई टाल नहीं सकता और न ही बढ़ती हुई उम्र को पीछे धकेल सकता है. जैसे-जैसे उम्र खत्म होती जाती है, इंसान के इस दुनिया से जाने का वक्त भी नज़दीक आता जाता है. हालांकि ब्रायन जॉनसन नाम का अमेरिकन अरबपति सीधे मौत को चुनौती दे रहा है. ब्रायन जॉनसन ने अमर होने की ज़िद पाल रखी है. इसके लिए वो हर काम कर रहा है, जो पैसे, तकनीक और शरीर के बल पर किया जा सकता है. वो अपनी बेशुमार दौलत को सिर्फ इस रिसर्च में लगा रहा है कि उसे किस तरह अमर हो जाना है. अब अपने एक्सपीरियंस को दूसरों तक पहुंचाने और उन्हें भी अपनी उम्र लंबी करने के लिए ब्रायन जॉनसन ने एक समिट रखा, जिसका नाम डोन्ट डै समित रखा गया.

**'अमर' होने की दवाई ले लो**

न्यूयॉर्क के जेविट्स सेंटर में आयोजित इस सेमिनार में ब्रायन जॉनसन ने लोगों के बीच आकर उम्र को पीछे धकेलने के बारे में जानकारी दी. उनके इस समिट में शामिल होने के लिए $349 यानि 30,342 रुपये का टिकट खरीदना था. इसके अंदर उन्हें ब्रायन जॉनसन वाला अल्ट्रा क्लीन लंच सर्व किया गया, जिसमें एडोबो स्टीक, किनोवा और भुनी हुई सब्जियां शामिल थीं. इसके साथ उन्हें अरबपति का लॉन्गेविटी मिक्स भी पिलाया गया, जो चमकीले गुलाबी रंग का था. ये अलग-अलग पाउडर्स का मिश्रण हैं, जो पानी में डालने के बाद थोड़ा कड़वा लगता है. इतना ही नहीं एक्स्ट्रा वर्जिन ऑयल, मशरूम पाउडर और स्नेक ऑयल नाम का एक तेल भी ऑफर किया गया. इसके अलावा उनका ब्लड टेस्ट भी हुआ, जिसमें उन्हें ये पता चला कि उनके फेफड़ों, दिल, लिवर, दिमाग और दूसरे ऑर्गन्स की उम्र कितनी हो चुकी है. ब्रायन जॉनसन हर साल 1 करोड़ 74 लाख रुपये सिर्फ इसी वेंचर में लगाते हैं. उनकी दिनचर्या भी काफी सख्त है. सुबह 4.30 बजे जागने के बाद अगले 4 घंटे में ही वो जो खाना है, वो खा लेते हैं. सुबह के 9 बजे उनका आखिरी खाना हो जाता है.

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की वजह सामने आई



## आरपीएफ की रिपोर्ट-कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हादसा हुआ

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। घटना को लेकर आरपीएफ की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हादसा हुआ है।

आरपीएफ ने घटना के एक दिन बाद यानी 16 फरवरी को दिल्ली जोन को एक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें बताया गया है कि 15 फरवरी, रात करीब 8.45 बजे घोषणा की गई कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर 12 से रवाना होगी। कुछ देर बाद एक और घोषणा की गई कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 से रवाना होगी। इसके बाद भगदड़ की स्थिति पैदा हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस समय मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर, उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 15 पर खड़ी थी। प्रयागराज एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों की भीड़ भी प्लेटफॉर्म 14 पर मौजूद थी।

यानी तीन ट्रेनों के आने-जाने वालों की भीड़ प्लेटफॉर्म पर पहले से मौजूद थी। घोषणा सुनकर यात्री प्लेटफॉर्म 12-13 और 14-15 से फुटओवर ब्रिज 2 और 3 के जरिए सीढ़ियां चढ़ने की कोशिश करने लगे। इस दौरान मगध एक्सप्रेस, उत्तर संपर्क क्रांति और प्रयागराज एक्सप्रेस के यात्री सीढ़ियों से उतर रहे थे। धक्का-मुक्की के बीच कुछ यात्री फिसलकर सीढ़ियों पर गिर गए और भगदड़ मच गई।

# कांग्रेस नेता अतुल लोंढे ने मुख्य चुनाव आयुक्त को बताया 'कव्वालीवाला'

*कहा-जल्दबाजी में हुई नियुक्ति*



मुंबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता अतुल लोंढे ने देश के नव नियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कव्वालीवाला कहा है। साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को शेर-ओ-शायरी वाला भी बताया। अतुल लोंढे ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, शेर-ओ-शायरी वाला गया और कव्वालीवाला आ गया। संभावना है कि सरकार की इच्छा के अनुरूप काम होता रहेगा। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं, जिन पर सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय ने 19 फरवरी की तारीख तय की है। इस मामले पर बात करते हुए अतुल लोंढे ने आगे कहा, जिस तरह सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है, उसके बाद क्या नतीजा निकलेगा, इसका किसी को अंदाजा नहीं है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले जल्दबाजी में यह बैठक की गई और उच्चतम न्यायालय की 19 तारीख की सुनवाई की अनदेखी की गई, जो संविधान और राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ है। मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय पैनल की बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए थे।

# केरल के एक और सरकारी कॉलेज में रैगिंग

**छात्र का आरोप सीनियर्स ने पार की क्रूरता की सारी हदें**

तिरुवनंतपुरम, 18 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के एक और सरकारी कॉलेज में छात्र से रैगिंग का मामला सामने आया है। छात्र ने अपने सीनियर्स पर क्रूर रैगिंग करने का आरोप लगाया है। करयावट्टोम सरकारी कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष के छात्र बिन्स जोस ने आरोप लगाया कि 11 फरवरी को कॉलेज परिसर में सात सीनियर छात्रों ने उससे मारपीट की, धमकाया और परेशान किया। छात्र ने पुलिस और कॉलेज के अधिकारियों से शिकायत की है।

पीड़ित छात्र ने कहा कि वह और उसका दोस्त अभिषेक कैंपस से गुजर रहे थे। इस बीच सीनियर छात्रों के एक समूह ने उनको रोका और पीटना शुरू कर दिया। मेरा दोस्त वहां से भाग गया और प्राचार्य को सूचना दी। सीनियर्स ने उसे बांस के डंडे और बेल्ट से पीटा। छात्र ने कहा कि इसके बाद उसे यूनिट रूम में ले जाकर बंद कर दिया गया। मेरी शर्ट उतार दी गई और मुझे घुटने के बल बिठा दिया गया। छात्र ने आरोप लगाया कि जब मैने पीने के लिए पानी मांगा तो एक सीनियर से आधे भरे गिलास में थूका और मुझे पीने को दिया। यह बेहद डरावना और भयावह अनुभव था। छात्र ने आरोप लगाया कि सीनियर्स ने उसे घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी को इस बारे में बताया तो अच्छा नहीं होगा। साथ ही अपने दोस्त के खिलाफ पिटाई करने की शिकायत दर्ज कराने के लिए दबाव डाला। कझाकूट्टम पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी की घटना को लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हमने केरल रैगिंग प्रतिबंध अधिनियम के तहत कॉलेज प्राचार्य से जांच रिपोर्ट मांगी थी। हमने पूछा था कि छात्र की शिकायत के आधार पर जांच करके बताएं कि क्या संस्थान में रैगिंग हुई थी? प्राचार्य ने सोमवार को रिपोर्ट सौंप दी है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने हमें रिपोर्ट सौंप दी है। इसमें छात्र की शिकायत में उठाए गए मुद्दे सही पाए गए हैं। हमने शिकायत मिलने के बाद मुकदमे में रैगिंग की धाराएं जोड़ दी हैं। रिपोर्ट जल्द ही कोर्ट में जमा कर दी जाएगी और निर्देशों के आधार पर कार्रवाई जाएगी।

बीते गुरुवार को कोट्टायम सरकारी नर्सिंग कॉलेज एक जूनियर छात्र के साथ बहुत ही क्रूर रैगिंग का मामला सामने आया था। रैगिंग के मामले के चलते राज्य भर में आक्रोश का माहौल था। पीड़ित छात्र को खाट से बांध दिया गया और कंपास से बार-बार छेदा गया था। उसे अर्धनग्न करके उसके साथ बहुत ही भयानक कृत्य किए गए। इस मामले में पांच छात्रों को गिरफ्तार किया गया था।

# फर्जी अधिकारी बनकर लाखों की चपत लगाने वाली महिला गिरफ्तार

ऊना, 18 फरवरी (एजेंसियां) फर्जी अधिकारी बनकर कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाली महिला को हिमाचल प्रदेश के थाना ऊना सदर की टीम ने सिरमौर के पांवटा साहिब से गिरफ्तार किया है। महिला ठगी के बाद लगातार ठिकाने बदल रही थी। कभी चंडीगढ़, तो कभी पांवटा साहिब में रह रही थी। पुलिस को पुख्ता सूचना मिलने पर टीम ने पांवटा साहिब में दबिश देकर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। उधर, पुलिस ने आरोपी महिला को अदालत में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मोनिका देवी पत्नी शशिकांत निवासी कुरियाला तहसील व जिला ऊना ने अप्रैल 2024 में पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि 18 मार्च 2024 को वह अपने बेटे के साथ दोस्त संजीव के घर चंद्रलोक कॉलोनी मोहल्ला ऊना गई थी।

# अश्लील कमेंट-यूट्यूबर अलाहबादिया को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

## इनके दिमाग में गंदगी; केंद्र से कहा-एक्शन लीजिए, वरना हम चुप नहीं बैठेंगे




नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अश्लील कमेंट मामले में रणवीर अलाहबादिया की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने अलाहबादिया को गिरफ्तारी से राहत दे दी, लेकिन उन्हें जमकर फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है। इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा कि अलाहबादिया के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, लेकिन अब उनके खिलाफ इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा। रणवीर अलाहबादिया पर आरोप था कि उन्होंने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका में 3 बातें कही थीं। पहली- देशभर में दर्ज एफआईआर पर एक जगह सुनवाई। दूसरा- गिरफ्तारी से राहत मिले। तीसरी बात यह थी कि उन्हें धमकाया जा रहा है। बेंच ने कोर्ट में मौजूद अटॉर्नी सॉलिसिटर जनरल से कहा, ऐसे यू-ट्यूबर्स के मामले सामने आ रहे हैं, क्या केंद्र सरकार कुछ करना चाहती है। अगर वे खुद ही कुछ करते हैं तो बहुत अच्छी बात है, वरना हम यहां गैप नहीं छोड़ सकते। सो-कॉल्ड यूट्यूब चैनल इसका दुरुपयोग कर रहे हैं और तमाम चीजें सामने आ रही हैं, इसलिए हमने नोटिस इश्यू किया है।

# राजीव कुमार ने देश की चुनाव प्रणाली का तमाशा बना दिया : संजय राउत



मुंबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मंगलवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी बातें रखी। संजय राउत ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के संदर्भ में कहा कि राहुल गांधी चयन समिति का हिस्सा हैं। उन्होंने इसे लेकर खुलकर अपनी बात रखी है। उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजीव कुमार ने देश में चुनाव की प्रणाली का तमाशा बनाकर रख दिया था, जिसे एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में कभी भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वे अब चले गए हैं, तो अब यह देखने वाली बात होगी कि ज्ञानेश कुमार इस तमाशे को बंद करते हैं या इसे चलने देते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से राजीव कुमार ने देश का नुकसान किया है, उसे देखते हुए इतिहास उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। आपने जिस तरह से महाराष्ट्र में बेईमान लोगों को मान्यता दी है, उसे लेकर इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने शिंदे गुट के विधायकों की सुरक्षा कम किए जाने के संबंध में कहा कि अब हम इसमें क्या टिप्पणी कर सकते हैं। यह उनके क्षेत्राधिकार का मामला है। अब अगर मुख्यमंत्री को लगता है कि वे किसी की सुरक्षा को कम कर सकते हैं, तो वे कर सकते हैं। वे इसके लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। संजय राउत ने सवाल किया कि शिंदे गुट की शिवसेना हमेशा डींग हांकती रहती है कि हम किसी से नहीं डरते हैं। ये लोग यहां तक भी दावा करते हैं कि उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना खत्म हो चुकी है। मैं इन लोगों से पूछना चाहता हूं कि अगर वाकई में उद्धव गुट की शिवसेना समाप्त हो चुकी है, तो आपको किस बात का डर लग रहा है। आखिर आप फिर क्यों अपने पीछे चार-चार गाड़ियां लेकर घूम रहे हैं? आपको किस बात का डर लग रहा है? उन्होंने शिंदे गुट की शिवसेना पर निशाना साधते हुए कहा कि आप इस बात को खारिज नहीं कर सकते हैं कि आपको डर लग रहा है।

**सुविचार**
हंसना हंसाना कोशिश है मेरी हर कोई खुश रहे यह चाहत है मेरी, भले ही कोई मुझे याद करे या ना करे लेकिन हर अपने को याद करना आदत है मेरी!

## प्रभारी मंत्री पोन्नम ने रमजान व्यवस्थाओं की समीक्षा की



हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तत्वावधान में डॉ. बीआर अंबेडकर सचिवालय के छठे तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में 2 मार्च से शुरू होने वाले रमजान माह के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर मौजूद रहे। बैठक में रमजान माह के दौरान उठाए जाने वाले कदमों के बारे में निर्देश दिए गए. जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने कहा कि रमजान के महीने में शहर में विशेष उपाय किये जा रहे हैं। मस्जिदों और ईदगाहों पर विशेष स्वच्छता टीमें बनाई जा रही हैं। जीएचएमसी आयुक्त ने कहा कि स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की जाएगी और अस्थायी लाइटें लगाई जाएंगी। सड़कों की मरम्मत का काम पूरा होने की बात सामने आयी है. मक्का मस्जिद, रॉयल मास्क और मिरलम ईदगाह में विशेष उपाय किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। बताया गया है कि रात में मच्छरों से बचाव के लिए जीएचएमसी कीटविज्ञान टीम द्वारा फॉगिंग की जा रही है। मस्जिदों में प्लास्टिक कवर बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को मिलाकर एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है और विशेष अधिकारियों की नियुक्ति कर समन्वय स्थापित किया गया है। मस्जिदों और ईदगाहों में पानी के पैकेटों में पानी की व्यवस्था की जाती है, पीने के पानी की जरूरतों के लिए विशेष टैंकरों की व्यवस्था की जाती है। वाटर वर्क्स के एमडी अशोक रेड्डी ने कहा कि मस्जिदों के रास्ते में नालों की मरम्मत का काम पूरा किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि गर्मी के दौरान बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए रमजान माह में मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। पता चला है कि आपूर्ति कम हो इसके लिए समय-समय पर उपाय किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किये जा रहे हैं कि मस्जिदों और ईदगाहों पर बिजली आपातकालीन कर्मचारी 24 घंटे उपलब्ध रहें। अधिकारियों ने खुलासा किया कि आर एंड बी विभाग मस्जिदों में तंबू लगाने और कतारों के लिए बैरिकेड्स लगाने के लिए भी तैयार है। डेयरी अधिकारियों ने बताया कि रमजान माह की पृष्ठभूमि में लोगों को पर्याप्त दूध की आपूर्ति की जाएगी ताकि उन्हें दूध की समस्या न हो। जेएडी अधिकारियों ने बताया कि मुस्लिम कर्मचारियों को शाम चार बजे ड्यूटी खत्म करने का आदेश पहले ही जारी किया जा चुका है। विधायकों और विधान पार्षदों ने पुलिस अधिकारियों से यातायात को नियंत्रित करने और आधी रात तक सड़क पर कारोबार करने की अनुमति देने की अपील की है, ताकि रमजान त्योहार के दौरान लोगों को खरीदारी में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि रमजान त्योहार के दृश्य से यातायात के नाम पर समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।

## स्टार्टअप विकास के लिए राज्य सरकार का एक और अहम समझौता



हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्टार्टअप के विकास के लिए राज्य सरकार ने एक और अहम समझौता किया है। टी हब ने अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप साझेदारी के लिए ब्राजील के गो अस हब के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और आईटी मंत्री श्रीधर बाबू ने मंगलवार को एचआईसीसी में गो अस हब के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। बाद में, टी हब फाउंडेशन के सीईओ सुजीत और ब्राजील के गो अस हब राज्य के विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार सचिव जोस प्रेडेरिको लीरा नेट्टो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से तेलंगाना के स्टार्टअप को ब्राजील में और ब्राजील के स्टार्टअप को हमारे राज्य में अवसर मिलेंगे। सहयोग मुख्य रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आईटी, कृषि-तकनीक, स्वास्थ्य देखभाल, बायोटेक और खनन के क्षेत्र में है। दोनों संगठन बाजार पहुंच, क्षमता निर्माण, ऊष्मायन, प्रौद्योगिकी साझाकरण और निवेश के अवसरों में सुधार जैसे प्रमुख मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे। यह समझौता हमारे देश और ब्राजील के स्टार्टअप इको-सिस्टम के बीच संबंधों को मजबूत करेगा।

## हवाई अड्डे पर विदेशी मुद्रा की तस्करी करते हुए एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने मंगलवार को एक पुरुष यात्री को विदेशी मुद्रा, सऊदी अरब रियाल और अमेरिकी डॉलर की तस्करी के आरोप में पकड़ा, जिसकी कुल कीमत लगभग 22 लाख रुपये थी। हैदराबाद के रहने वाले आमिर अहमद नामक यात्री को दुबई जाना था। उसने अपने सामान में विदेशी मुद्रा छिपा रखी थी। जानकारी के अनुसार, एयरपोर्ट अधिकारियों को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं और उसे हिरासत में ले लिया गया। इसके अलावा, सामान की जांच करने पर विदेशी मुद्रा बरामद हुई और उसे जब्त कर लिया गया। सीमा शुल्क अधिकारियों ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## एमडी ने जोन-3 सीवर नेटवर्क परियोजना कार्यों का किया निरीक्षण



हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) के प्रबंध निदेशक, अशोक रेड्डी ने मुख्य शहर में सीवेज प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए किए गए जोन-3 सीवर नेटवर्क परियोजना कार्य का निरीक्षण किया। करवन विधायक कौसर मोहिउद्दीन के साथ उन्होंने समस्याग्रस्त क्षेत्रों में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल ने टोलीचौकी फ्लाईओवर मुख्य सड़क पर बिना किसी बाधा के किए जाने वाले जंक्शन कार्य पर चर्चा की।

अशोक रेड्डी ने कहा कि सुरंग निर्माण का कार्य, जो लगभग 8 से 11 मीटर की गहराई पर किया जा रहा है, को व्यस्त समय के अलावा अन्य अवकाश के दिनों में किया जाना चाहिए ताकि लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

पास के 7 मकबरों की ओर जाने वाली सड़क पर भूमिगत सुरंग के काम का भी निरीक्षण किया गया और आदेश जारी किए गए कि काम दो शिफ्टों में किया जाए ताकि मार्च के पहले सप्ताह तक यह हिस्सा पूरा हो जाए। बाद में, उन्होंने एमडी लाइंस, गुडीमलकापुर और अन्य क्षेत्रों में चल रहे पाइपलाइन विस्तार कार्यों की समीक्षा की।

ज़ोन-3 सीवर नेटवर्क परियोजना मूसी नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित मुख्य शहर में सीवरेज प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए शुरू की गई थी। जल बोर्ड जोन-3 सीवर नेटवर्क परियोजना के तहत 297 करोड़ रुपये की लागत से गोशामहल, नामपल्ली, कारवान और जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्रों में 33.50 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हुए कुल 135 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन का निर्माण कार्य कर रहा है।

## अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई : सीपी राचकोंडा



हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा सीपी जी. सुधीर बाबू आईपीएस, डीसीपी भोनगिरी एम. राजेश चंद्रा, एएसपी के. राहुल रेड्डी आईपीएस प्रभारी भोनगिरी डिवीजन के साथ अलैर पेड्डावगु का औचक दौरा किया।मीडिया से बात करते हुए, सीपी जी. सुधीर बाबू ने अवैध रेत खनन और परिवहन में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए राचकोंडा पुलिस की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हैं। सीपी ने कहा कि, अब तक 50 हजार टन से अधिक मिट्टी जब्त की गई है, और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। सीपी ने आगे कहा कि राचकोंडा पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि ये अवैध गतिविधियाँ बंद हों, पर्यावरण की सुरक्षा हो और कानून का पालन हो। राचकोंडा सीपी सुधीर बाबू ने यदाद्री डीसीपी राजेश चंद्र आईपीएस और अन्य अधिकारियों के साथ बीबीनगर पुलिस स्टेशन की सीमा में लिगाबस्वसरा मंदिर, पदमति सोमवरम का दौरा किया। सीपी ने मोटाकोंदूर पुलिस स्टेशन और अलेयर चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया। दौरे के दौरान सीपी ने कर्मचारियों को अवैध रेत परिवहन के बारे में सतर्क रहने का निर्देश दिया।

## भूमि अधिग्रहण का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए: आयुक्त इलांबर्ती

हैदराबाद, 18 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क विकास विभाग के तत्वावधान में लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से गोलनाका से अंबरपेट तक सड़क का निर्माण किया गया है। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने अधिकारियों को फ्लाईओवर के लिए अधूरे भूमि अधिग्रहण कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है, जिसका निर्माण कार्य अनुमानित 335 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। मंगलवार की सुबह आयुक्त आरएंडबी ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसई, जीएचएमसी के अतिरिक्त जोनल और इंजीनियरिंग अधिकारियों के साथ फ्लाईओवर से संबंधित अधूरे भूमि अधिग्रहण कार्य का निरीक्षण किया और कई सुझाव दिए। इस अवसर पर बोलते हुए, एस.ई. धर्मारेड्डी ने आयुक्त को बताया कि फ्लाईओवर से संबंधित सिविल कार्य पूरा हो चुका है और सर्विस रोड बिछाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होने के बाद काम जारी रहेगा। इस अवसर पर आयुक्त ने गोलनाका से अम्बरपेट तक अधूरे पड़े भूमि अधिग्रहण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अधूरे पड़े भूमि अधिग्रहण कार्य को पूरा करने के लिए कदम उठाए जाएं। इस यात्रा के दौरान मुस्लिम समुदाय के बुजुर्गों ने आयुक्त को बताया कि वे अधिकारियों को पूर्ण सहयोग देंगे तथा क्षेत्र के विकास में योगदान देंगे। आयुक्त ने कुछ खंडों के निर्माण के लिए अदालत की मंजूरी के मद्देनजर आरएंडबी अधिकारियों को इस तरह के काम जारी रखने का आदेश दिया है। अधिकारियों को विभिन्न खंडों में अधूरे भूमि अधिग्रहण को पूरा करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग आरएंडबी आयुक्त एस.ई. धर्म रेड्डी, अतिरिक्त आयुक्त शिवकुमार नायडू, रघु प्रसाद, क्षेत्रीय आयुक्त रवि किरण, डीसी दिवाकर, क्षेत्रीय एस.ई. रत्नाकर, टाउन प्लानिंग एसीपी दिवाकर, ई.ई. सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता की दिल का दौरा पड़ने से मौत



हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय में मंगलवार दोपहर एक वरिष्ठ अधिवक्ता की बहस करते समय दिल का दौरा पड़ने से कथित तौर पर मृत्यु हो गई। अधिवक्ता पी. वेणुगोपाल राव, जो कोर्ट संख्या 21 में न्यायाधीश के समक्ष अपनी दलीलें पेश कर रहे थे, को अचानक दिल का दौरा पड़ा और वे दोपहर करीब डेढ़ बजे कोर्ट रूम में ही गिर पड़े। जानकारी के अनुसार, अदालत कक्ष में मौजूद अन्य वकील उसे बचाने के लिए दौड़े और उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पूर्व तट रेलवे**

1) निविदा सूचना सं. VSKP-ELG-TL-AC-24-25-WC-15, दिनांक : 11.02.2025

कार्य का नाम: 3 वर्ष के लिए वारंटी से बाहर रुफ माउन्टेड डिजाइन के SG टाइप AC कोच में लगे कंट्रोल पैनल के साथ विभिन्न प्रकार के एसी पैकेज यूनिट के लिए व्यापक रख-रखाव कार्य।

निविदा मूल्य (₹): 1,27,42,743.71, बिड सिक्योरिटी (₹): 2,13,700.00

2) निविदा सूचना सं. VSKP-ELG-TL-AC-24-25-WC-16, दिनांक : 11.02.2025

कार्य का नाम: 3 वर्ष के लिए वारंटी से बाहर रुफ माउन्टेड डिजाइन के LHB टाइप AC कोच में लगे विभिन्न प्रकार के एसी पैकेज यूनिट के लिए व्यापक रख-रखाव कार्य।

निविदा मूल्य (₹): 11,05,43,335.73, बिड सिक्योरिटी (₹): 7,02,700.00

पूरा होने की अवधि : 36 महीने (दोनों निविदा हेतु)

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 05.03.2025 को 1330 बजे, निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक : 05.03.2025 को 1600 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

निविदा दस्तावेज के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

निविदाकारों को इस निविदा के लिए जारी कोई भी शुद्धिपत्र के लिए वेबसाइट देखना जरुरी है।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G), वाल्टियर

PR-993/P/24-25

## जवाहरनगर में अवैध मकानों को ध्वस्त करने के दौरान तनाव

हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जवाहरनगर नगर निगम के अरुंधति नगर में कुछ मकानों सहित कथित अवैध संरचनाओं को गिराने के लिए मंगलवार को अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान हल्का तनाव व्याप्त हो गया।

भारी सुरक्षा तैनाती और पुलिस कर्मियों की टीमों के बीच अधिकारियों ने तोड़फोड़ शुरू की और 15 घरों को ध्वस्त कर दिया।

स्थानीय निवासियों ने अधिकारियों को मकान गिराने से रोकने की कोशिश की, जिसके बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई और स्थानीय लोगों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। निवासियों ने दावा किया कि वे कई सालों से घरों में रह रहे हैं और मकान गिराना सही नहीं है। जवाहरनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया। तोड़फोड़ रोकने की कोशिश करने वाले दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

## कोत्तागुडेम में 2 वन अधिकारी एसीबी के शिकंजे में

कोत्तागुडेम, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एसीबी के अधिकारियों ने मंगलवार को जिले के येलंदु मंडल के कोमाराराम में एक ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए दो वन अधिकारियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी कोमाररम वन रेंज अधिकारी उदय किरण और वन बीट अधिकारी नुनावथ हरिलाल ने सड़क निर्माण के लिए वन रेंज से बजरी के खनन और परिवहन के लिए एक ठेकेदार से 50,000 रुपये की मांग की थी।

ठेकेदार ने आरोपी अधिकारियों को 30,000 रुपये देने पर सहमति जताई और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से संपर्क किया। एसीबी खम्मम रेंज के डीएसपी वाई रमेश और टीम ने स्थानीय वन कार्यालय में छापा मारा और रिश्वत की रकम जब्त करने के अलावा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को वारंगल में एसपीई और एसीबी मामलों की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। एफआरओ और बीट अधिकारी पर पहले भी ठेकेदार से पैसे मांगने और लेने का आरोप है।

**पूर्व तट रेलवे**

(1) सूचना सं. eT-North-WAT-03-2025 दिनांक: 11.02.2025

कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगढ़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन रायपुर-विजयनगरम लाइन में थेरुबाली (EX) एवं डोंकिनवलसा के बीच 25 T एक्सल लोड के लिए TRT द्वारा 36.432 ट्रैक कि.मी. (पैचों में) लम्बाई के लिए एवं मैन्यूअल (Manual) द्वारा 10.594 ट्रैक कि.मी. (पैचों में) लम्बाई के लिए विशेष PSC स्लीपर द्वारा 60 कि.ग्रा. PSC स्लीपर का थ्रू स्लीपर नवीकरण (P)।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 7,13,72,996.95, बिड सिक्युरिटी: ₹ 5,06,900/-

(2) सूचना सं. eT-North-WAT-04-2025 दिनांक: 11.02.2025

कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगढ़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन बोब्बिलि एवं पार्वतीपुरम स्टेशन पर 6 मीटर चौड़ाई युक्त फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 12,82,48,015.11, EMD: ₹ 7,91,300/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने (दोनों क्रम सं. के लिए)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 11.03.2025 को 1500 बजे (दोनों निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-987/P/24-25

**भाकृ अनुप- केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान**

आईएआर-सेंट्रल रीसर्च इंस्टिट्यूट फार ड्राईलैण्ड एग्रीकल्चरर

संतोषनगर, सैदाबाद पोस्ट, हैदराबाद-500059

**रिक्ति सूचना सं. 03/2025-एसीएएसए**

प्रत्यक्ष साक्षात्कार के माध्यम से दि. 04-03-2025 के सु.10.00 बजे, सीनियर रीसर्च फेलो (03 पद) के अस्थायी पदों को भरा जा रहा है। विस्तृत विवरण हेतु http://www.icar-crida.res.in पर जाएं।

हस्ता./-

प्रशासकीय अधिकारी

॥ चतुर्थ पुण्यतिथि ॥



जन्म 19 मई 1952

निर्वाण 19 फरवरी 2021

**श्री अशोक कुमार टीबड़ेवाला**

(सुपुत्र : स्व. श्री गणपतरायजी टीबड़ेवाला)

आपका सुमधुर व्यवहार एवं मीठी-मीठी बातें,
सदैव हृदय में बसती है, स्मरणीय पल भुलाए न भूलते हैं, निरुपाय है..

श्रद्धावनत् : श्रीमती रेणु टीबड़ेवाला (धर्मपत्नी) ज्योतिप्रकाश-मंजू (भाई-भाभी)
सुशील-शशि, प्रमोद-सुधा, मनोज-संगीता (अनुज-बहू)
अमित-श्वेता, अश्विन-तृष्णा (पुत्र-पुत्रवधू)
अनुराधा-अंकुर अग्रवाल (पुत्री-दामाद) ईशान, योहान (पौत्र)
विहा (पौत्री) ताश्वी (दोयती) देवांक (दोयता) एवं समस्त टीबड़ेवाला परिवार

**गणपतराय अशोक कुमार टीबड़ेवाला**

## 11 पुलिसकर्मियों का रुका वेतन एसपी ने इसलिए की बड़ी कार्रवाई

सारण, 18 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के सारण जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ। कुमार आशीष ने 15 फरवरी 2025 को एक कड़ी कार्रवाई की। उन्होंने 11 पुलिसकर्मियों पर एक्शन लेते हुए वेतन रोक दिया। यह कदम अपराध गोष्ठी के दौरान अभियोजन शाखा की समीक्षा के बाद उठाया गया। जब यह पाया गया कि इन अधिकारियों ने पिछले चार महीनों (सितंबर से दिसंबर 2024) के दौरान अभियोजन मामलों में आरोप-पत्र और अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में पेश नहीं किए थे। इन अधिकारियों में नगर थाना से संजीव कुमार, मुफस्सिल थाना से दीपक सागर और भगवान बाजार थाना से सुभाष कुमार सहित विभिन्न अंचलों के पुलिस इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष शामिल हैं। एसपी डॉ। आशीष ने पहले



भी इस मुद्दे पर बैठक आयोजित कर अधिकारियों को चेतावनी दी थी, लेकिन स्थिति में कोई सुधार न होने पर उन्होंने कठोर कदम उठाया। एसपी ने इस कार्रवाई के बाद स्पष्ट किया कि भविष्य में भी अभियोजन कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों और इंस्पेक्टरों को मामलों के त्वरित निपटारे का निर्देश दिया, ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और यह पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है।

# सांसदों और विधायकों को परेशान कर देगी सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी! सजा हुई तो दोबारा नहीं लौटेंगे

लखनऊ नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। देश के तमाम राजनीतिक पार्टियों में कई ऐसे नेता, विधायक या सांसद हैं, जिन पर गंभीर धारा में आपराधिक मामले दर्ज हैं। बावजूद इसके वो किसी पार्टी से जुड़े हुए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक टिप्पणी की। इसके बाद ही उत्तर प्रदेश के विधायक और सांसदों में भय का माहौल है। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि, 'अगर किसी सरकारी कर्मचारी को दोषी ठहराया जाता है तो, वह जीवन भर के लिए सेवा से बाहर हो जाता है। फिर दोषी व्यक्ति संसद में कैसे लौट सकता है? कानून को तोड़ने वाले कानून बनाने का काम कैसे कर सकते



हैं?' कोर्ट की इस टिप्पणी से दागी विधायकों और सांसदों के बीच खलबली मच गई है।

**205 विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज!**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश विधानसभा में 205 (कुल जीते हुए विधायकों में से 51 फीसदी) विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनावी हलफनामे में कुल 158 विधायकों (39%) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 2022 में एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी के 255 में से 111 (44%), समाजवादी पार्टी के 111 में से 71 (64%), आरएलडी के 8 में से 7 (88%), सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के 6 में से 4 (67%), निर्बल भारतीय शोषित अपनी पार्टी के 6 में से 4 (67%), अपनी पार्टी (सोने लाल) के 12 में से 3 (25%), जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के 2 (100%), कांग्रेस के 2 (100%) और बहुजन समाज पार्टी के 1 (100%) विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 205 विधायकों में से 158 ऐसे विधायक हैं जिन पर गंभीर धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज हैं। ऐसे में अगर इन विधायकों के ऊपर कार्रवाई होती है तो यूपी विधानसभा की एक तिहाई सीटें खाली हो जाएंगी। सबसे ज्यादा मामले बीजेपी विधायक और यूपी कैबिनेट में मंत्री नंद गोपाल नंदी, मोहन वर्मा और बाबूलाल पर 7-7 केस दर्ज हैं। इसके साथ ही अमित अग्रवाल पर 6, अनुराग सिंह पर 5 केस हैं।

**सपा विधायकों पर कितने मुकदमे?**

एडीआर के अनुसार सपा की बात करें तो इसमें सबसे पहला नाम अतुल प्रधान पर 38, नसीर अहमद खान पर 30, नाहिद हसन पर 16, रविदास मेहरोत्रा पर 16 और महेंद्र नाथ यादव पर 13 केस दर्ज हैं। सुहेलदेवल भारतीय समाज पार्टी के अब्बास अंसारी पर 5 केस, सुभासपा के बेदी राम पर 9 केस,निषाद पार्टी के अनिल त्रिपाठी पर 5 केस, कांग्रेस की आराधना मिश्रा पर 6 केस और अपना दल के विनय वर्मा पर भी 6 केस दर्ज हैं।

## फर्जी दस्तावेजों से मकान पर जता रहे हक, एक साल पहले कोर्ट ने दिया था फैसला

अलीगढ़, 18 फरवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ के थाना दादों क्षेत्र में जहां जमील मियां ने दबंगों द्वारा अपनी संपत्ति पर कब्जा करने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए मकान पर हक जताने का आरोप लगाया है। इस घटना की शुरुआत 40 साल पहले हुई, जब जमील मियां ने इंद्रजीत नामक व्यक्ति से मकान खरीदा था और उसकी नोटरी भी कराई थी। जमील मियां का कहना है कि अब दबंग प्रवृत्ति के लोग अ उनके मकान पर फर्जी बैनामा करवा लिया है। पीड़ित का कहना है कि हमारा मामला कोर्ट में है, लेकिन ये लोग न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इसलिए मामले को लेकर आसपास के मुस्लिम समुदाय के लोग पलायन करने के लिए मजबूर हो गए हैं।

# कठमुल्ला-मौलवी बनाना चाहते हैं

## भाषा पर सीएम योगी ने एसपी पर जमकर किया वार



लखनऊ, 18 फरवरी (एजेंसियां)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए कहा, "मैं कहता हूं कि समाजवादी पार्टी का चरित्र इतना दोहरा हो गया है कि वे अपने बच्चों को अंग्रेजी पब्लिक स्कूलों में भेजते हैं, जबकि दूसरों के बच्चों को कहते हैं कि उन्हें गांव के स्कूलों में पढ़ना चाहिए, जहां उचित सुविधाएं भी नहीं हैं। यह उनका दोहरा मापदंड है।" मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश की अलग-अलग बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को इस सदन में सम्मान मिल रहा है और हमारी सरकार इन सभी के लिए अलग-अलग अकादमियां बनाने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ा रही है।

यह सदन केवल शुद्ध साहित्यिक और व्याकरण के विद्वानों के लिए नहीं है... अगर कोई हिंदी में धाराप्रवाह नहीं बोल सकता है, तो उसे भोजपुरी, अवधी, ब्रज या बुंदेलखंडी भाषा में भी अपनी बात रखने का अधिकार मिलना चाहिए।" विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय की ओर से अंग्रेजी को सदन की कार्यवाही में शामिल करने पर आपत्ति जताते हुए सीएम योगी ने कहा कि अपने बच्चों को अंग्रेजी मध्यम में पढ़ाएंगे, और दूसरे को कहेंगे उर्दू पढ़ाओ। उन्हें कठमुल्ला और मौलवी बनाना चाहते हैं, लेकिन यह नहीं चलेगा।

समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा, "यह क्या बात हुई कि कोई भोजपुरी या अवधी न बोले और उर्दू की वकालत करे? यह बहुत अजीब बात है। समाजवादियों का चरित्र इतना दोहरा हो गया है कि वे अपने बच्चों को पब्लिक स्कूल में भेजेंगे जबकि दूसरों के बच्चों को कहेंगे कि गांव के स्कूल में पढ़ने के लिए संसाधन नहीं हैं। यह उनका दोहरा मापदंड है।"

## रेप मामले में बिहार सरकार और आईपीएस अधिकारी को नोटिस जारी

पटना, 18 फरवरी (एजेंसियां)।सुप्रीम कोर्ट ने बिहार पुलिस की एक महिला अधिकारी की पटना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली उस याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया गया है। महिला पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया है कि आईपीएस अधिकारी ने शादी का झूठा वादा कर उसके साथ रेप किया था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च के लिए तय की है। जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले पर बिहार सरकार और आईपीएस अधिकारी पुष्कर आनंद को नोटिस जारी किया। महिला की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने दलील दी कि 19 सितंबर, 2024 का हाई कोर्ट का आदेश ''किसी भी कानूनी कसौटी पर खरा नहीं उतरने वाला और मामले के तथ्यों से परे है। बता दें कि महिला अधिकारी की शिकायत पर 29 दिसंबर, 2014 को बिहार के कैमूर में महिला पुलिस थाने में आईपीएस अधिकारी और उनके माता-पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आनंद के खिलाफ रेप और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया था, जबकि उनके माता-पिता पर अपराध को बढ़ावा देने का मामला दर्ज किया गया। महिला ने अपनी शिकायत में कहा था कि भभुआ में डिप्टी एसपी के पद पर नियुक्ति के दो दिन बाद आनंद ने सोशल मीडिया के जरिए उससे संपर्क करना शुरू किया। उनका रिश्ता पहले शादी की ओर बढ़ रहा था वो शारीरिक संबंध में बदल गया। हालांकि जब उनकी कुंडली मेल नहीं खाई तो शादी का प्रस्ताव विफल हो गया।

## सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा में बड़ी चूक काफिले के बीच आई गाड़ी, मचा हड़कंप



पटना, 18 फरवरी (एजेंसियां)। पटना से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में चूक की सूचना सामने आई है। मुख्यमंत्री आवास से जैसे ही उनका काफिला पटना हवाई अड्डा जाने के लिए निकला सड़क पर अचानक एक गाड़ी सामने से आ गई। जिसके बाद पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। इसके बाद काफिले की स्पीड थोड़ी कम की गई और तुरंत उस गाड़ी को साइड में कराया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला आगे निकला। बता दें कि सीएम नीतीश कुमार का मंगलवार को प्रगति यात्रा के तहत कैमूर में कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री पटना हवाई अड्डे से अपने हेलीकॉप्टर से रवाना होने वाले थे। उससे पहले सीएम नीतीश का काफिला निकलने के दौरान सुरक्षा में चूक देखी गई। मुख्यमंत्री के काफिले के बीच में गाड़ी आ जाने से उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सीएम नीतीश की सुरक्षा में लगी टीम अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आखिर काफिले के बीच में गाड़ी कहां से आ गई।

सीएम नीतीश कुमार कैमूर में करीब 350 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के कैमूर आगमन को लेकर प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। मोहनिया प्रखंड के भरखर पंचायत में सीएम नीतीश कुमार की सैंड आर्ट से आकृति बनाई गई है। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी दिखाया जाएगा। इससे पहले सीएम नीतीश ने बीते रविवार को प्रगति यात्रा के दौरान भोजपुर में 406 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 307 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। भ्रमण के दौरान भोजपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोकिला के कैम्पस डेवलपमेंट कार्य का उद्घाटन किया। साथ ही स्वास्थ्य उपकेंद्र, 11 के०वी० डेडीकेटेड फीडर एवं 'जीविका दीदी रसोई' का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन एवं खेल मैदान का भी उद्घाटन किया।

## पेंटिंग बनाकर बेटी ने खोला मां की हत्या का राज

झांसी, 18 फरवरी (एजेंसियां)। पहले पापा अच्छे थे। मम्मा का खूब ख्याल रखते थे। लड़ाई भी नहीं करते थे। मगर, वो धीरे-धीरे बदल गए। घर से पैसे ले जाकर दारू पीते और मम्मा से लड़ते थे। शनिवार को शादी से लौटकर आए तो पापा ने मम्मा को मारा-पीटा और फिर फांसी लगा दी। फिर गोदी में उठाकर कार में बैठाया और अस्पताल ले गए, वहां मम्मा मर गई।'झांसी में तुतलाते हुए ये बात 5 साल की बच्ची दर्शिका ने कही, जिसकी मां सोनाली का उसके पापा संदीप बुधौलिया ने मर्डर कर दिया। मायके वाले आए तो संदीप ने बताया कि सोनाली ने सुसाइड कर लिया। दर्शिका से पूछा तो उसने मां के मर्डर का राज खोल दिया। उसने पेंटिंग बनाकर बताया कि किस तरह पापा ने हत्या की। मजिस्ट्रेट के पंचनामा भरने के बाद दो डॉक्टरों के पैनल ने सोनाली के शव का पोस्टमॉर्टम किया। इस दौरान उसके शरीर पर करीब 9 चोटें मिलीं, जबकि मौत का कारण फांसी है।

# जमुई को तोड़ने-जलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा-श्रेयसी सिंह

### जमुई में हिंदू संगठन पर हुए पथराव पर बोली-दोषियों पर होगी कार्रवाई, अब तक 10 गिरफ्तार

जमुई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। जमुई के झाझा थाना क्षेत्र के बालियोंडीह में हिंदू संगठन के लोगों पर रविवार को हुए पथराव की घटना को लेकर विधायक श्रेयसी सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना भावनात्मक रूप से दुखद है। घटना उस समय हुई जब हनुमान चालीसा पाठ और खिचड़ी प्रसाद वितरण के बाद लोग शांतिपूर्वक लौट रहे थे। इस हमले में नगर परिषद उपाध्यक्ष नीतीश कुमार साव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज पटना में चल रहा है। प्रशासन ने त्वरित



कार्रवाई करते हुए अब तक 41 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है और 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**चुनाव के समय माहौल खराब करने की हो रही कोशिश**

विधायक ने स्पष्ट किया कि जमुई को तोड़ने और जलाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों से सभी समुदाय और धर्म के लोग यहां शांतिपूर्वक रह रहे हैं। चुनावी समय में इस तरह की घटनाएं करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्रेयसी सिंह ने जिला प्रशासन के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जांच के बाद साजिश का पता चलेगा और इस मामले में शामिल सभी लोगों के नाम सामने आएंगे। उन्होंने इस घटना को असामाजिक तत्वों का काम बताया, जिन्होंने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में काफिले पर पथराव कर कानून को अपने हाथ में लेने का प्रयास किया।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवती की मौत

पीलीभीत, 18 फरवरी (एजेंसियां)। पीलीभीत में मंगलवार को बीसलपुर की रामलीला रेलवे क्रॉसिंग पर एक 22 वर्षीय युवती ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में युवती का एक पैर कट गया और सर में गंभीर चोट लगी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस बुलाकर घायल युवती को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि, रास्ते में ही युवती ने दम तोड़ दिया। बीसलपुर पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवती की पहचान स्थापित करने का प्रयास कर रही है। यह घटना रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी की ओर इशारा करती है।बीसलपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार शुक्ला ने बताया एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है।

# मायावती का 'गला घोंटने' की धमकी

## भड़के आकाश आनंद ने पुलिस को दिया 24 घंटे का वक्त



लखनऊ, 18 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद डॉ उदित राज के एक विवादित बयान को लेकर उत्तर प्रदेश का सियासी पारा हाई हो गया है। इसके बाद बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने डॉ उदित राज पर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पूर्व सांसद डॉ उदित राज पर निशाना साधते हुए बीएसपी प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद भड़क गए। आकाश आनंद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट एक संदेश में उत्तर प्रदेश पुलिस को 24 घंटे के अल्टीमेटम देते हुए डॉ उदित राज के गिरफ्तारी की मांग की है।

**उदित राज पर साधा निशाना**

आकाश आनंद ने सोशल मीडिया पर लिखा, आज लखनऊ में मान्यवर कांशीराम साहेब के कुछ पुराने सहयोगी और कभी बीजेपी कभी कांग्रेसी चमचे उदितराज ने साहेब के मिशन पर लंबा चौड़ा ज्ञान दिया है। जबकि उदित राज अपने स्वार्थ के लिए दूसरे दलों में मौका तलाशने के लिए कुख्यात है। उसे बहुजन मूवमेंट की चिंता सिर्फ इसलिए है ताकि वो किसी दल की चमचागिरी कर के सांसद या विधायक बन सके। इसका बहुजन समाज के उत्थान से कोई लेना देना नहीं है। यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने आगे लिखा, मैं बहुजन मिशन का युवा सिपाही हूं, लेकिन बाबा साहेब और मान्यवर साहेब के मिशन को इससे ज्यादा समझता हूं। उन्होंने डॉ उदित राज पर आरोप लगाते हुए कहा, आज इसकी भाषा में जिस तरह की धमकी है वो हम बहुजन मिशन के करोड़ों सिपाहियों को कतई बर्दाश्त नहीं है।

## खुद को 'हिंदू शेरनी' कहने वाली खुशबू पांडेय गिरफ्तार, जमुई में हिंसा भड़काने की है आरोपी



जमुई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। खुद को हिंदू शेरनी कहने वाली चर्चित मलयपुर निवासी खुशबू पांडेय आखिरकार पुलिस के चंगुल में फंस ही गई। पुलिस ने छापेमारी कर रात करीब 9:00 बजे उसे गिरफ्तार कर लिया। खुशबू पांडेय पर झाझा थाना क्षेत्र के बलियाडीह गांव में दो समुदायों के बीच हुए हिंसक झड़प के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आपत्तिजनक नारेबाजी करने के साथ बिना पुलिस को सूचना दिए भीड़ इकट्ठा करने का आरोप है। पुलिस टीम द्वारा खुशबू पांडेय की देर रात 10:30 बजे मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराया गया है, जहां से आवश्यक मेडिकल जांच के बाद सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि कोर्ट में पेशी कर जेल भेज दिया गया है। दरअसल खुश्बू पांडेय रविवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने अपने दो दर्जन से अधिक सहयोगियों के साथ झाझा थाना क्षेत्र के बलियाडीह गांव गई थी, जहां से पाठ करने के बाद लौटने के दौरान मस्जिद के पास दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर पथराव भी हुआ था, तभी खुशबू पांडेय द्वारा भड़काऊ भाषण और आपत्तिजनक नारा लगाया गया था और धमकी भरा वीडियो भी वायरल किया गया था।

मामले में एसआई नंदन राय द्वारा सात लोगों पर नामजद और 50 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें खुशबू पांडेय के अलावा नगर परिषद जमुई के उपाध्यक्ष नीतीश कुमार साह सहित सात लोग शामिल हैं। इनलोगों की भी बेसब्री से पुलिस तालाश कर रही है। एसपी मदन कुमार आनंद ने साफ लफ्जों में कहा है कि दोषी दोनों पक्ष में से कोई भी बख्शे नहीं जायेंगे।

## मिल्कीपुर से जीते चंद्रभानु पासवान ने विधायक पद की शपथ ली, विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ



लखनऊ, 18 फरवरी (एजेंसियां)। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता चंद्रभानु पासवान ने विधायक पद की शपथ ली। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही में भाग लिया। यूपी विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। सत्र का प्रारंभ राज्यपाल के अभिभाषण से हुआ लेकिन हंगामे के कारण राज्यपाल अपना पूरा अभिभाषण नहीं पढ़ सकीं। सदन में विपक्ष के इस व्यवहार की सत्ता पक्ष के लोगों ने आलोचना करते हुए इसे निंदनीय करार दिया।

# पूजा अधिनियम 1991 को लागू करने की मांग:कैराना सांसद इकरा हसन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को भेजा नोटिस

शामली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने प्लेसेज ऑफ वरशिप एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 14 फरवरी को याचिका दायर की। इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा है। असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस ने भी याचिकाएं दाखिल की हैं। इसमें देशभर में पूजा स्थल अधिनियम-1991 को पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की गई थी। ओवैसी की याचिका पर सुनवाई की सहमति कोर्ट पहले ही दे चुका है।

इकरा हसन ने 14 फरवरी को मस्जिदों और दरगाहों को लेकर कानूनी कार्रवाई की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की मांग की। सांसद इकरा हसन की ओर से सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने पैरवी की। याचिका में इकरा ने चिंता जताते हुए कहा कि मस्जिदों और दरगाहों को



निशाना बनाकर बार-बार मुकदमे दायर किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि बिना किसी ठोस जांच और कानूनी आधार के सर्वेक्षण के आदेश जारी करना सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देता है। इससे संवैधानिक मूल्यों जैसे सौहार्द और सहिष्णुता पर खतरा पैदा होता है। इकरा हसन ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि राम जन्मभूमि मंदिर मामले में स्थापित 'गैर-प्रतिगमन के सिद्धांत' के अनुसार प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के प्रावधानों को नजरअंदाज करना अनुचित होगा। उन्होंने कहा कि प्राचीन स्मारक और पुरातत्त्व स्थल अधिनियम 1958 के तहत किसी भी पूजा स्थल को प्राचीन स्मारक की परिभाषा में शामिल करना अनुच्छेद 25, 26 और 29 के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इकरा ने संभल में हुई हिंसा का हवाला देते हुए कहा कि ये घटना ट्रायल कोर्ट की ओर से 16वीं सदी की एक मस्जिद पर सर्वेक्षण आदेश देने के बाद हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रायल कोर्ट ने कानूनी पहलुओं की ठीक से जांच किए बिना एकतरफा अंतरिम आदेश जारी किए। गौरतलब है कि 12 दिसंबर 2024 को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने धार्मिक स्थलों के खिलाफ नए मुकदमों और सर्वेक्षण आदेशों पर रोक लगा दी थी। ये आदेश ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा शाही ईदगाह और संभल जामा मस्जिद जैसे मामलों पर भी लागू किया गया था। अखिल भारतीय संत समिति ने भी एक याचिका दाखिल की है। वहीं पीठ अभी छह याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इसमें एक याचिका वकील अश्विनी उपाध्याय की है। उपाध्याय ने अपनी याचिका में पूजा स्थल अधिनियम 1991 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है। उन्होंने अधिनियम की धारा 2, 3 और 4 को अलग करने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल अधिनियम-1991 की वैधता के संबंध में नई याचिका दाखिल करने पर कड़ी नाराजगी जताई है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संकेत दिया कि वह लंबित अनुसूचित याचिकाओं पर आज सुनवाई नहीं करेगी, क्योंकि आज दो न्यायाधीशों की पीठ बैठेगी। इन याचिकाओं पर पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई कर चुकी है। अदालत ने सुनवाई अप्रैल के पहले सप्ताह तक टाल दी। वरिष्ठ एडवोकेट इंदिरा जयसिंह ने एक नई याचिका का जिक्र किया तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम इस पर शायद विचार नहीं कर पाएंगे। सीजेआई ने कहा कि याचिकाएं दायर करने की एक सीमा होती है। इतने सारे आईए (अंतरिम आवेदन) दायर किए गए हैं। हम शायद इस पर सुनवाई न कर पाएं।

पिछले साल 12 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने हिंदू पक्षों की 18 याचिकाओं पर कार्यवाही करने पर रोक लगा दी थी। इन याचिकाओं में ज्ञानवापी, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदों के सर्वेक्षण की मांग की गई थी। इसके बाद अदालत ने सभी याचिकाओं को 17 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था। इधर मामले में हुई सुनवाई में देश के शीर्ष न्यायालय ने पूजा स्थलों के संरक्षण कानून पर स्टे बरकरार रखा है। अब तीन सदस्यीय बेंच मामले की सुनवाई करेगी। अब ये मामला अप्रैल के पहले सप्ताह में तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष सुना जाएगा।

# बॉम्बे उच्च न्यायालय: 'कोई मानसिक आघात नहीं है'

## पुणे जर्मन बेकरी विस्फोट के दोषी को राहत देने से उच्च न्यायालय का इनकार



मुंबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने साल 2010 के जर्मन बेकरी विस्फोट मामले में दोषी हिमायत बेग को राहत देने से इनकार कर दिया है। हिमायत बेग ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दावा किया था कि उसे नासिक केंद्रीय कारागार में एकांत कारावास में रखा गया है। वह बीते 12 साल से जेल में है और एकांत कारावास में रहने की वजह से उसे मानसिक आघात हो रहा है। हिमायत बेग ने अपनी याचिका में उसे एकांत कारावास से निकालने की मांग की थी। हालांकि उच्च न्यायालय ने इसका आदेश देने से इनकार कर दिया। बॉम्बे उच्च न्यायालय की जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस नीला गोखले की सदस्यता वाली खंडपीठ ने हिमायत बेग को राहत देने से मना कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि 'जैसा कि याचिकाकर्ता ने दावा किया है, इस स्तर पर मानसिक आघात जैसी कोई बात नहीं है।' हालांकि उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि हिमायत बेग को जेल के भीतर नियमों और कानून के मुताबिक कुछ काम दिया जा सकता है। बता दें कि एकांत कारावास में कैदी को अन्य कैदियों से अलग रखा जाता है और अधिकतर समय उसे जेल की चारदीवारी में ही कैद रखा जाता है। गंभीर अपराध जैसे हत्या या बम धमाके के दोषियों को एकांत कारावास में रखा जाता है।

**जर्मन बेकरी बम धमाके में 17 की हुई थी मौत**

हिमायत बेग साल 2010 के पुणे जर्मन बेकरी बम धमाके में दोषी पाया गया है। साल 2013 में पुणे की विशेष अदालत ने हिमायत बेग को दोषी ठहराया था। अदालत ने बेग को मौत की सजा सुनाई थी, लेकिन साल 2016 में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने हिमायत बेग की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। पुणे जर्मन बेकरी बम विस्फोट में 17 लोगों की मौत हुई थी और 60 अन्य घायल हुए थे।

## श्री अकाल तख्त की बनाई कमेटी से प्रो. किरपाल सिंह बंडूगर का इस्तीफा, वीडियो जारी कर छोड़ा पद



चंडीगढ़, 18 फरवरी (एजेंसियां)। श्री अकाल तख्त की तरफ से बनाई गई सात सदस्यीय कमेटी से प्रो। किरपाल सिंह बंडूगर ने भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्र लिखकर अपने कमेटी छोड़ने का एलान किया है। शिरोमणि अकाली दल के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए अकाल तख्त ने सात सदस्यीय समिति गठित की थी। इसकी तीसरी बैठक से पहले मंगलवार को पूर्व एसजीपीसी अध्यक्ष कृपाल सिंह बडूंगर ने समिति से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले सोमवार को समिति के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने समिति और एसजीपीसी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

# 'ये अस्वीकार्य है', सरपंच हत्याकांड में एक आरोपी के अभी भी न पकड़े जाने पर भड़कीं सुप्रिया सुले



मुंबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने मंगलवार को बीड में सरपंच की हत्या के मामले में राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरपंच की हत्या के दो महीने बाद भी एक आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने इसे सरकार की विफलता बताया और कहा कि ये स्वीकार्य नहीं है। सुप्रिया सुले ने कहा कि वे इस मामले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिल चुकी हैं और जल्द ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात करेंगी।

**पीड़ित परिजनों से मिलने गांव पहुंची सुप्रिया सुले**

सुप्रिया सुले मंगलवार को बीड के मस्साजोग गांव में मारे गए सरपंच संतोष देशमुख के परिजनों से मिलने गांव पहुंचीं। परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले को लेकर मुलाकात की थी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की अपील की थी। मस्साजोग के सरपंच संतोष देशमुख की बीती 9 दिसंबर, 2024 को हत्या कर दी गई थी। संतोष देशमुख ने बीड जिले में एक ऊर्जा फर्म से जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद उनका अपहरण किया गया और प्रताड़ित कर बेरहमी से उनकी हत्या कर दी गई।

**दो महीने बाद भी एक आरोपी गिरफ्तार नहीं**

सरपंच की हत्या के मामले में पुलिस ने अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी कृष्णा अंधाले अभी भी फरार है। इस मामले में महाराष्ट्र सरकार के करीबी वाल्मिक कराड को भी गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में काफी हंगामा हुआ था। वाल्मिक कराड सरपंच हत्याकांड में मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। सुले ने कहा कि पुलिस प्रशासन अभी तक कृष्णा अंधाले को नहीं ढूंढ पाया है, जो अस्वीकार्य है। सुले ने कहा कि 'वाल्मिक कराड ने आत्मसमर्पण करने से पहले एक वीडियो बनाया था। उसमें आत्मसमर्पण करने से पहले ऐसा वीडियो बनाने की हिम्मत कहां से आई? कृष्णा अंधाले कहां चला गया? अगर वे हर दिन हमारे फोन को ट्रैक कर सकते हैं, तो क्या वे कृष्णा अंधाले को नहीं ढूंढ सकते? यह स्वीकार्य नहीं है।' सुप्रिया सुले ने कहा कि, 'हमने मांग की है कि इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। मैं संतोष देशमुख के परिवार को वचन देती हूं कि मैं इस मामले में कोई समझौता नहीं होने दूंगी और न्यायिक प्रक्रिया पर भी गौर करूंगी।' सुले ने कहा, 'यह देशमुख परिवार की ही लड़ाई नहीं है, बल्कि अब यह हम सबकी लड़ाई है।'

# जबलपुर में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

## परिसर में हड़कंप; बच्चों को निकाला गया बाहर

जबलपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। जबलपुर के सेंट गेब्रियल स्कूल में बम रखे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। स्कूल में बम प्लांट होने की यह धमकी प्रिंसिपल को ईमेल के माध्यम से दी गई। स्कूल में बम होने की खबर जैसे ही फैली अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। स्कूल में बम होने की धमकी उस समय दी गई, जब कुछ कक्षाओं में पढ़ाई चल रही थी। वहीं कुछ में परीक्षाएं हो रही थी। बम की खबर अभिभावकों तक भी पहुंची तो वे भी बड़ी तादाद में स्कूल पहुंचे। इस बीच स्कूल प्रशासन के द्वारा कक्षाओं को खाली की कराया गया और सभी विद्यार्थियों को बाहर भेज दिया गया। पुलिस की सूचना पर बम डिस्पोजल स्क्वाड भी स्कूल पहुंचा और चप्पे चप्पे की तलाशी ली गई। दरअसल, जबलपुर के रांझी इलाके में संचालित सेंट गेब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल में सुबह के वक्त प्रिंसिपल को ईमेल के जरिए स्कूल में बम होने की धमकी दी गई। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि किसी प्रभाकर नाम के व्यक्ति ने यह ईमेल किया है और उसके द्वारा शहर के अन्य स्कूलों में भी इसी तरह बम रखने और उन्हें उड़ाने की धमकी दी गई है। स्कूल में बम की खबर पाकर स्थानीय विधायक अशोक रोहाणी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी स्कूल प्रशासन अभिभावकों और पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। पुलिस के मुताबिक इस पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है और साइबर सेल के जरिए ईमेल भेजने वाले की भी पड़ताल की जा रही।

# दिग्विजय ने शिवराज को लिखा पत्र,एमपी में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के कार्यों में वृद्धि की मांग



भोपाल, 18 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखकर मध्यप्रदेश में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत 266 कार्यों को करने की मांग की है। इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार ने वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत 266 कार्य करने के निर्देश दिए थे, लेकिन मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने केवल 24 कार्यों को ही मंजूरी दी है।

**ग्रामीण क्षेत्रों का होगा विकास**

दिग्विजय सिंह ने कहा है कि इस योजना के तहत केवल 24 कार्यों को मंजूरी देने से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर दुष्प्रभाव पड़ेगा और ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को पर्याप्त मात्रा में मजदूरी नहीं मिलेगी, जिससे उन्हें पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यों को करने से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा और ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर**

उन्होंने आगे कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यों को करने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होता है। इस योजना के तहत कार्यों को करने से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें, पुल, तालाब, और अन्य आधारभूत संरचनाएं बनाई जाती हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होता है। दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करें और मध्यप्रदेश में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत 266 कार्यों को करने के निर्देश दें।

# कामायनी एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप, बीना स्टेशन पर यात्रियों को उतारा




सागर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। बलिया से लोकमान्य तिलक तक जाने वाली कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। सागर जिले के बीना जंक्शन पर ट्रेन को रोककर जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में बीना रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां रुकी ट्रेन में बम होने की सूचना पर आरपीएफ की टीम पहुंची। बलिया से लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक जाने वाले 11072 कामायनी एक्सप्रेस को बीना स्टेशन पर रोका गया। आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। भोपाल कंट्रोल रूम रेलवे के आदेश पर ट्रेन की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में बम होने की अफवाह के चलते ये सारी कवायद की गई। कुछ डिब्बों से यात्रियों को भी निकाला गया और जांच की गई।

**स्टेशन पर अलर्ट घोषित**

साथ ही, इसकी सूचना सागर बम निरोधक दस्ते को दी गई, जहां से टीम बीना स्टेशन के लिए रवाना हो गई। यही नहीं, एहतियात को तौर पर सागर रेलवे स्टेशन पर भी अलर्ट घोषित कर दिय गया है। इधर, बीना स्टेशन पहुंची जांच टीम ने ट्रेन के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर खाली कराया जा रहा है। इसके बाद पूरी ट्रेन की बारीकी से जांच शुरू कर दी गई है। सागर से भी बड़ी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया है। स्टेशन पर किसी को आने नहीं दिया जा रहा है।

**पहले भी मिल चुकी बम की सूचना**

इससे पहले 26 मार्च 2024 को भी कामायनी एक्सप्रेस में इसी तरह से बम रखे होने की खबर आई थी। तब आनन-फानन में ट्रेन को उत्तर प्रदेश के जंघई स्टेशन पर रोका गया था। करीब तीन घंटे ट्रेन की जांच की गई थी। तब ये अफवाह झूठी निकली थी।

# भिंड में हुआ बड़ा सड़क हादसा, 7 लोगों की हुई दर्दनाक मौत; एक दर्जन से अधिक घायल



भिंड, 18 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भिंड में आज मंगलवार की सुबह-सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया है। यहां बहन के घर शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया, जिसमें 7 लोगों की जान चली गई और एक दर्जन से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। घटना भिंड के देहात थाना क्षेत्र के जवाहरपुरा की है, यहां भिंड कलेक्ट्रेट में काम करने वाले गिरीश नारायण अपने परिवार के साथ बहन के घर शादी समारोह में भात देने गए थे। सुबह वापसी के दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने सवारी से भरे पिकअप वाहन में टक्कर मार दी। मध्य प्रदेश के भिंड जिले में मंगलवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया जिसमें एक तेज रफ्तार डंपर ने सवारी से भरे पिकअप वाहन में टक्कर मार दी, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। 5 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि 2 की मौत इलाज के दौरान हो गई। वहीं 7 गंभीर घायलों को ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कुल एक दर्जन से अधिक घायल हैं। घटना नेशनल हाईवे 719 पर देहात थाना क्षेत्र के जवारपुर गांव के पास हुई।

सभी लोग शादी समारोह से भात देकर वापस आ रहे थे। घटना से आक्रोशित लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया। मामले की सूचना मिलते ही स्थानी पुलिस सहित पुलिस अधीक्षक डॉक्टर असित यादव भी मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। एसपी के साथ ही कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव भी जिला अस्पताल पहुंच गए। वहीं ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के अलावा अन्य डॉक्टर भी सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गए और घायलों को तत्काल इलाज दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक परिवार के मुखिया गिरीश ने बताया कि भात कार्यक्रम कर कुछ लोग घर वापस आ रहे हैं थे, जिसके लिए सड़क पर लोडिंग वाहन रुकवाकर लोगों को उसमें बिठाया जा रहा था। इसी बीच कहीं से एक तेज रफ्तार डंपर आया और गाड़ी को टक्कर मार दी।

इस हादसे में 5 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी। भिण्ड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि घायलों को तुरंत 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां 2 और लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। अब तक हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है और 13 लोग घायल हो गए हैं। परिवार ने गुस्से में चक्काजाम कर दिया, जिसके बाद लोगों को समझाया गया है।

## पंजाब में अवैध ट्रेवल एजेंटों की खैर नहीं, डीजीपी गौरव यादव ने गठित की एसआईटी, कहा- शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

चंडीगढ़, 18 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका से 3 विमानों में भारतीय यात्रियों का डिपोर्ट होकर अमृतसर पहुंचने के बाद से इस मसले पर पंजाब के सियासी दलों के बीच राजनीति चरम पर पहुंच गया है। इस बीच पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। उन्होंने ट्रैवल एजेंटों को लेकर एक एसआईटी गठित कर दी है। उन्होंने कहा, अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए यात्रियों में से अब तक किसी भी परिवार ने ट्रैवल एजेंट का नाम का खुलासा नहीं किया है। जबकि पंजाब के अलग-अलग जिलों में डंकी रूट के जरिए अमेरिका भेजे गए ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्ती से एक्शन लिया गया है।

# संजय राउत ने बीजेपी और शिंदे पर बोला हमला कहा- 'कुंभ स्नान करने से इनका पाप नहीं धुलेगा '



मुंबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। शिव सेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत आये दिन अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने मंगलवार को एक साथ शिव सेना शिंदे, देवेंद्र फडणवीस सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर हमला बोला है। संजय राउत आगे कहा कि से लोग विधायकों की सुरक्षा कम करना चाहते हैं। सांसद संजय राउत के मुताबिक, ये पागलों की सरकार है। आप मंत्रालय में जाकर जाकर देखो। किसी भी सरकारी विभागों के बीच कोई तालमेल नहीं है। सरकारी अधिकारी लाखों देकर पोस्टिंग ले रहे हैं। आम जनता के छोटे कामों को करने के बदले लाखों वसूल कर मंत्रियों के चरणों में अर्पित कर रहे हैं। शिव सेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने सांसदों और विधायकों के पार्टी छोड़ने को लेकर किए जा रहे दावों पर बताया कि जो जा रहे हैं, उन्हें जाने दो। सत्ता और पैसे का दबाव है। कुछ लोगों के पुराने मामले निकाले जा रहे हैं। जिनमें लड़ने की इच्छा नहीं है, वे जा रहे हैं। मुर्दा लोगों को पार्टी में रखकर क्या करना? उन्होंने कहा, मेरे पास इनके भ्रष्टाचार के सबूत हैं। मैं, भ्रष्टाचार को उजागर करूंगा। सभी को बताऊंगा कि किन-किन प्रोजेक्ट में कितने का भ्रष्टाचार हुआ है? शिव सेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने एकनाथ शिंदे और उनके विधायकों द्वारा कुम्भ स्नान पर कहा, इन सभी को पवित्र साबुन देना चाहिए। सीएम देवेंद्र फडणवीस को भी। ये लोग कितने भी पाप धो लें, इनका पाप नहीं धुलेगा, क्योंकि भ्रष्टाचारियों के पाप नहीं धुलते। शिंदे के 40 विधायक गद्दार हैं। कुम्भ नहाने से इनका पाप नहीं धुलेगा।

**राजीव कुमार ने ईसी को बना दिया तमाश- संजय राउत**

संजय राउत ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को लेकर कहा, उन्होंने चुनाव आयोग का तमाशा बना दिया। अब वो चले गए, लेकिन उन्होंने जो देश का नुकसान किया है। इन लोगों को इतिहास कभी माफ नहीं करेगा। महाराष्ट्र में जो शिव सेना का चुनाव चिन्ह हटाया, वो गलत था। इसके लिए महाराष्ट्र की जनता भी उन्हें माफ नहीं करेगी। आखिर शिंदे सेना को डर किसका है?

## जहरीले कचरे निपटान पर हाईकोर्ट का आदेश- तीन चरणों में किया जाए टेस्ट

जबलपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पीथमपुर में निपटान किए जाने वाले यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे पर जरूरी निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि तीन चरणों में पहले टेस्टिंग की जाए, फिर कोई निर्णय लिया जाए। 27 फरवरी से टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू की जाए। भोपाल गैस त्रासदी के बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी का कचरा निपटान एक बड़ी चुनौती है। पीथमपुर में इस जहरीले कचरे का निपटान किया जाना है। कचरा वहां तक पहुंचाया जा चुका है। इसे लेकर लगातार विरोध भी हो रहा है। मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बाद कचरे के निपटान से पहले तीन चरणों में टेस्टिंग के निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि 27 फरवरी से टेस्टिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार तथा विवेक जैन की युगलपीठ ने यूनियन कार्बाइड के लिए कचरे को नष्ट करने की टेस्टिंग तीन चरणों में करने के निर्देश दिए हैं।

## सेंडविच से कॉकरोच निकला तो मच गया बवाल शिकायत की तो दुकानदार ने दे दिया ये ऑफर

उज्जैन, 18 फरवरी (एजेंसियां)। नानाखेड़ा स्थित एक वेज रेस्टोरेंट के वेज चीज सेंडविच में कॉकरोच निकल आया। ग्राहक ने इस घटना के बाद रेस्टोरेंट संचालक से शिकायत करने के साथ ही खाद्य अधिकारी से भी शिकायत दर्ज कराई है। ग्राहक ने कॉकरोच की फोटो और वीडियो भी अधिकारियों के साथ शेयर की हैं। यह घटना अब सोशल मीडिया पर भी खूब सुर्खियां बटोर रही है। उज्जैन के नानाखेड़ा क्षेत्र में अनेक रेस्टोरेंट संचालित हो रहे हैं। ऐसा ही एक रेस्टोरेंट सागर गेरे नाम से है। उज्जैन के रवि बेदी और यश वाणी ने इस रेस्टोरेंट से 135 रुपए का एक वेज सेंडविच ऑर्डर किया था। सेंडविच बनने के बाद दोनों उसे घर ले गए। यश के अनुसार उसने घर पर सेंडविच को खाना शुरू ही किया था उसके मुंह में कॉकरोच आ गया। यश ने बताया कि मुझे लगा कि बाल मुंह में आया है, लेकिन देखा तो सेंडविच के अंदर कॉकरोच था। जैसे ही उसने कॉकरोच देखा उसके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने बिलकुल भी देर नहीं की। पूरा पैकेट वापिस पैक कर रेस्टोरेंट पहुंच गए। उन्होंने बताया कि हम पूरा सेंडविच लेकर जैसे ही रेस्टोरेंट पर गए रेस्टोरेंट संचालक को पूरी बात बताई तो उन्होंने कहा उसके बदले दूसरा सेंडविच ले जाइए। लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। कॉकरोच निकलने के बाद हमने खाद्य अधिकारी को इसकी शिकायत की है। कॉकरोच निकलने के फोटो-वीडियो भी अधिकारियों से शेयर किए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी खाद्य विभाग के अधिकारियों को लगी। विभाग की टीम पूरी मौके पर पहुंच गई। खाद्य विभाग कि टीम ने रेस्टोरेंट संचालक से बात की तो इस पूरे मामले में रेस्टोरेंट संचालक ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इधर मामले की जानकारी लगने के बाद खाद्य अधिकारी बीएस देवलिया ने कहा कि जांच करवा रहे हैं। जांच में जो भी कुछ सामने आएगा उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# 'लालू यादव को भी भविष्य में मिलेगा भारत रत्न' तेजस्वी के बयान पर भड़की बीजेपी और जेडीयू



पटना, 18 फरवरी (एजेंसियां)। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने राजनीतिक विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आरक्षण लागू करने पर कर्पूरी ठाकुर की आलोचना करने वाले उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए। तेजस्वी यादव ने कहा कि आज जो लोग लालू प्रसाद यादव की आलोचना कर रहे हैं। वे ही भविष्य में उन्हें सम्मानित करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि जो लोग आज लालू जी को गाली दे रहे हैं, भविष्य में वही लोग उन्हें भी भारत रत्न देंगे। तेजस्वी यादव के इस बयान बाद बीजेपी और जेडीयू ने आरजेडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि तेजस्वी यादव के बयान से हैरानी होती है। एक सजायाफ्ता को भारत रत्न मिलेगा इसकी उम्मीद भी हास्यास्पद है। क्या कभी किसी कुख्यात घोटाले के आरोपी को भारत रत्न मिला है।

**तेजस्वी यादव पर बीजेपी भी भड़की**

तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा लालू प्रसाद यादव के लिए भारत रत्न की मांग पर बिहार सरकार के मंत्री और बीजेपी नेता कृष्णानंद पासवान ने कहा कि तेजस्वी अगर परिपक्व नेता होते तो यह बात नहीं कहते, उन्हें शर्म नहीं आती। लालू प्रसाद यादव दुनिया के सबसे बड़े घोटालेबाज व्यक्ति हैं। बिहार का खजाना लूट लिया गया था। बिहार में अपहरण का उद्योग चलता था। ऐसे घोटालेबाज व्यक्ति के लिए भारत रत्न की उपाधि मांगना राजनीति में धिक्कार है। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव के बयान पर कहा कि कुछ लोगों की आदत होती है दिन में सपना देखने और उल्टा-पुल्टा बोलने की। भारत रत्न मिलने की एक अलग गरिमा होती है, क्या एक सजायाफ्ता आदमी को भारत रत्न मिल सकता है।।?

**आरजेडी सांसद मनोज झा का सामने आया बयान**

आरजेडी सांसद मनोज झा ने तेजस्वी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि साल 1977 से 78 के बीच में आरक्षण को बढ़ाने का किसने काम किया।। कर्पूरी ठाकुर को अपशब्द कहने वाले, गद्दी छोड़ कहने वाले कौन थे, बीजेपी वाले थे। बाबा साहेब अंबेडकर का अमित शाह ने अनादर से नाम लिया, कर्पूरी जी के बाद लालू जी नहीं होते तो क्या होता।1980 में बीजेपी का जो स्वरूप था क्या वह आज उसी तरह का है।

# रिक्शा चलाकर विधानसभा पहुंचना चाह रहे थे टीएमसी विधायक



कोलकाता, 18 फरवरी (एजेंसियां)। आपने अक्सर देखा गया है कि राजनेता मीडिया के सामने जनसेवक बनने का नाटक करते हैं। कोई साइकिल तो कोई पुरानी सस्ती गाड़ी में बैठकर विधानसभा या संसद पहुंचते हैं। ऐसे ही पश्चिम बंगाल विधानसभा की ओर तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक रिक्शा चलाकर जाते हुए देखे गए। मामला हुगली जिले के बालागढ़ के तृणमूल कांग्रेस विधायक का है।

विधायक मनोरंजन व्यापारी ने कोलकाता के किड स्ट्रीट पर स्थित एमएलए हॉस्टल से विधानसभा तक रिक्शा ले कर आने की कोशिश की, पर एमएलए हॉस्टल से कुछ ही दूर पर उनको पुलिस द्वारा रोक लिया गया। विधायक मीडिया के कैमरों के आगे रिक्शा चलाकर विधानसभा पहुंचने की कोशिश में लगे हुए थे, वे कार्यकर्ताओं को कभी ये निर्देश कभी कुछ और कहते सुने गए। विधायक मनोरंजन व्यापारी की यह यात्रा कोलकाता के किड स्ट्रीट पर स्थित एमएलए हॉस्टल से विधानसभा तक जानी थी, पर पुलिस ने उन्हें एमएलए हॉस्टल से कुछ दूर पहले ही रोक लिया गया। पुलिस ने बताया कि पार्क स्ट्रीट अंचल में रिक्शा पर प्रतिबंध लगा है। इस कारण विधायक को रोक लिया गया है। इसके बाद विधायक वहां से पैदल चलकर विधानसभा पहुंचे।

**विधायक ने बताया कारण?**

राज्य की सत्ताधारी पार्टी के विधायक मनोरंजन व्यापारी ने कहा कि वह पहले पेशे से रिक्शा चालक थे इसलिए उनका यह अनोखा कार्यक्रम गरीब मेहनतकश लोगों की आवाज को विधानसभा में उठाना है।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 19 फरवरी - 2025

# 'इंडिया' गठबंधन में अपनी ढपली अपना राग



राधा रमण

भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से मुकाबले के लिए विपक्ष के 39 दलों ने दिसंबर 2023 में आयोजित मुंबई की अपनी बैठक में इंडिया भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन) नाम से एक अलग मोर्चा बनाया था। तब तय किया गया था कि गठबंधन के दल मिलकर एनडीए और केंद्र सरकार को घेरेंगे। साथ ही लोकसभा के अलावा आगे का हर चुनाव आपसी तालमेल के साथ लड़ेंगे। तब यह भी तय किया गया था कि जिस राज्य में जिस पार्टी का दबदबा ज्यादा रहेगा, वही पार्टी उस राज्य में गठबंधन का नेतृत्व करेगी। इस गठबंधन की परिकल्पना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की थी। उन्होंने पटना में इसके लिए विपक्षी दलों को इकट्ठा भी किया था। उस समय नीतीश कुमार बिहार में महागठबंधन की सरकार चला रहे थे। राजनीति के धुरंधर राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का सपना पाले बैठे थे। उन्हें लगा कि इस तरह से नीतीश कुमार को केंद्र की राजनीति में भेजकर वह अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे। इसलिए उन्होंने भी इस पूरी कवायद में बढ़- चढ़कर योगदान दिया। भाजपा के व्यूह में फंसकर महाराष्ट्र में अपनी सरकार गंवा चुके शिवसेना (उद्धव) के नेता उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के नेता शरद पवार पहले से ही पार्टी टूटने के कारण भाजपा से खार खाये बैठे थे। विधानसभा चुनाव में दूसरी बार करारी हार से असुरक्षित महसूस कर रहे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को भी यह योजना अच्छी लगी, सो वह भी साथ हो लिये। एनडीए के खिलाफ अकेले मोर्चा संभाले ममता बनर्जी को भी कोई दिक्कत नहीं थी। शरद पवार के समझाने पर वह भी साथ चलने को राजी हो गईं। उधर, कथित शराब घोटाले में अपने सहयोगियों मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के जेल जाने और अपनी गिरफ्तारी की आशंका से घिरे आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल भी विपक्ष का साथ मिल जाने की गरज से गठबंधन में शामिल हो गए। तमिलनाडु में राज्यपाल के खिलाफ मोर्चा खोले मुख्यमंत्री एम के स्टालिन भी सहमत हो गए। बाद में विपक्षी नेताओं की पहल पर देश के छोटे-बड़े 39 दलों ने गठबंधन के साये में आना स्वीकार कर लिया। उधर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद को विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनने की मंशा पाले हुए थे। उन्हें लग रहा था कि इस तरह वह जयप्रकाश नारायण की पंक्ति में शामिल हो जाएंगे और सियासत में पूजे जाएंगे। लेकिन कांग्रेस देश की बड़ी पार्टी होने के कारण गठबंधन का नेतृत्व खुद करना चाहती थी। लालू प्रसाद भी नीतीश को हर हाल में मिटाने पर तुले हुए थे, क्योंकि इससे पहले नीतीश कई बार उनकी पीठ में छूरा भोंक चुके थे। ममता बनर्जी की अपनी अलग महत्वाकांक्षा थी। शरद पवार मानकर चल रहे थे कि बुजुर्ग और अनुभवी होने के कारण गठबंधन में बिना कहे ही उन्हें उचित स्थान मिल जाएगा। इसलिए वह चुप रहे। पटना की बैठक में लालू यादव और ममता बनर्जी की मिलीभगत के कारण संयोजक पद की कोई बात नहीं हुई। इससे नीतीश कुमार मन कचोटकर रह गए। मुंबई की बैठक में ममता बनर्जी और लालू यादव ने मिलकर खेला कर दिया। ममता की पहल पर गठबंधन का नाम इंडिया भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन) रख दिया गया और इसका संयोजक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बना दिया गया। इससे नीतीश कुमार बिदक गए और गठबंधन में दाल नहीं गलती देखकर वह धीरे से एनडीए में शामिल हो गए। उस समय गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अलावा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), आम आदमी पार्टी, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी-लेलिनवादी लिबरेशन), जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, केरल कांग्रेस, मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, भारत की किसान और श्रमिक पार्टी,, जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), वंचित बहुजन अघाड़ी, गोवा फ़ॉरवर्ड पार्टी, भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा, हाम्रो पार्टी, मक्कल निधि मय्यम, जातीय दल असम, महान दल, विकासशील इंसान पार्टी, समाजवादी गणराज्य पार्टी, और पूर्वांचल लोक परिषद् शामिल थी।

लेकिन यह क्या, लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने कांग्रेस और वाम दलों को एक भी सीट देने से इनकार कर दिया। उधर, पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस की सीटिंग सीटों पर भी यह कहकर उम्मीदवार उतार दिये कि हम दोस्ताना लड़ाई लड़ेंगे। बिहार में पूर्णिया की सीट कांग्रेस की लाख कोशिश के बावजूद राष्ट्रीय जनता दल ने देने से मना कर दिया। नतीजतन, अपनी पार्टी जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) का कांग्रेस में विलय करने के बावजूद कांग्रेस राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव को एक अदद सीट नहीं दिला सकी। पप्पू को निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरना पड़ा। भले ही उन्होंने जीत हासिल कर ली। यही नहीं, कांग्रेस के ज्यादातर उम्मीदवार लालू यादव की मर्जी से उतरे। नतीजतन बिहार में इंडिया गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। जबकि एनडीए के साथ जाने के कारण नीतीश की जनता दल (यूनाईटेड) को अकेले 12 सीटों पर सफलता मिली और वह मोदी-3 सरकार के खेवनहार बन गए। मुझे कहने दीजिए कि अगर बिहार और पंजाब में इंडिया गठबंधन होशियारी से मिलकर चुनाव लड़ा होता तो केंद्र में एनडीए की वापसी नहीं हो पाती। दरअसल, इंडिया गठबंधन तो बन गया लेकिन इसके नेता 'मुंह में राम, बगल में छूरी' की नीति पर चलते दिखाई देते हैं। देश ने देखा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, उत्तर प्रदेश के मध्यावधि चुनाव अथवा हाल फिलहाल के दिल्ली विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के दलों में कितनी कटुता दिखी। गठबंधन के दल एक-दूसरे के खिलाफ किस-किस तरह की भाषा का उपयोग करते दिखे। सच्चाई तो यह है कि क्षेत्रीय दलों की बुनियाद ही कांग्रेस के वोट बैंक पर टिकी है। जिस दिन कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और अपनी रौ में आ जाएगी उस दिन क्षेत्रीय दल हवा हो जाएंगे। चाहे लालू यादव की राजद हो या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा हो अथवा ममता की तृणमूल कांग्रेस, शरद पवार की रांकपा हो अथवा मायावती की बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी हो अथवा अन्य कोई क्षेत्रीय दल, सबकी जमीन कांग्रेस के वोट बैंक पर टिकी है। दिल्ली में सबने देखा कि कि कैसे कांग्रेस का वोट बैंक बढ़ा तो आम आदमी पार्टी सत्ता से बेदखल हो गई। दिल्ली में कांग्रेस के 14 उम्मीदवारों को मिले वोट सीधे तौर पर आम आदमी पार्टी की हार में सहायक रहे। उधर, अतीत में आम आदमी पार्टी के कारण कांग्रेस को हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा था। यही नहीं, असम, मध्यप्रदेश, गोवा, राजस्थान, छतीसगढ़ आदि कई राज्यों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इस बार मौका मिला तो कांग्रेस ने धोबियापाट दांव मार दिया। उधर, कांग्रेस की दिक्कत यह है कि पार्टी के कुछ पुराने और बिना रीढ़ के नेता भी नहीं चाहते कि कांग्रेस में नये नेतृत्व की पौध पनपे, क्योंकि इससे उनका महत्त्व कम होने का खतरा है। और तो और, खुद सोनिया गांधी भी नहीं चाहतीं कि कांग्रेस में कोई राहुल गांधी का विकल्प बनकर उभरे। यहां तक कि प्रियंका भी नहीं। तभी तो कांग्रेस के पूर्व नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम कहते हैं कि कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं और राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस कभी आगे नहीं बढ़ सकती है। जब तक राहुल कांग्रेस का नेतृत्व करते रहेंगे, मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं है।

मुझे याद है, एक बार कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री गुफराने आजम ने सोनिया गांधी को पत्र भेजकर कहा था कि 'लड़का (राहुल गांधी) लायक नहीं है। उसे चाहो तो रोजगार करा दो, नौकरी करा दो लेकिन राजनीति में मत आने देना। नहीं तो वह पार्टी का बंटाधार कर देगा।' बाद में कांग्रेस ने गुफराने आजम को पार्टी से निकाल दिया था। अब गुफराने आजम साहब नहीं रहे, लेकिन उनकी कही बात सच होती जा रही है।

## तकनीक की दुनिया

आज तकनीक के बिना सब अधूरा लगता है। जैसे-जैसे तकनीक का विस्तार हो रहा है वैसे-वैसे रोजमर्रा की जिंदगी में इसका दखल बढ़ता जा रहा है। मोबाइल की उपयोगिता इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि अब छोटे-छोटे बच्चे भी इसे छोडने को तैयार नहीं हैं। उनती भी दिलचस्पी इसमें इतनी अधिक बढ़ती जा रही है कि वे जिद्दीपन भी उतारू हो जाते हैं। बच्चे तो बच्चे उनकी दादी व नानी भी मोबाइल की शौकीन बन गई हैं। जो लोग अनपढ़ हैं वे भी इसकी तकनीक के आदी बनते जा रहे हैं। तरह-तरह के ऐप के जरिए वे घंटों मोबाइल से चिपके हुए मिल जाएंगे। किसने सोचा था कि जो मोबाइल फोन कभी दूर बैठे दो लोगों के बीच वार्तालाप का जरिया हुआ करता था वह आज लगभग सभी कामों के लिए जरूरी माना जाने लगा है। यानी बिन मोबाइल सब सून लगता है। अब हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि बच्चे इसके बिना पढ़ाई-लिखाई के बारे में सोच भी नहीं सकते। नौकरीशुदा लोग अपने आफिस से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी का सारा लेखा-जोखा अपने मोबाइल में ही छुपा कर रखने लगे हैं। लेकिन इसी के समानांतर स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग ने एक नई बहस छेड दी है। शिक्षा के लिए स्मार्टफोन पर निर्भरता ने बच्चों की मानसिक विकास के द्वार खोले हैं वहीं शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर भी डाल रहे हैं। तकनीक की आड में बच्चे हमेशा मोबाइल की स्क्रीन ही निहारते रहते हैं। इससे उनमें एक तरह की आरामतलबी की आदत भी पडने लगी है। शारीरिक खेलकूद से वे दूर होने लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर 2024 के अंत तक पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसद ने विश्व कानूनों या नीतियों के जरिए स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। दरअसल, शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्टफोन का बहुस्तरीय उपयोग का दायरा और असर शिक्षा प्रणालियों में इसके उपयोग को एक तरह से अनिवार्य बनाए जाने की व्यवस्था से जुडा प्रश्न है। दूसरी ओर दुनिया के कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर अब नई बहस शुरू हो गई है। इसमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य एक जरूरी पक्ष है। आनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग को बढ़ावा तो दिया गया है लेकिन जब इस मसले पर समीक्षा की गई तो यह उजागर हुआ कि तकनीक एक सीमा तक कुछ संदर्भों में सीखने में सहायक कारक की भूमिका निभा सकता है लेकिन जब इसका अत्यधिक या फिर अनुचित तरीके से उपयोग किया जाता है तो इसके विपरीत असर देखने को मिलते हैं। कई लोग तो मोबाइल के एडिक्ट तक हो जाते हैं। इस तरह की घटनाओं के एक अध्ययन में यह भी पाया गया है कि इसके अधिक इस्तेमाल की वजह से विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक रहा है। बच्चों के आगे बढ़ने की संभावनाओं पर भी इसका बुरा असर दिखाई देने लगा है। इसके अलावा स्मार्टफोन के बेलगाम उपयोग की वजह से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी खडी हो रही हैं, जिनसे निपटना अलग तरह की एक बडी समस्या बन गई है। इसलिए जरूरी है कि स्मार्टफोन या अन्य तकनीक के रोजमर्रा के जीवन में उपयोग को लेकर एक सीमा तय हो ताकि यह सिर्फ सहायक बने, निर्भरता और नुकसान का वाहक न बन सके। अब समय आ गया है कि घर के अभिभावक भी अपने बच्चों पर मोबाइल के अधिक उपयोग पर नजर रखें ताकि उनके विकास में बाधा बन रहे मोबाइल पर अंकुश लगाया जा सके।

# क्या बिहार चुनाव तक टलेगा वक्फ बोर्ड संशोधन बिल ?



अशोक भाटिया

बीते दिनों संसद में एक नया विधेयक लाया गया जो 1995 के वक्फ कानून में बदलाव करेगा। इस संबंध में संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर संसद के सदनों में चर्चा चल रही है। इसका मकसद वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाने के साथ महिलाओं को इन बोर्ड में शामिल करना है। सरकार के अनुसार मुस्लिम समुदाय के भीतर से उठ रही मांगों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। हाल ही में कैबिनेट की ओर से समीक्षा किए गए इस विधेयक का उद्देश्य मौजूदा वक्फ अधिनियम के कई खंडों को रद्द करना है। ये रद्दीकरण मुख्य रूप से वक्फ बोर्डों के मनमाने अधिकार को कम करने के उद्देश्य से हैं, जो वर्तमान में उन्हें अनिवार्य सत्यापन के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में दावा करने की अनुमति देता है। राजनीतिक दलों के बीच इस बिल को लेकर तीखी बहस छिड़ी है। मोदी सरकार वक्फ बोर्ड एक्ट में संशोधन करने की आहट से ही बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई । माना जा रहा है कि इस बिल के जरिए केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड के अधिकारों को कम करना चाहती है। जिससे वक्फ बोर्ड को वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित करने की शक्ति कम हो जाएगी। इस बिल को लेकर जहां जेडीयू नेता नीरज कुमार ने बिहार सरकार के मॉडल की तारीफ की है, वहीं आरजेडी नेता मृत्युंजय तिवारी ने सरकार पर धर्म विशेष को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। जेडीयू नेता नीरज कुमार का यह भी कहना है कि इस बिल की पूरी जानकारी तो अभी नहीं है, लेकिन बिहार में वक्फ संपत्तियों के संरक्षण के लिए एक मॉडल तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वक्फ की संपत्ति की सुरक्षा के लिए भू-राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव और जिलों में डीएम को अधिकार दिए हैं। बताया जाता है कि मुस्लिम संगठनों को वक्फ बोर्ड विधायक के 44 बिंदुओं में से 33 पर आपत्ति है. जेपीसी में जो विरोधी दल है, वह बहिष्कार कर रहे हैं. तो ऐसे में बिहार में क्या स्थिति बनेगी. इस पर मंत्री जमा खान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी संगठनों को आश्वासन दिया है कि बिहार में हम लागू नहीं होने देंगे, जिससे किसी तरह का कोई नुकसान हो. मुस्लिम संगठनों को मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया है. हमारे नेता ने ही जेपीसी में मामले को रखा है.मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से धमकी देने की भी बात भी आ रही थी, इस सवाल पर मंत्री जमा खान ने कहा वैसी कोई बात नहीं है. कुछ लोग बोलते रहते हैं, उनकी बात का कोई मतलब नहीं है. नीतीश कुमार वोट का लालच नहीं करते हैं. वोटरों का सम्मान करते हैं. सबके लिए काम करते हैं, सबके विकास की बात करते हैं. माइनॉरिटी समाज के साथ हमेशा खड़े रहे हैं. उनके साथ कोई परेशानी आएगी तो खड़े रहेंगे. माइनॉरिटी समाज की नाराजगी को लेकर मंत्री जमा खान कहना है कि माइनॉरिटी समाज की कहीं से कोई नाराजगी नीतीश कुमार से नहीं है. जमा खान ने कहा कि जेपीसी के दौरान जहां भी दिक्कतें थी उस पर बैठकर हम लोग बातचीत की है और उसे दूर किया जा रहा है और उन्हें दूर करने के बाद ही विधेयक को लागू किया जाएगा. बता दें कि वक्फ बोर्ड विधेयक संसद में पेश होने के बाद जदयू ने इसका समर्थन किया था. केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने समर्थन करते हुए कहा था कि मुसलमानों को इससे कोई नुकसान होने वाला नहीं है. लेकिन उसके बाद बिहार में भी सिया वक्फ बोर्ड और सुन्नी वक्फ बोर्ड के साथ मुस्लिम संगठनों ने अपनी नाराजगी मुख्यमंत्री के सामने रखी थी. मुख्यमंत्री के निर्देश पर ललन सिंह की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में बैठक भी हुई थी. जिसमें सभी मुस्लिम संगठनों को भी बुलाया गया था. मुक़्तलिफ़ मुस्लिम तंजीमों के ओहदेदार "वक़्फ़ बोर्ड संशोधन बिल" के सिलसिले में मिले और वाज़ेह और तफ़्सील-वार गुफ़्तुगू हुई थी उनका कहना था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद जी शुरू से ही अक़्लियत के हरेक मुद्दे पर संवेदनशील रहे हैं और किसी भी धार्मिक मामलों में सरकार के दख़ल-अंदाज़ी के ख़िलाफ़ हैं। इन संशोधनों से ना सिर्फ़ मुस्लिम बल्कि दीगर मज़हबों के मज़हबी, सकाफ़ती और जायदाद के हुक़ूक़ पर असर पड़ेगा और एक ग़लत नज़ीर क़ायम होगी। हमारी पार्टी मोदी-नीतीश एनडीए की इस ग़ैर संवैधानिक, ग़ैर ज़रूरी प्रस्तावित संशोधन बिल जो की मुल्क के सेक्युलर ताने-बाने को तोड़ने और धार्मिक उन्माद फैलाने के मक़सद से लाया गया है उसका पुरज़ोर विरोध करती है। हमने आये हुए डेलीगेशन को तसल्ली दिलाया कि हम उनके साथ हैं और किसी क़ीमत पर इसको संसद से पारित नहीं होने देंगे और इस लड़ाई को सभी फोरम पर लड़ेंगे। अफ़सोस है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बिल के समर्थन में हैं गौरतलब है की इस समय वक्फ बिल को लेकर सभी राजनीतिक दलों का निशाना बिहार विधानसभा चुनाव की तरफ भी है। तो वहीं, विपक्ष की कोशिश है कि जेडीयू के ऊपर दबाव डालकर इस बिल को ज्यादा से ज्यादा लंबे समय तक खींचा जाए। जिसे कहीं ना कहीं विपक्ष अपनी जीत मानकर उसे विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से प्रचारित करेगा। तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की कोशिश है कि मुस्लिम समाज में सुधार हो और जरूरत के हिसाब से लोगों को उनके अधिकार सुनिश्चित हो सकें।आगे उन्होंने बताया कि वक्त बिल को लेकर राजनीतिक चर्चाएं चुनाव के दौरान ही जोर पकड़ते हैं, यह एक प्रकार का ट्रेंड बन चुका है। जो हमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, हरियाणा चुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी दिख चुका है और इसी प्रकार की कोशिश बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भी हो रही है। इसके अलावा भी आगे असम और बंगाल विधानसभा चुनावों को भी सभी राजनीतिक दल जीतने की कोशिश करेंगे और यही लाभ उठाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने ना तो जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया और ना ही इसे इस मानसून सत्र में भी लागू नहीं किया। एडिटर नीरज कुमार दुबे ने इस बिल को लेकर अपनी राय देते हुए बताया कि यह बिल वर्तमान समय की मांग है। तो वहीं, इसके प्रावधानों को और भी अधिक सख्त किया जा सकता है। भाजपा का मानना है कि इसके लिए सभी समुदायों से बात करना जरूरी है इससे मुस्लिम समाज में लोगों को उनके अधिकार निश्चित रूप से मिलेंगे। आगे उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के दौरान हुए आंदोलन से सबक लिया है। इसीलिए सरकार एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। जिससे इस विधेयक को लेकर कोई बड़ा जनांदोलन आकर ना ले सके। तो वहीं, इसी प्रकार केंद्र सरकार छोटे-छोटे टुकड़ों में राज्यों में यूसीसी लागू करके लोगों के मन में जो संदेह व्याप्त है, उसे दूर करने की कोशिश कर रही है। जब यूसीसी से सभी समुदायों के अंदर का डर खत्म हो जाएगा तो कहीं ना कहीं सरकार इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का विचार जरूर करेगी।उन्होंने आशंका जताई कि अगर कोविड ना आया होता तो शायद नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ आंदोलन अभी भी चल रहे होते और इस एक्ट को लेकर पूरी दुनिया में सरकार की आलोचना हुई थी।

# डॉक्टर बनने के लिए क्यों देश छोड़ रहे भारतीय छात्र ?



डॉ सत्यवान सौरभ

भारत छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, हर साल 30, 000 से अधिक छात्र विदेश जाते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत विदेशी मेडिकल स्नातक फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन स्क्रीनिंग परीक्षा पास करते हैं। नीट प्रतियोगिता, उच्च ट्यूशन और घरेलू सीटों की कमी के कारण, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली त्रस्त है, जिसके कारण विदेशी शिक्षा पर निर्भरता बढ़ रही है। कम ट्यूशन लागत, सुव्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त डिग्री के साथ, कई देश यात्रा के लिए पसंदीदा गंतव्य हैं। इन कारकों के कारण, छात्रों की बढ़ती संख्या भारत के बाहर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करके अंतर को पाट रही है, जिससे यह गारंटी मिलती है कि वे अभी भी डॉक्टर बनने की अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। आसान आवेदन और प्रवेश प्रक्रिया के कारण भारतीय छात्र अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल कोर्स को प्राथमिकता देते हैं। छात्र अंग्रेज़ी या कोई विदेशी भाषा पढ़ सकते हैं। हर साल ट्यूशन पर लगभग 200, 000 से 300, 000 रुपये ख़र्च होते हैं। कोई कैपिटेशन शुल्क की आवश्यकता नहीं है। कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता मिली है। छात्रों को एक बहुसांस्कृतिक सेटिंग से अवगत कराया जाता है जो उनके जीवन के अनुभवों और ज्ञान को व्यापक बनाता है। अच्छी शैक्षिक गुणवत्ता के साथ इनकी डिग्री अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार मान्यता प्राप्त है। घरेलू सीटों के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय मेडिकल छात्र तेजी से देश छोड़ रहे हैं। भारत में छात्र भयंकर प्रतिस्पर्धा के कारण विदेशों में विकल्प तलाशते हैं, अक्सर उन देशों में जहाँ चिकित्सा नियम ढीले होते हैं। चूँकि भारत में हर 22 आवेदकों के लिए केवल एक मेडिकल सीट है, इसलिए 20, 000 से अधिक छात्र हर साल चीन, रूस और यूक्रेन जैसे देशों में विदेश में अध्ययन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय मेडिकल स्कूलों में पाठ्यक्रम की असमान गुणवत्ता से छात्रों की रोजगार क्षमता और योग्यता प्रभावित होती है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक विदेशी स्नातकों की पहुँच में देरी होती है क्योंकि उन्हें फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन पास करना होता है और इंटर्नशिप पूरी करनी होती है। बीते साल फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन लेने वाले 32, 000 भारतीय छात्रों में से केवल 4, 000 ही योग्य थे। इन छात्रों और परिवारों के लिए, उच्च ट्यूशन लागत, अस्थिर अर्थव्यवस्थाएँ और कुछ देशों में सुरक्षा सम्बंधी खतरे बोझ हैं। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण 24, 000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को विस्थापित होना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय नुक़सान और अनिश्चित शैक्षणिक भविष्य हुआ। भारत में डॉक्टरों की कमी बदतर होती जा रही है क्योंकि अधिक विदेशी प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर वहाँ बेहतर अवसरों के कारण विदेशों में अभ्यास करना पसंद करते हैं। चिकित्सा शिक्षा की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पहला परिवर्तन चिकित्सा सीटों की संख्या का विस्तार करना है। 2025 में 10, 000 और मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी, भारत में 75, 000 अतिरिक्त सीटों का पांच साल का लक्ष्य है। वंचित क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के लिए किफायती मेडिकल कॉलेज स्थापित करने होंगे। नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने और टियर-2 और टियर-3 शहरों में एम्स के विस्तार से चिकित्सा शिक्षा तक पहुँच बढ़ी है। उच्च गुणवत्ता वाले निर्देश और उचित लागत को बनाए रखते हुए निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। कैरिबियन और मणिपाल कॉलेज ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (नेपाल) जैसे संस्थान प्रदर्शित करते हैं कि भारतीय संस्थान पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप मॉडल के तहत घरेलू स्तर पर विकसित हो सकते हैं। अधिक खुली प्रवेश प्रक्रियाओं और कई प्रवेश मार्गों को लागू करके नीट पर निर्भरता कम करना ज़रूरी है। चयन मानदंडों को व्यापक बनाने के प्रयास में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा ब्रिज कोर्स और वैकल्पिक प्रवेश प्रणाली का सुझाव दिया गया है। भारतीय छात्रों की सेवा के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परिसरों को बढ़ावा देना होगा। आईआईटी और मणिपाल समूह के अंतरराष्ट्रीय विस्तार से एक ऐसा मॉडल सुझाया गया है, जिसमें भारतीय मेडिकल स्कूल भारतीय नियमों के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करते हैं। चिकित्सा शिक्षा और इंटर्नशिप को मज़बूत करने के लिए, हमें ऐसे सुधारों को लागू करना चाहिए जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा के प्रावधान की गारंटी देते हैं। भारतीय चिकित्सा शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य इंटर्नशिप की आवश्यकता है।

# भूख की कड़वी सच्चाई और भोजन की बर्बादी का समीकरण



संजीव ठाकुर

संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2024 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता है1 संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2021,23 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है 1 संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैं1 संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ है1 जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55%, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24% तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24% भोजन बर्बाद हुआ है1 पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैं1 बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है1 भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता है1 भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही है1 पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बर्बादी करते आ रहे हैं1 एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बर्बादी की वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है। भोजन की बर्बादी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है, विवाह समारोह अन्य उत्सव बफे सिस्टम एवं अन्य सामाजिक समारोह में अपनी थाली में ज्यादा से ज्यादा भोजन लेकर उसे बर्बाद कर देने की प्रवृत्ति अब आम हो गई है और थाली में पड़ा हुआ अनाज या तो सड़ जाता है अथवा बाहर फेंक दिया जाता है। भोजन की इस तरह बर्बादी एक तरह से कुसंस्कृति को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बुराई के रूप में सामने आ रही है।

# भक्ति के बाजार में ऑफरों की बरसात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

सूरज की पहली किरण के साथ, शहर के मशहूर ₹ मोक्ष बाजार₹ में चहल-पहल शुरू हो गई। बाजार के मुख्य द्वार पर लिखा था, यहाँ हर पाप की माफी का ऑफर - आज और अभी! पोस्टर में एक संत दिख रहे थे, जिनके हाथ में साल का सबसे बड़ा मोक्ष मेला₹ का बैनर था। उनके चेहरे पर वही मुस्कान थी, जो सिर्फ व्यापारियों के चेहरों पर होती है। जैसे ही श्रद्धालु अंदर घुसे, एक जोरदार आवाज गूंजी, आइए, पापों की धुलाई कराइए। पहली सेवा फ्री, दूसरी पर 50% छूट! धर्मस्थल अब तीर्थ नहीं, बल्कि एक शॉपिंग मॉल में तब्दील हो चुका था। हर कोने में आस्था की दुकानें सजी थीं। पहली दुकान थी गंगा जल स्पा। दुकान के मालिक ने सफाई दी, हमारे गंगा जल में स्नान करने से आपके सारे पाप धुल जाएंगे। बस 999 रुपये में 10 मिनट का स्नान। अगर स्नान के साथ प्रवचन भी सुनना चाहते हैं, तो सिर्फ 499 रुपये एक्स्ट्रा। ग्राहक लाइन में लगे थे, जैसे टिकट खिड़की पर मेला लग गया हो। दूसरी दुकान थी पाप कटौती केंद्र। यहाँ विभिन्न पापों के लिए अलग-अलग दरें थीं। चोरी का पाप 200 रुपये, झूठ बोलने का 150 रुपये, और घूसखोरी का पाप 500 रुपये। दुकानदार ने गर्व से बताया, यहाँ क्रेडिट कार्ड से भी पेमेंट की सुविधा है। ईएमआई पर पापमुक्ति का ऑफर भी है। बाजार के बीचों-बीच एक विशाल मशीन लगी थी, जिस पर लिखा था, पाप धोने की ऑटोमैटिक मशीन। श्रद्धालु मशीन के पास जाकर अपनी पर्ची डालते, और मशीन उन्हें एक पुर्ज़ा निकाल कर देती, जिसमें लिखा होता, आपके पाप सफलतापूर्वक धुल गए हैं। अब आप अगले सप्ताह तक पाप कर सकते हैं। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि मशीन का स्टॉक खत्म होने की घोषणा हो गई। बाजार में एक कोने में भक्त कलेक्शन नाम की दुकान थी। यहाँ भगवान की मूर्तियों पर भारी छूट थी। तीन मूर्तियाँ खरीदें, चौथी फ्री! दुकानदार ने प्रचार किया, यह ऑफर सिर्फ आज के लिए है। जल्दी करें, कहीं भगवान आउट ऑफ स्टॉक न हो जाएं। भक्तों ने धक्का-मुक्की करके मूर्तियाँ खरीदनी शुरू कर दीं। एक कोने में मोक्ष काउंटर था, जहाँ पंडित जी बैठे थे। उनके पास एक बड़ी सी किताब थी, जिसमें भक्तों के पापों का हिसाब लिखा था। एक भक्त ने पूछा, पंडित जी, मेरा पाप कितना बचा है? पंडित जी ने चश्मा लगाकर जवाब दिया, तुम्हारे पाप का बैलेंस 35% बचा है। 65% पिछले महीने के मेले में कट चुका है। बाजार के अंत में, एक विशाल मंच पर धर्मगुरु जी प्रकट हुए। उन्होंने माइक पर घोषणा की, भक्तों, अगले महीने से हमारे बाजार में वीआईपी मोक्ष कार्ड की शुरुआत हो रही है।

# शिवाजी जयंती: इतिहास और महत्व



1630 में पुणे के दुर्जेय शिवनेरी किले में जन्मे शिवाजी महाराज ने छोटी उम्र से ही असाधारण नेतृत्व और वीरता का परिचय दिया। अपनी माँ जीजाबाई की शिक्षाओं और स्वराज्य (स्व-शासन) के सपने से प्रेरित होकर, उन्होंने अपना रास्ता बनाया। उन्होंने रणनीतिक रूप से किलों पर कब्ज़ा किया, नवीन युद्ध रणनीति अपनाई और एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया, जिससे मराठा साम्राज्य की नींव रखी गई।

**शिवाजी जयंती: इतिहास और महत्व**

समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले ने 1870 में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाने की पहल की थी, जब उन्हें रायगढ़ किले में उनकी समाधि मिली थी। शिवाजी महाराज जयंती पहली बार पुणे में मनाई गई थी, क्योंकि रायगढ़ किला वहां से 100 किलोमीटर दूर है।

ज्योतिराव फुले के बाद महान स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने इस दिवस को मनाने की परंपरा जारी रखी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जनता के बीच मराठा राजा के योगदान को उजागर करने का श्रेय भी दिया जाता है।

**महाराष्ट्र से परे, एक अखिल भारतीय प्रतीक**

शिवाजी महाराज की विरासत राज्य की सीमाओं से परे है। उन्हें न केवल महाराष्ट्र में बल्कि पूरे भारत में सम्मान दिया जाता है, उन्हें उनके प्रगतिशील विचारों, धार्मिक सहिष्णुता और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। उन्होंने शिक्षा का समर्थन किया, मराठी और संस्कृत जैसी क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहित किया और एक मजबूत प्रशासनिक प्रणाली की स्थापना की। उनकी नीतियाँ समावेशी थीं, सभी धर्मों और समुदायों का सम्मान करती थीं।

**उल्लास और स्मरण का दिन**




शिवाजी जयंती रंगों और संक्रामक ऊर्जा के बहुरूपदर्शक के साथ जीवंत हो जाती है। महाराष्ट्र के शहरों में भव्य जुलूस निकाले जाते हैं, देशभक्ति के गीतों और ऊर्जावान नृत्यों से गूंजते हैं। युद्ध के दृश्यों को दर्शाने वाले और उनकी विरासत को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। मूर्तियों को फूलों से सजाया जाता है, भक्ति गीतों से वातावरण भर जाता है और सभी वर्गों के लोग श्रद्धांजलि देने के लिए एक साथ आते हैं।

महज एक उत्सव का दिन नहीं धूमधाम और दिखावे से परे, शिवाजी जयंती उनके मूल्यों की एक शक्तिशाली याद दिलाती है। सुशासन, सभी धर्मों के प्रति सम्मान और प्रतिकूल परिस्थितियों में अडिग साहस के उनके सिद्धांत पीढ़ियों को प्रेरित करते रहते हैं। शैक्षणिक संस्थान युवाओं को उनके जीवन और उपलब्धियों के बारे में शिक्षित करने के लिए व्याख्यान और प्रतियोगिताएं आयोजित करते हैं। एकता और समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामाजिक पहल एक न्यायपूर्ण समाज के उनके दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करती है।

**एक विरासत जो कायम है**

शिवाजी जयंती की भावना एक दिन से कहीं आगे तक फैली हुई है। यह लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने, न्याय के लिए खड़े होने और बेहतर भविष्य की दिशा में काम करने का आह्वान है। जब राष्ट्र अपने वीर मराठा राजा को याद करता है, तो उनकी विरासत आशा की किरण बनी रहती है, जो हमें याद दिलाती है कि साहस, दृढ़ संकल्प और अटूट विश्वास के साथ सबसे साहसी सपने भी हासिल किए जा सकते हैं। जबकि महाराष्ट्र उत्सव का केंद्र है, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्य भी शिवाजी जयंती को उत्साह के साथ मनाते हैं।

# मंदिर में पूजा न कर पाएं तो घर में भी स्थापित कर सकते हैं शिवलिंग

## जानिए घर में कितना बड़ा शिवलिंग रखें?

बुधवार, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। शिवपुराण के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु का विवाद शांत करवाने के लिए शिव शिवलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। जिस दिन ये घटना हुई थी, उस दिन फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि थी, इसी वजह से महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस पर्व पर शिव मंदिरों में विशेष पूजा की जाती है, व्रत किया जाता है।



जो लोग शिव मंदिर में पूजा नहीं कर पाते हैं, वे घर में शिवलिंग स्थापित करके पूजा कर सकते हैं। घर में शिवलिंग स्थापना के लिए महाशिवरात्रि बहुत शुभ दिन है। घर में शिवलिंग स्थापित कर सकते हैं, लेकिन शिवलिंग के आकार और धातु के संबंध में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। जानिए ये बातें कौन-कौन सी हैं...

**सबसे पहले जानिए घर के लिए शिवलिंग कितना बड़ा होना चाहिए?**

अगर घर में शिवलिंग स्थापित करना चाहते हैं तो शिवलिंग का आकार ज्यादा बड़ा नहीं होना चाहिए। बड़े शिवलिंग मंदिरों के लिए ही शुभ होते हैं। घर के लिए तो छोटा सा शिवलिंग शुभ रहता है।

शिव पुराण में बताया गया है कि घर में हाथ के अंगूठे के पहले भाग से बड़ा शिवलिंग नहीं रखना चाहिए। शिवलिंग के साथ ही गणेश जी, देवी पार्वती, कार्तिकेय स्वामी और नंदी की छोटी सी प्रतिमा भी रखनी चाहिए।

**अब बात करते हैं शिवलिंग की धातु की...**

शिवलिंग सोना, चांदी, पीतल का या मिट्टी-पत्थर का शुभ रहता है। एल्युमीनियम, स्टील या लोहे के शिवलिंग की पूजा करने से बचना चाहिए।

पूजा-पाठ के लिए ये धातु शुभ नहीं मानी जाती हैं। इन धातुओं के अलावा स्फटिक और पारद के शिवलिंग भी घर में स्थापित कर सकते हैं।

**अगर घर में रखा शिवलिंग खंडित हो गया है तो क्या करना चाहिए?**

शिवलिंग को शिव जी का निराकार स्वरूप माना जाता है, निराकार यानी शिवलिंग का कोई विशेष आकार नहीं होता है। अगर शिवलिंग खंडित भी हो जाता है, तब भी वह पूजनीय होता है। ध्यान रखें अगर शिव जी की प्रतिमा खंडित हो जाए तो उसे मंदिर से हटा देना चाहिए। खंडित प्रतिमा की पूजा करने से बचना चाहिए, लेकिन खंडित शिवलिंग की पूजा कर सकते हैं।

**शिव परिवार की पूजा एक साथ करने से पूजा का फल जल्दी मिल सकता है।**

घर के मंदिर के आसपास साफ-सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए। रोज सुबह-शाम शिवलिंग के पास दीपक जलाना चाहिए। पूजा करें। बिल्व पत्र चढ़ाएं। भगवान को भोग रोज लगाएं।

सूर्य, बुध और शनि के योग में मनेगी महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि पर सूर्य, बुध और शनि एक साथ कुंभ राशि में स्थित रहेंगे। इन तीनों ग्रहों की युति और महाशिवरात्रि का योग 2025 से पहले 1965 में बना था। ग्रहों के दुर्लभ योग में शिव पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं जल्दी पूरी हो सकती हैं, ऐसी मान्यता है।

इस साल शिवरात्रि पर शिव जी के साथ ही सूर्य, बुध और शनि ग्रह की भी विशेष पूजा करने का शुभ योग है। इस योग में की गई पूजा-पाठ से कुंडली से जुड़े ग्रह दोष भी शांत हो सकते हैं। इस दिन शिव जी के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन-पूजन करने का विशेष महत्व है। जो लोग किसी ज्योतिर्लिंग के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं, वे शिव जी के किसी अन्य पौराणिक मंदिर में पूजा-पाठ कर सकते हैं। अगर मंदिर जाना भी संभव न हो तो घर पर ही शिव पूजा की जा सकती है।

# महाशिवरात्रि 26 फरवरी को: ब्रह्मा-विष्णु के सामने इसी तिथि पर लिंग रूप में प्रकट हुए थे भगवान शिव

शिव पूजा का महापर्व महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाया जाएगा। इस साल महाशिवरात्रि पर सूर्य, बुध और शनि एक साथ कुंभ राशि में स्थित रहेंगे। इन तीनों ग्रहों की युति और महाशिवरात्रि का योग 2025 से पहले 1965 में बना था। ग्रहों के दुर्लभ योग में शिव पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं जल्दी पूरी हो सकती हैं, ऐसी मान्यता है।



इस साल शिवरात्रि पर शिव जी के साथ ही सूर्य, बुध और शनि ग्रह की भी विशेष पूजा करने का शुभ योग है। इस योग में की गई पूजा-पाठ से कुंडली से जुड़े ग्रह दोष भी शांत हो सकते हैं। इस दिन शिव जी के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन-पूजन करने का विशेष महत्व है। जो लोग किसी ज्योतिर्लिंग के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं, वे शिव जी के किसी अन्य पौराणिक मंदिर में पूजा-पाठ कर सकते हैं। अगर मंदिर जाना भी संभव न हो तो घर पर ही शिव पूजा की जा सकती है।

**ये है महाशिवरात्रि से जुड़ी पौराणिक कथा**

शिवपुराण के मुताबिक एक बार ब्रह्मा-विष्णु के बीच विवाद हो गया। झगड़े की वजह ये थी कि दोनों ही देवता खुद को श्रेष्ठ बता रहे थे। जब दोनों देवता दिव्यास्त्रों से युद्ध शुरू करने वाले थे, ठीक उसी समय भगवान शिव लिंग रूप में इनके सामने प्रकट हो गए।

शिव जी ने कहा कि आप दोनों में से जो भी इस लिंग का छोर (अंत) खोज लेगा, वही श्रेष्ठ माना जाएगा। ये बात सुनकर एक छोर की ओर ब्रह्मा जी और दूसरे छोर की ओर विष्णु जी चल दिए। बहुत समय तक ब्रह्मा-विष्णु अपने-अपने छोर की ओर आगे बढ़ते रहे, लेकिन उन्हें लिंग का अंत नहीं मिला। उस समय ब्रह्मा जी खुद को श्रेष्ठ घोषित करने के लिए एक योजना बनाई। ब्रह्मा ने एक केतकी का पौधा लिया और उससे झूठ बोलने के लिए कहा कि वह शिव-विष्णु के सामने बोले कि ब्रह्मा जी ने लिंग का अंत खोज लिया है।

ब्रह्मा केतकी के पौधे को लेकर शिव जी के पास पहुंचे, विष्णु जी भी वहां आ गए और उन्होंने कहा कि मैं इस लिंग का अंत नहीं खोज सका। ब्रह्मा ने कहा कि मैंने इस लिंग का अंत खोज लिया है, ये बात आप केतकी के पौधे से भी पूछ सकते हैं। केतकी ने भी भगवान के सामने झूठ बोल दिया।

ब्रह्मा जी का झूठ सुनते ही शिव जी क्रोधित हो गए। उन्होंने कहा कि आपने झूठ कहा है, इसलिए आज से आपकी कहीं भी पूजा नहीं होगी और केतकी ने आपके झूठ में साथ दिया, इसलिए इसके फूल मेरी पूजा में वर्जित रहेंगे। इसके बाद विष्णु जी सर्वश्रेष्ठ घोषित हो गए।

ये घटना फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की ही मानी जाती है, इसलिए इस तिथि पर महाशिवरात्रि पर्व मनाने की परंपरा है।

# महाशिवरात्रि पर इन उपायों को करने से दूर होंगी समस्याएं

26 फरवरी 2025 दिन है बुधवार और इस दिन है महाशिवरात्रि भगवान शंकर की साक्षात कृपा पाने का दिन। आप अपने जीवन में किसी भी दिक्कत से जूझ रहे हैं, एकाग्रता की कमी, धन की समस्या से जूझ रहे हैं या संतान प्राप्ति में दिक्कत आ रही है तो इस दिन किया गया उपाय आपको इन समस्याओं से जड़ से मुक्ति दिला सकता है।

हेल्थ की समस्या से मुक्ति पाने के लिए दूध में एक चुटकी कच्चे चावल और साथ में धागे वाली मिश्री दूध में डालिए। इसके बाद शिवरात्रि वाले दिन सवेरे आप शिव मंदिर में शिवलिंग के ऊपर ओम नमः शिवाय का जप करते हुए बड़ी श्रद्धा से अर्पण करें। इसके बाद ऐसे साधन बनने शुरू हो जाते हैं, ऐसी कोई सलाह मिल जाती है जिसको फॉलो करने से आपकी सेहत में बहुत अच्छा सुधार आना शुरू हो जाता है।

इसके बाद आप मिट्टी के दिए में गाय का घी डाल के और साथ में लाल मौली का दिया शिवलिंग के आगे जलाएं। ये उपाय हेल्थ की कितनी ही कॉम्प्लिकेशन से निकाल सकता है। शिवरात्रि वाले दिन उपायों की भरमार रहती है लेकिन उपाय अगर आप अपनी समस्या के अनुसार करेंगे तो आपको उपाय बड़ी सटीकता से असर भी देगा।

आपके जीवन में रोजगार को लेकर कोई समस्या आ रही है तो चांदी के लोटे में जल लेकर शिवलिंग पर चढ़ाएं। अगर आप अफोर्ड नहीं कर पा रहे हैं तो स्टील के लोटे में जल भरिए और उसमें छोटा सा चांदी का कॉइन या आप चांदी का एक टुकड़ा डाल के वो जल शिवलिंग पर चढ़ाएं। लोटा और चांदी का कॉइन बाद में घर वापस ले आइएगा। साथ में 11 सफेद फूल चढ़ाना मत भूलिए और साथ में ॐ नमः शिवाय और रुद्राष्टक वहां पर बैठ के पाठ करें। यह उपाय ह तीर की तरह लगता है। उसी दिन शाम को 11 घी के दिए शिवलिंग के आगे या किसी भी शिव मंदिर के प्रांगण में जला के आइए।

करियर ठीक चल रहा है लेकिन धन की बरकत नहीं है। पैसा रेत की तरह हाथ से फिसल रहा है, कर्जे बढ़ते जा रहे हैं या आपकी कोई प्रॉपर्टी नहीं बिक पा रही है तो सबसे पहले किसी भी मात्रा में दूध शिवलिंग पर अर्पण करिए, फिर आप गाय का घी लगाइए दूध दही देसी घी शहद और शक्कर यह बारी-बारी से आप शिवलिंग पर अर्पण करिए। उसके बाद प्लेन वाटर से शिवलिंग को स्नान करवाएं और 11 बेल पत्र शिवलिंग पर अर्पण करें। इसके बाद भगवान शिव पर जो फूल चढ़े होंगे उनमें से एक फूल लाके आप अपने घर के धन स्थान पर रख दें। शिवरात्रि की रात को किया गया यह उपाय है आपके लिए गोल्ड माइन बन सकता है। भगवान शंकर इस उपाय के बाद आपको 100% देंगे।

शिवरात्रि की सुबह दूध में मिश्री और गाय का घी डाल कर शिवलिंग का अभिषेक करें और उसके बाद 11 बिल्व पत्र लीजिए और सफेद चंदन से राम लिख के हर बिल्व पत्र पर भगवान शंकर को अर्पण करिए। उसके बाद शिवरात्रि की शाम को खीर लेके जाइए भगवान शंकर को भोग लगवा के अपने प्रसाद रूपी खीर खुद भी ग्रहण करनी है। यह उपाय संतान प्राप्ति के लिए चमत्कार जैसा उपाय है।

जिन लोगों का विवाह नहीं हो रहा है शिवरात्रि वाले दिन पीले वस्त्र पहनें और जितनी आयु है उतने बिल्व पत्र भगवान शंकर पर ओम नमः शिवाय करके एक-एक बल्व अर्पण करें। इसके बाद एक घी का दिया लाल मौली डाल के शिवलिंग के आगे अर्पित करें।

एकाग्रता बढ़ाने के लिए शिवरात्रि वाली सवेर दूध, मिश्री ह शिवलिंग पर अर्पण करें। लाल रंग की मौली भगवान शंकर को टच करवाने के बाद यह घर आके यह मौली राइट कलाई पर सात बार रोल करके उसको बांध लें। ऐसा करने से भगवान शंकर की साक्षात कृपा प्राप्त होगी।

# घर पर हमेशा हंसते हुए लाफिंग बुद्धा क्यों रखे जाते हैं?

लाफिंग बुद्धा को फेंगशुई परंपराओं में खुशी, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। उनका सदैव मुस्कुराता हुआ चेहरा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और उनकी प्रसन्न मुद्रा घर एवं कार्यस्थल में शुभता लाने का संकेत देती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि लाफिंग बुद्धा हमेशा हंसता हुआ क्यों रखना चाहिए? क्यों हैं? उनकी हंसी केवल एक भाव नहीं हैं, बल्कि गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक प्रतीकात्मकता रखती है। उनकी मुस्कान संतोष और आंतरिक शांति का प्रतीक है, जो यह दिखाती है कि सच्चा आनंद भौतिक सुखों पर निर्भर नहीं होता, बल्कि आत्मिक संतुष्टि में निहित होता है। फेंगशुई के अनुसार, उनका हंसमुख चेहरा नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मकता और सौभाग्य को आमंत्रित करता है।



इसके अलावा, मान्यता है कि उनके पेट से सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। इस तरह लाफिंग बुद्धा न केवल खुशी का प्रतीक माना जाता है, बल्कि हमें जीवन को हल्केपन और प्रसन्नता से जीने की प्रेरणा भी देते हैं। यही नहीं लाफिंग बुद्धा को घर की सही दिशा में रखने से जीवन में सदैव समृद्धि बनी रहती है। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें इसके बारे में कि घर पर हमेशा ऐसा लाफिंग बुद्धा क्यों रखना चाहिए जो हंसता हुआ दिखाई दे।

लाफिंग बुद्धा का इतिहास एक चीनी बौद्ध भिक्षु बुदाई से जुड़ा है जो 10वीं शताब्दी में लियांग वंश के दौरान प्रसिद्ध हुए। बुदाई अपनी अनोखी जीवनशैली, दयालुता और सदा मुस्कुराते रहने के स्वभाव के कारण लोगों के बीच सम्मानित थे। उनकी हंसी और हंसमुख व्यक्तित्व ने उन्हें एक विशेष पहचान दिलाई। बुदाई हमेशा एक बड़े कपड़े के थैले के साथ चलते थे, जिसमें वे भोजन और उपहार रखते थे। वे इसे जरूरतमंदों में बांटते थे, जिससे वे उदारता और परोपकार के प्रतीक बन गए। उनका यह व्यवहार आत्मिक संतोष और त्याग का संदेश देता था। समय के साथ, उनकी छवि सिर्फ एक साधारण भिक्षु तक सीमित नहीं रही, बल्कि आनंद, समृद्धि और ज्ञान के प्रतीक के रूप में देखी जाने लगी। आज, लाफिंग बुद्धा की मूर्तियों को सकारात्मक ऊर्जा, खुशहाली और सौभाग्य के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। उनकी छवि यह सिखाती है कि जीवन में सच्चा आनंद केवल भौतिक सुखों में नहीं, बल्कि संतोष, करुणा और दूसरों की भलाई में निहित होता है।

**लाफिंग बुद्धा हमेशा हंसते क्यों रहते हैं?**

लाफिंग बुद्धा की मुस्कान केवल खुशी का प्रतीक नहीं है, बल्कि इसमें गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक मान्यताएं छिपी हुई हैं। लाफिंग बुद्धा को आंतरिक शांति और संतोष का प्रतिनिधित्व करते हुए देखा जाता है। उनकी हंसी पूर्ण आत्मसंतोष को दर्शाती है, जो भौतिक इच्छाओं और चिंताओं से मुक्त होती है। फेंगशुई सिद्धांतों के अनुसार, लाफिंग बुद्धा की उपस्थिति नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और घर व कार्यस्थल में सकारात्मकता का संचार करती है।

उनकी मुस्कान इस बात की याद दिलाती है कि सच्ची खुशी बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारे दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। हंसी और आनंद को ज्ञान प्राप्ति का एक आवश्यक तत्व माना गया है। लाफिंग बुद्धा की हमेशा प्रसन्न मुद्रा इस बात को दिखाती है कि वास्तविक आनंद बाहरी भोगों में नहीं, बल्कि मानसिक शांति में होता है।

**घर पर लाफिंग बुद्धा रखने का महत्व**

फेंगशुई के अनुसार, लाफिंग बुद्धा का सही स्थान पर रखना सकारात्मक ऊर्जा और सौभाग्य को आकर्षित कर सकता है। घर पर लाफिंग बुद्धा रखने के कई फायदे हैं। फेंगशुई के अनुसार, घर में लाफिंग बुद्धा को सही दिशा में रखने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और सौभाग्य आकर्षित होता है। यह न केवल आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक शांति और पारिवारिक सौहार्द भी बनाए रखता है। लाफिंग बुद्धा की मुस्कुराती हुई मूर्ति घर के माहौल को हल्का और आनंदमय बनाती है, जिससे नकारात्मकता दूर होती है और सुख-समृद्धि बनी रहती है।

मान्यता है कि लाफिंग बुद्धा का स्थान जितना उपयुक्त होगा, उतना ही अधिक प्रभावशाली होगा। उदाहरण के लिए, इसे घर के मुख्य दरवाजे के पास रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है और नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव कम होता है। वहीं, इसे ड्राइंग रूम या कार्यस्थल में रखने से सफलता और उन्नति के मार्ग खुलते हैं।



इसके अलावा, लाफिंग बुद्धा का हंसमुख स्वरूप हमें जीवन को प्रसन्नता और संतोष के साथ जीने की प्रेरणा देता है। यह मूर्ति केवल सौभाग्य का प्रतीक नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मिक संतोष की ओर भी संकेत करती है, जिससे जीवन अधिक सुखद और संतुलित बनता है।

**घर की किस दिशा में रखें लाफिंग बुद्धा**

घर या कार्यालय के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में लाफिंग बुद्धा की मूर्ति रखने से आपको आर्थिक सफलता मिल सकती है। यदि आप घर के लिविंग रूम में लाफिंग बुद्धा रखते हैं तो आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। कार्यस्थल या ऑफिस डेस्क पर इसे रखने से करियर में उन्नति होती है और बाधाएं दूर होती हैं।

घर या ऑफिस के प्रवेश द्वार के पास लाफिंग बुद्धा रखने से नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है।

### ग्रैमी नामांकित गायिका फ्रांसिस्का विवेरोस का निधन

## 77 की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



ग्रैमा पुरस्कार के लिए नामांकित लोकप्रिय गायिका फ्रांसिस्का विवेरोस बरराडास का निधन हो गया है। वे अपने स्टेज नाम पाक्विता ला डेल बारियो के नाम से मशहूर थीं। डेडलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक गायिका का निधन 77 वर्ष की उम्र में मैक्सिको के वेराक्रूज स्थित उनके आवास पर हुआ।

**निधन की वजह स्पष्ट नहीं**

पाक्विता को 'राटा डे डॉस पाटस' ट्रैक के लिए खासतौर से जाना जाता है। डेडलाइन के मुताबिक, सोमवार को गायिका के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से एक बयान में उनके निधन की पुष्टि की गई। हालांकि, इसमें उनके निधन की वजह स्पष्ट नहीं की गई है। कठिन समय में फैंस से उनकी निजता का सम्मान करने की अपील की गई है।

## नेटफ्लिक्स वालों ने उर्वशी रौतेला के साथ कर दिया बड़ा खेल

### जिस फिल्म की तारीफों के बांधे पुल उसी के पोस्टर से हो गईं गायब

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'डाकू महाराज' रिलीज हुई, इस फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और साउथ स्टार नंदमुरी बालकृष्ण लीड रोल में थे। फिल्म की रिलीज से पहले ही ये लोगों के बीच चर्चा में आ गई थी, जिसकी वजह फिल्म के एक गाने 'दबिडी डिबिडी' के स्टेप्स थे। जिसको लेकर लोगों ने एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर को काफी ट्रोल भी किया था। हालांकि, जब फिल्म रिलीज हुई, तो उसने अच्छी कमाई की। अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है, जिसके पोस्टर में उर्वशी रौतेला ही नहीं हैं। 21 फरवरी, 2025 को 'डाकू महाराज' नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी, जिसका पोस्टर रिलीज कर अनाउंसमेंट कर दिया गया है। लोगों का ध्यान पोस्टर पर तब ज्यादा गया जब उसमें से एक्ट्रेस की फोटो ही गायब थी। देखा जाए तो उर्वशी की ही वजह से फिल्म को लेकर ज्यादा चर्चा की जा रही थी। लेकिन अभी तक इस मामले को लेकर एक्ट्रेस का कोई भी रिएक्शन सामने नहीं आया है। नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्टर शेयर किया है, जिसको देखने के बाद से एक तरफ यूजर्स इस पर सवाल उठा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ लोग एक्ट्रेस का मजाक भी बना रहे हैं।

**लोगो ने उर्वशी का उड़ाया मजाक**

इस पोस्ट पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "105 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म के पोस्टर से हटाई जाने वाली भारत की पहली महिला।" वहीं दूसरे ने भी मजार बनाते हुए कि फिल्म की बेस्ट प्रमोटर तो पोस्टर पर भी नहीं हैं। तो एक ने लिखा कि मुझे तो लग रहा था कि ये उर्वशी की फिल्म है। यहां तक कि कई लोगों ने उनके फिल्म में होने न होने के बारे में भी सवाल उठाया है। इसके पहले भी फिल्म के प्रमोशन के वक्त भी एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया गया था।



## क्या एक और साउथ फिल्म में हो गई जान्हवी कपूर की एंट्री

# अल्लू अर्जुन के साथ काम करने की खबर



साल 2024 अल्लू अर्जुन के लिए बेहद शानदार रहा। उनकी फिल्म 'पुष्पा 2' ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर गदर काटा। अब वे अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्लू अर्जुन निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ काम शुरू करने वाले थे, लेकिन प्रोजेक्ट में कुछ देरी होने के चलते वे अपने शेड्यूल में बदलाव कर सकते हैं। अब कहा जा रहा है कि एक्टर फिल्म निर्माता एटली की अगली फिल्म पर काम शुरू करने वाले हैं। और इसमें उनके साथ जान्हवी कपूर नजर आ सकती हैं।

**एटली की फिल्म में आएंगी नजर**

अल्लू अर्जुन काफी लंबे वक्त से निर्माता-निर्देशक एटली के साथ काम करने के इच्छुक हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टर उनके साथ एक हाई एक्शन फिल्म में काम करने वाले हैं, जिसका जल्द एलान किया जाएगा। इस बीच अटकलें लगाई जा रही हैं कि अल्लू अर्जुन के साथ इस फिल्म में जान्हवी कपूर नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक तौर पर ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

**जान्हवी की तीसरी साउथ फिल्म होगी**

फिल्म 'देवरा' के बाद जान्हवी कपूर को तेलुगु दर्शकों के बीच अच्छी पहचान मिली है। इस फिल्म के बाद जान्हवी बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित राम चरण की आगामी फिल्म में भी अहम भूमिका निभाने जा रही हैं। अगर, चल रहीं खबरों के मुताबिक जान्हवी के हाथ अल्लू अर्जुन की फिल्म लगती है तो यह उनकी तीसरी साउथ फिल्म होगी।

**'परम सुंदरी' की तैयारी में व्यस्त जान्हवी**

जान्हवी कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिलहाल अपनी अगली फिल्म 'परम सुंदरी' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वे सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल जुलाई में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तुषार जलोटा फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।

## क्या सलमान खान-संजय दत्त बन रहे हैं अमेरिकन प्रोजेक्ट का हिस्सा





**सऊदी अरब में होगी शूटिंग**

सलमान खान और संजय दत्त अच्छे दोस्त हैं। पहले भी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों एक अमेरिकी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभी इस बारे में दोनों एक्टर कुछ कह नहीं सकते हैं, क्योंकि इस प्रोजेक्ट की डिटेल शेयर करने की मनाही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सलमान खान और संजय दत्त जिस अमेरिकी प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं, वो एक थ्रिलर प्रोजेक्ट है। इसमें दोनों के किरदार क्या हैं? इस बारे में भी अधिक जानकारी नहीं है। लेकिन दोनों एक्टर इस प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए देश से बाहर जा चुके हैं।

### जब कमल हासन की वजह से फूट-फूटकर रोए थे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

## एक्टर ने सुनाया किस्सा

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने इंडस्ट्री में बहुत स्ट्रगल किया है। उन्होंने बहुत मेहनत करके अपनी खास जगह बनाई है। नवाज अपनी शानदार एक्टिंग के साथ स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। नवाज को करियर के शुरुआत में साउथ के स्टार कमल हासन के साथ काम करने का मौका मिला था। मगर फिर कुछ ऐसा हुआ था कि कमल हासन ने उनका रोल काट दिया था। जिसके बारे में नवाज ने हाल ही में खुलासा किया है। करियर के शुरुआत में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ पहली बार नहीं था जब उनका रोल हटा दिया गया था। इससे पहले भी कई प्रोजेक्ट्स से उनके रोल को हटाया गया था। मगर उन्हें सबसे ज्यादा दुख कमल हासन की फिल्म से हटने का हुआ था। स्पॉटबॉय को दिए इंटरव्यू में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिल्म हे राम का किस्सा सुनाया है।

**रोए थे नवाज**



नवाज ने इंटरव्यू में बताया कि ऐसा कई बार हुआ जब उन्होंने छोटे-मोटे रोल किए और फिर उन्हें एडिट करके हटा दिया गया लेकिन एक वाकया जो मेरे साथ हमेशा रहता है, वह है मेरे आइडल कमल हासन का। मैं उनकी फिल्म हे राम में उनका हिंदी डायलॉग कोच था, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था और मेन लीड में भी कमल हासन थे। जब कमल जी ने मुझे हे राम में एक छोटा-सा रोल ऑफर किया तो मैं एक बच्चे की तरह एक्साइटेड हो गया था। वो दिलीप कुमार, नसीरुद्दीन शाह, एंथनी हॉपकिंस और डेंजल वाशिंगटन के साथ मेरे आइडल्स में से एक हैं।

## सानिया मिर्जा के 6 साल के बेटे की होगी बॉलीवुड में एंट्री

### शाहरुख खान की फिल्ममेकर दोस्त ने दिया साइनिंग अमाउंट



पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा अपने खेल ही नहीं, निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रह चुकी हैं। शोएब मलिक से तलाक के बाद उनका नाम क्रिकेटर मोहम्मद शमी के साथ जुड़ा था, पर पिता ने सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया। सानिया मिर्जा अकेले ही बेटे की परवरिश कर रही हैं। यह तो ज्यादातर लोग जानते हैं कि सानिया मिर्जा के बॉलीवुड वालों के साथ काफी अच्छे रिश्ते हैं। उनकी बेस्टफ्रेंड कोई और नहीं, बल्कि करोड़पति डायरेक्टर फराह खान हैं। शाहरुख खान की दोस्त फराह खान ने सानिया मिर्जा के बेटे इजहान को लॉन्च करने का वादा किया है। दरअसल फराह खान फिल्में बनाने के साथ ही इस वक्त 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' को जज भी कर रही हैं। साथ ही उनका अपना यूट्यूब पर कुकिंग चैनल भी है। फराह खान के चैनल को 13.1 लाख लोग सब्सक्राइब कर चुके हैं। वहीं 147 वीडियो उन्होंने अपने चैनल पर अपलोड किए हैं। हाल ही में फराह खान के घर उनकी बेस्टफ्रेंड सानिया मिर्जा पहुंची थीं। सानिया मिर्जा ने फराह खान के चैनल के लिए कुकिंग की। वहीं, फराह ने उनके लिए फेवरेट चिकन 65 बनाया था। इस दौरान फराह खान ने सानिया के बेटे को कहा कि- भूलना मत मैं तुम्हें लॉन्च करूंगी, तू मेरा हीरो। ऐसे में सानिया मिर्जा ने भी एक किस्सा सुनाया। वो कहती हैं कि- जब फराह पहली बार उनके बेटे इजहान को देखने आईं थी, तो उस वक्त 10 रुपये का नोट दिया था। इस दौरान फराह खान ने कहा था कि मैं इसे लॉन्च करूंगी।

फराह खान आगे खुद कहती दिखी कि वो साइनिंग अमाउंट था। हालांकि, यह पूरा किस्सा वो हंसी मजाक में सुना रहे थे। ऐसा हो सकता है कि आगे जाकर बिल्कुल फराह खान अपने बेस्ट फ्रेंड के बेटे को लॉन्च करे, पर फिलहाल ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि वो कब बॉलीवुड डेब्यू करेंगे। सानिया मिर्जा भी अपने बेटे को फिल्मों में भेजना चाहती हैं या नहीं, उन्होंने कुछ नहीं बताया। लेकिन पुराना किस्सा शेयर किया है। इस दौरान सानिया मिर्जा के साथ उनकी बहन अनम मिर्जा भी मौजूद थीं।

## फिल्म में इंटीमेट सीन करते समय

### इस एक्टर संग बेकाबू हो गई थीं रेखा



सिनेमा की दुनिया में अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रेखा हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। वह कभी अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर तो कभी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में आ जाती हैं। आज हम आपको रेखा की एक फिल्म का किस्सा बताने वाले है, जिसमें वो इंटीमेट सीन देने के दौरान अपने साथी कलाकार के साथ बेकाबू हो गई थीं। फिल्म की शूटिंग के दौरान एक हैरान कर देने वाली घटना भी हो गई थी। रेखा और एक्टर के इंटीमेट सीन की अक्सर चर्चा होती है। रेखा और ओमपुरी ने फिल्म 'आस्था' में काम किया था। ये फिल्म साल 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म आस्था बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाई नहीं कर पाई लेकिन इसकी अक्सर चर्चा होती है।

फिल्म 'आस्था' को लोगों ने भले ही पसंद ना किया हो लेकिन रेखा और ओमपुरी के इंटीमेट सीन के चलते ये छा गई थी। फिल्म में दोनों ने जमकर इंटीमेट सीन दिए थे। फिल्म 'आस्था' में रेखा और ओमपुरी ने पति-पत्नी का रोल किया था। दोनों के बीच कई इंटीमेट सीन थे। दोनों के एक एक इंटीमेट की सीन का अक्सर जिक्र होता रहता है। रिपोर्ट्स में बताया जाता है कि फिल्म 'आस्था' में रेखा और ओमपुरी को कुर्सी पर इंटीमेट सीन करना था। इस सीन में दोनों इतना ज्यादा खो गए कि कुर्सी टूट गई थी। रेखा और ओमपुरी के फिल्म 'आस्था' के इस सीन को लेकर ये भी कहा जाता है कि दोनों ये सीन सच में दिया था। इस सीन के दौरान काफी करीब आ गए थे। रेखा और ओमपुरी के इंटीमेट सीन के चलते ही फिल्म 'आस्था' चर्चा में रहती है। इसके अलावा ये फिल्म मेकर्स को कोई काफी फायदा नहीं पहुंचा पाई थी। फिल्म 'आस्था' का डायरेक्शन बासु भट्टाचार्य ने किया था। इस फिल्म में रेखा और ओमपुरी के अलावा नवीन निश्चल भी महत्वपूर्ण भूमिका में थे।

## यश और प्रियंका चोपड़ा तो कुछ नहीं

### 36 साल पहले इस विलेन को मिली थी सबसे ज्यादा फीस, फिल्म के हीरो से 12 गुना बढ़कर थी कमाई



बॉलीवुड में पिछले कुछ समय से फिल्मों का चलन काफी बदल गया है। जहां एक वक्त पर फिल्म का जरूरी हिस्सा सिर्फ हीरो होता था, तो वहीं अब विलेन को भी काफी अहमियत मिलने लगी है। इतना ही नहीं कई ऐसी फिल्में भी हैं, जिसमें लीड एक्टर से ज्यादा फीस विलेन को मिली है। हालांकि, अभी इसकी बात इसलिए हो रही है, क्योंकि नितेश तिवारी की मोस्ट अवेटेड अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में विलेन का किरदार निभाने के लिए कन्नड़ एक्टर यश को सबसे ज्यादा फीस मिल रही है। खैर, ये तो हो गई देश की बात, लेकिन दुनियाभर में देखें तो 36 साल पहले ही एक फिल्म आई थी, जिसने इस तरह का रिकॉर्ड बनाया हुआ है, हालांकि, कई सालों के बाद उसे तोड़ दिया गया। साल 1989 में एक फिल्म आई थी, जिसके विलेन को फिल्म के हीरो से लगभग 12 गुना ज्यादा फीस मिली थी। इतना ही नहीं अगर अभी के हिसाब से देखें, तो उस एक्टर ने यथ की फीस से दो गुने से भी ज्यादा की कमाई की थी।

हम जिस एक्टर के बारे में बात कर रहे हैं, उसका नाम जैक निकोलसन है, जिसको फिल्म 'बैटमैन' में विलेन के रोल के लिए सबसे ज्यादा फीस मिली थी। रिपोर्ट की मानें, तो जैक ने उस फिल्म के लिए 60 मिलियन डॉलर यानी लगभग 500 करोड़ रुपए चार्ज किए थे। 'बैटमैन' फिल्म के लीड एक्टर की बात की जाए, तो उसका किरदार माइकल कीटन ने निभाई है। उन्हें इस फिल्म के लिए 5 मिलियन डॉलर यानी 40 करोड़ रुपए मिले थे।जैक निकोलसन 3 बार ऑस्कर अवॉर्ड विनर रह चुके हैं। विलेन के तौर पर उन्होंने सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर के तौर पर करीब 7 साल तक रिकॉर्ड कायम किया था। बाद में टॉम क्रूज ने 'मिशन इम्पॉसिबल' के वक्त इस रिकॉर्ड को तोड़ा।

जैक निकोलसन ने केवल ऑस्कर ही नहीं बल्कि ग्रैमी, गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, बाफ्टा अवॉर्ड जैसे और भी कई सारे खिताब अपने नाम किए हैं। वहीं 'रामायण' में यश की बात करें, तो जानकारी के मुताबिक, फिल्म के लिए उन्हें 200 करोड़ रुपए मिल रहे हैं। हालांकि, कई जगह ये भी बताया जा रहा है कि वो अब इस फिल्म में को-प्रोड्यूसर के तौर पर भी होंगे, तो अगर फीस बदल सकती है। कहा जा रहा है कि एक्टर इस फिल्म के लिए प्रॉफिट शेयरिंग करेंगे लेकिन, 'केजीएफ' एक्टर की फिल्म में जितनी भी फीस होगी वो अभी तक देशभर के विलेन का किरदार निभा चुके एक्टर्स से ज्यादा होगी। यश के साथ ही साथ प्रियंका चोपड़ा भी विलेन के किरदार को लेकर चर्चा में हैं।

### गलत शख्स के हवाले कर दी बेटी

## फिल्मों के चक्कर में गलत फंस गई मोनालिसा? डायरेक्टर पर लगे आरोप



महाकुंभ 2025 मेले से वायरल हुई लड़की मोनालिसा सोशल मीडिया सेंसेशन बनी हुई है। मोनालिसा के छोटे से छोटे अप्डेट्स उनके फैंस बड़े ही चाव से देखते हैं खासकर जब से उन्हें पहली फिल्म ऑफर हुई है। ऐसे में अब हर कोई उनकी ट्रांसफॉर्मेशन पर टकटकी लगाए हुए है। इसी बीच मोनालिसा को फिल्म ऑफिर करने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा पर कुछ गंभीर आरोप लगे हैं। इस मोनालिसा के ट्रेनिंग के वीडियोज और इवेंट अटेंड करने वाले वीडियो से लेकर पढ़ाई करते वीडियो सभी चर्चा में बने है। हालांकि, अब प्रोड्यूसर जितेंद्र नारायण सिंह ने सनोज मिश्रा को लेकर कई खुलासे किए हैं। एक नीजी यूट्यूब चैनल को दिए एक इंटरव्यू में जितेंद्र नारायण सिंह ने सनोज मिश्रा पर मोनालिसा और उसकी फैमिली का फायदा उठाने का आरोप लगाया है।

जितेंद्र ने कहा कि उनका सनोज के साथ काम करने का एक्सपीरियंस खराब रहा है। दोनों ने तीन फिल्मों में साथ काम किया है। जितेंद्र ने सनोज को फ्रॉड कहा। इसके अलावा जितेंद्र ने सनोज की शराब की आदत को लेकर भी खुलासा किया। जितेंद्र ने कहा, 'मोनालिसा और उसकी फैमिली के लिए मुझे बुरा लग रहा है। वो लोग बहुत सिंपल और सीधे लोग हैं। लेकिन सनोज मिश्रा जैसे लोग उनके घर पहुंच गए हैं। और बिना किसी बैकग्राउंड चेक के उन्होंने अपनी बेटी उसके हवाले कर दी।' जितेंद्र नारायण ने ये भी दावा किया कि कोई भी निर्माता सनोज मिश्रा की फिल्म का सपोर्ट नहीं करेगा। इसलिए उनके पास फिल्म बनाने के लिए पैसे नहीं हैं।

## गोविंदा की बेटी टीना का बढ़ा वजन तो एक्टर ने दी सलाह

### बोले- फिट रहा करो, मोटी अच्छी नहीं लगती



गोविंदा की बेटी टीना आहूजा ने फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने की कोशिश की। वो सेकंड हैंड हसबैंड, ड्राइविंग मी क्रैजी जैसी 2-3 फिल्मों में दिखीं। लेकिन टीना अभी तक अपनी पहचान नहीं बना पाई। हालांकि, टीना आजकल काफी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पापा गोविंदा की सलाह के बारे में बात की। गोविंदा ने टीना को वजन कम करने की सलाह दी थी।

**गोविंदा ने दी टीना को सलाह**

टीना ने कहा कि उनके पापा हमेशा उन्हें फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। टीना ने कहा कि जयपुर में एक्सीडेंट के बाद उनका वजन बढ़ गया था क्योंकि वो एक साल तक वर्कआउट नहीं कर पाई थी। लेकिन उन्हें उस वक्त भी लगता था कि वो फिट हैं। लेकिन पापा गोविंदा के शब्दों ने उन्हें फिटनेस का मतलब समझाया। हालांकि, पिछले कुछ सालों में उनकी सलाह का असर कम हो गया है। लेकिन वो कोशिश पूरी करती हैं। कर्ली टेल्स से बातचीत में टीना ने कहा, 'अब वो नहीं कहते लेकिन टीनएज के समय से लगातार उन्होंने कहा। वो हमेशा कहते थे कि तुम फिट रहा करो, अच्छे लगने चाहिए। मोटे-अनहेल्दी अच्छे नहीं लगते।' टीना ने कहा कि उन्हें पापा की इस सलाह से कभी भी दिक्कत नहीं हुई। लेकिन जयपुर एक्सीडेंट के बाद चीजें बदल गईं।






# बच्चेदानी की 'रसौलियां'



बच्चेदानी में अनेक प्रकार की रसौलियां हो सकती हैं। इस लेख में खास किस्म की रसौली का वर्णन किया जा रहा है, जिसे अंग्रेजी में Fibromyoma या Fibroid कहते हैं। ये रसौलियां ज्यादातर 30-40 साल की स्त्रियों में देखी जा सकती हैं। एक महिला में इनकी संख्या 1 से लेकर अनेक हो सकती है।

एक ही मरीज में विभिन्न आकारों की रसौलियां देखने में आती हैं। इनका संबंध एक खास हार्मोन की मात्रा अधिक होने से माना जाता है। बच्चेदानी की व खास किस्म की रसौलियां ज्यादातर उन महिलाओं में देखी जाती हैं, जिनके या तो कोई संतान न हो या कम संतान हो।

जिन महिलाओ की बच्चेदानी में ऐसी रसौलियां हों, यदि उनमें गर्भ ठहर जाए जो गर्भकाल में इन रसौलियों में कुछ ऐसी तबदीलियां हो सकती हैं, जिनसे मरीज को काफी ज्यादा दर्द हो सकता है। प्रसव के बाद ये रसौलियां सिकुड़ कर छोटी हो जाती हैं। इन रसौलियों के कारण कई बार गर्भपात भी हो सकता है। यदि कोई बड़ी रसौली हो तो कई बार बच्चे की पैदाइश के समय मुश्किल भी हो सकती है।

### बच्चेदानी में होने वाली तरह-तरह की रसौलियां

लक्षणः इन रसौलियों के बच्चेदानी में होने से कई बार औरत को माहवारी समय पर नहीं आती या फिर माहवारी के दौरान खून काफी ज्यादा गिरता है। माहवारी के दिनों में मरीज को पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है।

बच्चेदानी की ये रसौलियां कई बार मरीज में कब्ज, पेशाब का बार-बार आना, पेशाब के रुकने अथवा पेशाब में रेशा हो जाने की शिकायतें भी पैदा कर सकती हैं। खून की नाड़ियों पर दबाव डाल कर रसौलियां शरीर के । किसी हिस्से में दर्द पैदा कर सकती हैं। कई बार इन रसौलियों में कुछ ऐसी तबदीलियां आ जाती हैं, जिनसे इनमें रेशा पड़ने की शिकायत हो सकती है।

उपचार : जिन स्त्रियों की उम्र 40 वर्ष से कम हो, कोई संतान न हो या कम बच्चे हों या रसौलियां कम हों, उनमें रसौलियों को निकाल देना ही काफी होता है। परंतु यदि महिला की उम्र 40 वर्ष से अधिक हो या अनेक रसौलियां हों, उनमें बच्चेदानी को निकाल देना ही बेहतर होता है।

# ऐसे दूर करें 'फेस ऑयल' से जुड़े भ्रम



**फेस ऑयल** को भी स्किन टाइप के अनुसार इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। बढ़ता प्रदूषण और लाइफस्टाइल सही नहीं होने पर स्किन मुरझाई सी नजर आने लगती है और इसका कारण है डैड सैल्स का जमा होना। ऐसे में रूटीन से हटकर स्किन की एक्स्ट्रा केयर करना बहुत जरूरी है। आजकल फेस ऑयल का इस्तेमाल ट्रैंड में है, जिसे लोग स्किन को मॉइश्चराइज करने से लेकर हाइड्रेट करने तक के लिए लगाते हैं।

फेस ऑयल की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे स्किन को बेहतर पोषण दिया जा सकता है। यह स्किन से डार्क स्पॉट्स व अन्य समस्याओं को खत्म करने का काम करता है।

वैसे फेस ऑयल को लेकर भी लोगों में कई भ्रम फैले हुए हैं। इस लेख में हम उन भ्रमों के बारे में बता रहे हैं, जिन पर भरोसा करने से पहले आपको कई बार सोचना चाहिए।

भ्रम : रोम छिद्र को कर देता है बंद

तथ्य : फेस ऑयल को लेकर यह भ्रम

फैला हुआ है कि ये चेहरे के रोम छिद्रों को क्लॉग यानी बंद कर देता है, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है।

फेस ऑयल एक ही सूरत में रोम छिद्रों को नुक्सान पहुंचाता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार फेस ऑयल को स्किन के टाइप के हिसाब से न लगाने पर ऐसा हो सकता है। चाहे फेस ऑयल हो या कोई भी प्रोडक्ट, हमेशा उसे स्किन टाइप को ध्यान में रखकर ही इस्तेमाल करना चाहिए।

भ्रम : ऑयली स्किन के लिए फेस ऑयल ठीक नहीं तथ्य : यह एक आम भ्रम है, जिस पर हर कोई आसानी से यकीन कर लेता है। चाहे स्किन ऑयली हो या नहीं, स्किन को ऑयल के जरिए पोषण प्रदान करना हमेशा जरूरी होता है।

हालांकि, ऑयली स्किन के लिए ऐसे प्रोडक्ट को चूज करते समय सतर्क रहना आवश्यक है। आपकी स्किन का टाइप ऑयली है, तो आपको मार्कीट में इसके लिए भी फेस ऑयल मिल जाएगा।

भ्रम : फेस ऑयल लगाने के बाद मॉइश्चराइजर नहीं लगाना चाहिए

तथ्य : अधिकतर लोगों को लगता है कि वे चेहरे पर ऑयल लगाने के बाद मॉइश्चराइजर की कोई जरूरत नहीं होती। स्किन पर कोई भी प्रोडक्ट लगाने के बाद हमेशा उसे मॉइश्चराइजर से लॉक करना चाहिए। फेस ऑयल से स्किन को हाइड्रेट रखा जा सकता है, लेकिन मॉइश्चराइजर से उसे हाइड्रेशन ही नहीं, पोषण भी मिलता है। फेस ऑयल के बाद मॉइश्चराइजर लगाने का रूटीन जरूर फॉलो करें।

# स्त्रियों में 'कमर दर्द' के कारण

**कमर दर्द की शिकायत** स्त्रियों में आम सुनी जाती है। । शायद ही कोई ऐसी औरत होगी जिसे अपने जीवन में कभी न कभी इस कष्ट का सामना न करना पड़ा हो। देखने में यह भी आया है कि मर्दों की तुलना में औरतों में यह समस्या ज्यादा होती है क्योंकि पहला - उनकी मांसपेशियां इतनी मजबूत नहीं होतीं, दूसरा गर्भ का बोझ सहने के लिए भी मांसपेशियों पर खिचाव पड़ता है और तीसरा कई स्त्रियों का काम कुछ इस प्रकार का होता है कि उनकी मांसपेशियां अधिक कमजोर हो जाती हैं।

### कई कारणों से हो सकता है दर्द

भिन्न-भिन्न मरीजों में कमर दर्द के भिन्न-भिन्न कारण देखने में आते हैं। कई बार एक मरीज में एक से ज्यादा कारण भी कमर दर्द पैदा कर सकते हैं। किसी भी स्त्री में कमर दर्द पैदा करने वाली अवस्थाएं कभी तो लेडी डाक्टर से संबंध रखती हैं, कभी मैडीकल विशेषज्ञ से, कभी हड्डियों के माहिर से और कभी मनोरोग विशेषज्ञ से, परन्तु यहां यह जानना भी असंगत नहीं कि इस बीमारी के मरीज के लिए यह जानना और समझना बहुत कठिन होता है कि इस तकलीफ के लिए किस विशेषज्ञ की सेवाएं हासिल करने के लिए प्रयत्नशील होना चाहिए, इसलिए इलाज में देरी होती है।

औरतों में कमर दर्द पैदा करने वाले कई कारण ऐसे हैं, जो बच्चेदानी अथवा इसके निकटवर्ती हिस्से से संबंध रखते हैं। मिसाल के तौर पर भार पड़ने की शिकायत से अथवा बच्चेदानी के पीछे गिरने से कमर दर्द की शिकायत आम हो जाती है। यहां यह बात स्मरणीय है कि भार पड़ने की वजह से पैदा हुई कमर दर्द मरीज के लेटने से झटपट ठीक हो जाती है।

इसी तरह बच्चेदानी के मुंह पर होने वाली सूजन कई बार कमर दर्द का कारण बन जाती है। पेट में किसी भी बड़ी रसौली के कारण मांसपेशियां खिंच जाती हैं और इस तरह कमर दर्द का कारण बनती हैं। कई प्रकार की बीमारियां, जो मांसपेशियों को प्रभावित करती हैं, कमर दर्द का कारण बन जाती हैं। इसमें प्रमुख हैं रीह दर्द, मांसपेशियों की सूजन, डिस्क स्लिप, रीढ़ की हड्डी के बीच किन्हीं दो मनकों में से खिसक जाने के कारण पैदा हुई दर्द। कई प्रकार की चोट या खिंचाव भी ऐसे दर्द का कारण



बन सकते हैं जैसे कि मोटापा, उठने-बैठने का गलत तरीका, निकला हुआ पेट, ऊंची एड़ी वाली जूतियां। स्पष्ट है कि औरतों में कमर दर्द एक नहीं, अनेक कारणों से हो सकता है।

### उपचार

मरीज डाक्टर के पास पहुंचता है तो इस तकलीफ का मूल कारण खोजने की कोशिश की जाती है। ऐसा करने के लिए मरीज से पूरी जानकारी ली जाती है और साथ ही प्रभावित हिस्से के एक्स-रे भी जरूरत अनुसार करवाए जाते हैं। कई बार कुछ और टैस्ट (एम. आर. आई. आदि) भी करवाए जाते हैं। मूल कारण पता लगने पर उसका उपचार किया जा सकता है।

जिन मरीजों में कोई ऐसा ठोस कारण कमर दर्द के लिए नहीं होता, उन्हें कुछ दर्दनाशक दवाइयों के इस्तेमाल की और यह सलाह भी दी जाती है कि वे समतल सतह वाली किसी चीज पर सोने की आदत डालें, जरूरत अनुसार बताई गई कसरत करें तथा अपने उठने-बैठने के तरीके में जरूरी सुधार करें। साथ ही अपने हौसले बुलंद रखें।

# इन टिप्स से हाथ रहेंगे 'मुलायम और खूबसूरत'

क्रब त्वचा की डैड स्किन को हटा कर त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करते हैं। यहां बता रहे हैं कि हाथों के लिए आप घर पर बने स्क्रब का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

अधिकतर लोग चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन अक्सर हाथों की देखभाल को नजरअंदाज कर देते हैं। हाथों पर जमी गंदगी हमारी खूबसूरती को कम कर देती है।

ऐसे में त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए आप होममेड स्क्रब का इस्तेमाल करें, जो डैड स्किन सैल्स को हटाने तथा त्वचा की गंदगी को दूर करने में मदद करेगा। इससे आपकी त्वचा मुलायम और कोमल बनी रहेगी।

कॉफी और कच्चा दूध

एक कटोरी में 1 से 2 चम्मच कॉफी पाऊडर लें। इसमें थोड़ा-



सा दूध मिलाएं। इन दोनों को मिलाकर अच्छे से हाथों को स्क्रब करें। इसके बाद इसे 10 से 12 मिनट के लिए हाथों पर लगा रहने दें। ये आपकी हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेगा।

चीनी और एलोवेरा

एक कटोरी में 1 से 2 चम्मच चीनी लें। इसमें एलोवेरा जैल डालें। इन दोनों को अच्छे से मिलाकर हाथों पर लगाएं। इससे गोल- गोल करके मसाज करें। इसे 5 से 10 मिनट के लिए लगा रहने दें। यह स्क्रब डैड स्किन को अच्छे से हटा देगा।

ओट्स और दही

एक कटोरी में 2 से 3 चम्मच पिसे हुए ओट्स लें। ओट्स में 1 बड़ा चम्मच दही डालें और अच्छे से मिला लें। इस स्क्रब से हाथों की कुछ देर तक मसाज करें। इसके बाद इसे 15 से 20 मिनट के लिए ऐसे ही लगा रहने दें। इसके बाद त्वचा को सादे पानी से धो लें।

शहद और चीनी

एक कटोरी में चीनी और शहद लें। इसमें नींबू का रस डाल कर इन सारी चीजों को एक साथ मिला लें। अब इससे हाथों की मसाज करें। इसे कुछ देर के लिए लगा रहने दें। इसके बाद त्वचा को सादे पानी से धो लें। यह त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करेगा।

ओट्स और दूध

एक बड़ी कटोरी में 1 चम्मच ओट्स लें। इसमें दूध और शहद डाल कर इन सारी चीजों को अच्छे से मिला लें। इससे त्वचा की कुछ देर तक मसाज करें। ये स्क्रब डैड सैल्स को हटाने का काम करेगा। यह आपकी त्वचा को ग्लोइंग और मुलायम बनाने में मदद करेगा।

नोट : आप हफ्ते में 1 से 2 बार इन स्क्रब्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

# ऐसे बनाएं अपनी पीठ को आकर्षक

बैकलैस व डीप नैक के फैशन के दौर में सबसे जरूरी है आपकी पीठ का साफ व सैक्सी होना। अगर आपकी पीठ की त्वचा साफ है तो बेशक आपकी रंगत सांवली ही क्यों न हो, आप बैकलैस में आकर्षक नजर आएंगी।

हम अक्सर अपने चेहरे के निखार के लिए तो प्रयासरत रहते हैं और नित नए सौंदर्य प्रसाधनों का भी प्रयोग चेहरे पर करते हैं, पर पीठ को प्रायः अनदेखा ही करते हैं। चेहरे की तरह शरीर की सम्पूर्ण त्वचा को देखभाल की आवश्यकता होती है। आइए जानें कैसे आप अपनी पीठ की देखभाल कर उसे आकर्षक बना सकती हैं-

* पीठ की सही तरह से क्लींजिंग करें। अगर आपके हाथ पीठ पर सही तरह से नहीं पहुंचते तो बाथब्रश का इस्तेमाल करें। सप्ताह में दो तीन बार माइश्चराजर भी लगाएं ताकि वहां की त्वचा की नमी बनी रहे। हर 15 दिन पश्चात ब्यूटी पार्लर जाकर पीठ की मसाज कराएं। घर पर भी आप किसी की सहायता ले मसाज कर सकती हैं।

* अगर आप धूप में बाहर जा रही हैं और लोअर नैक पहना हुआ है तो बाहर जाने के कम से कम 20-25 मिनट पूर्व कोई सन ब्लॉक लगाएं। अगर आपको सन एलर्जी है तो टाइटेनियम डाईआक्साइड युक्त सन ब्लैक का इस्तेमाल करें।



* पीठ की मृत त्वचा को हटाने के लिए सप्ताह में एक बार पीठ की त्वचा पर स्क्रब का प्रयोग करें जिससे मृत सैल हटें व त्वचा सांस ले सके।

* अगर आपकी पीठ की त्वचा पर बाल हैं तो आप ब्लीच या वैक्स करें। इसके लिए आप लेजर हेयर रिमूवर भी करा सकती हैं, पर यह थोड़ी महंगी तकनीक है।

* स्लिम व छरहरी दिखना अच्छी बात है, पर अगर आप इसके लिए वसा रहित भोजन ले रही हैं तो इसका प्रभाव आपकी त्वचा पर साफ नजर आएगा। आपकी त्वचा रूखी व चमकहीन नजर आएगी, इसलिए आवश्यक मात्रा में वसा का सेवन अवश्य करें।

* अगर आपकी त्वचा एक्ने की शिकार है तो सोडियम युक्त भारी भोजन का सेवन न करें। अधिक तैलीय खाद्य पदार्थ भी न खाएं। प्रोफैशनल ट्रीटमैंट की सहायता से आप एक्ने से छुटकारा पा सकती हैं।

# इगो और गुस्सा से रिश्ते में खत्म हो रहा है प्यार, तो अपनाएं ये टिप्स

**रिश्ते में गुस्सा और** अहंकार आ जाता है तो संबंध बिगड़ने लगते हैं। अहंकार के कारण रिश्ते में बार-बार तकरार होने लगती है और गुस्सा व ईगो उनके बीच की लड़ाई को कम नहीं होने देता है। ऐसे में रिश्ते में दूरी आना स्वाभाविक है। लोग अपने पार्टनर से प्यार तो करते हैं लेकिन अगर ईगो और गुस्से के कारण लड़ाई अक्सर होने लगे तो प्यार भी कम होने लगता है। आए दिन के झगड़े उन्हें एक दूसरे से दूर करने लगते हैं और रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। आइए जानते हैं अगर रिश्ते में अहंकार और ईगो आ जाए तो कैसे प्यार को बरकरार रखा जाए और रिश्ते को सुधारा जाए।

### बातों को दिल से न लगाएं

अगर रिश्ते में प्यार और अहसास को बनाए रखना चाहते हैं तो पार्टनर की गुस्से या ईगो में कही गई बात को दिल से न लगाएं। छोटी-छोटी बातों को दिल



से लगाने से नाराजगी बढ़ती जाती है और रिश्ते में कड़वाहट आने लगती है। गुस्सा और ईगो में कही गई बातों को इग्नोर करें।

### ईर्ष्या महसूस करने से बचें

जब पार्टनर दोस्तों के साथ बाहर जाए तो गलत तरह के विचार न आने दें। ईर्ष्या या जलन की भावना से रिश्ता आसानी से बर्बाद हो सकता है। अहंकार की एक बड़ी वजह जलन भी हो सकती है। इसलिए रिश्ते में ईर्ष्या और जलन को न आने दें।

### बातचीत करें

कपल के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो जाए तो बातचीत बंद न करें। जब दो लोगों के बीच संवाद नहीं होता तो उनके बीच दूरी बढ़ने लगती है। ज्यादातर कपल गुस्से और ईगो में अपने साथी से बातचीत करना बंद करते हैं। यह उनके बीच दूरियों की सबसे बड़ी वजह बन जाती है। संवाद के जरिए परेशानियों को दूर करें।

### खुद पर ध्यान दें

जिससे आप प्यार करते हैं, उसपर बहुत अधिक ध्यान देते हैं। ऐसे में आपकी अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं। आप उम्मीद करते हैं कि जितना आप उनके लिए करते हैं, वह भी उतना ही वक्त आपको दें और आपके साथ रहें। लेकिन जब वह आपकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरते तो नाराजगी आ जाती है। इस पर गुस्सा और ईगो बात और बिगाड़ देता है। बेहतर होगा कि खुद से प्यार करना और खुद पर ध्यान देना भी सीखें। जब आप खुद पर ध्यान देंगे तो पार्टनर का ध्यान भी आप पर जाएगा। यहां खुद पर ध्यान देना का एक अर्थ यह भी है कि पार्टनर के गुस्से और ईगो पर नाराजगी जताना एक बात है लेकिन खुद आप गुस्से और ईगो में रिश्ते खराब तो नहीं कर रहे, इस पर भी ध्यान दें।

# मेकअप के भारी खर्चों से बचाएंगे ये 'सिम्पल टिप्स'

मेकअप आजकल का ट्रेंड बन गया है। बाजार में कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं, जो मेकअप करने के काम आते हैं। चाहे कोई पार्टी हो या शादी, हर कोई बैस्ट और स्टाइलिश लुक के साथ दिखना चाहता है। इसके लिए आप पार्लर का रुख करती हैं, जहां बेहिसाब खर्च भी कर देती हैं।

बहरहाल, अगर आप भी पार्लर के चक्कर लगाकर थक चुकी हैं, तो हम आपको सिंपल मेकअप टिप्स के बारे में बताएंगे, जिनकी मदद से आप किसी भी इवेंट के लिए खुद को बहुत आसानी से तैयार कर सकती हैं।

### कोहल आई मेकअप लुक

आपने इंटरनैट पर तो अनेक मेकअप लुक्स देखे होंगे, लेकिन कोहल आई मेकअप लुक बेहद क्लासिक नजर आता है। इस बात का ध्यान रखें कि ऐसे मेकअप के लिए सबसे पहले ब्राऊन आईशैडो को लिड एरिया में अच्छी तरह लगा



कर ब्लैंड करना होगा।अब आपको ब्लैक कलर की काजल पैंसिल से वाटर लाइन और आईलाइनर के स्थान पर इसका इस्तेमाल करना होगा।

### ग्लॉसी मेकअप

ग्लॉसी मेकअप आपके चेहरे को फ्रैश लुक देने में मददगार साबित होता है। खासकर फंक्शन में इस तरह के मेकअप लुक का चुनाव किया जाता है। ग्लॉसी मेकअप लुक के लिए पीच कलर का इस्तेमाल करना होगा। लुक को फ्रैश बनाने के लिए आप ग्लॉस का इस्तेमाल करें। इस तरह का मेकअप फ्लोरल ऑऊटफिट के साथ बेहतर लगेगा।

खास तरह का मेकअप

'हलका' मेकअप खास है क्योंकि यह रात और दिन दोनों समय के लिए बैस्ट रहता है। इसे आप हर तरह के ट्रैडिशनल ऑऊटफिट के साथ ट्राई कर सकती हैं। 'हलके 'मेकअप के लिए सबसे पहले आंखों के लिड एरिया में त्वचा की रंगत से मिलता-जुलता कलर लगाएं। फिर ब्लैंड करते हुए पिक कलर जैसी लुक पैदा करें। अब आप शैम्पेन गोल्ड कलर को इनर कॉर्नर से लेकर हाफ लिड एरिया तक लगाएं। इसके बाद ब्रश की मदद से इसे अच्छी तरह फैला लें। आप अपनी स्किन के हिसाब से वार्म पिंक कलर को अपने लिप्स के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कुछ अन्य टिप्स

* मेकअप करने से पहले चेहरे को हल्के फेसवॉश या गुनगने पानी से धो लें।* मेकअप करने से पहले ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर से चेहरे की मसाज करें।

* पहले माथे, नाक, ठुड्डी और गालों पर फाऊंडेशन के डॉट्स लगाकर उंगलियों से धीरे- धीरे थपथपाते हुए फाऊंडेशन को ब्लैंड करें। आप चाहें तो गीले स्पन्ज से भी फाऊंडेशन को अच्छी तरह ब्लैंड कर सकती हैं।

* फाऊंडेशन लगाने के बाद दाग-धब्बे नजर आएं तो कंसीलर से उन्हें कवर कर लें।



# अगले कुछ महीनों में हो जाएगा भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## केंद्रीय मंत्री बोले- 500 अरब डॉलर का लक्ष्य




नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा पर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 500 अरब डॉलर तक लेकर जाने का लक्ष्य तय किया गया है। अब केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक मजबूत व्यापार समझौते पर अगले 6-8 महीने बातचीत होगी। पीयूष गोयल ने कहा कि अभी अमेरिका में उनके समकक्ष मंत्री ने पद नहीं संभाला है, जैसे ही वे पद संभालेंगे, तो दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत की जाएगी।

**गोयल बोले- समझौते को लेकर दोनों देशों के उद्योग जगत में उत्साह**

पीयूष गोयल ने कहा कि हम दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 500 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए समर्पित हैं। पीयूष गोयल ने भारत-कतर बिजनेस फोरम की बैठक से इतर मीडिया से बात करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के व्यापार जगत के लोग इस सौदे को लेकर उत्साहित हैं। बता दें कि सामान्य तौर पर मुक्त व्यापार समझौते में दोनों व्यापारिक साझेदार देश या तो कस्टम ड्यूटी को पूरी तरह से खत्म कर देते हैं या फिर बड़े पैमाने पर घटा देते हैं। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियम और शर्तों में भी ढील दी जाती है।

**ट्रंप की पिछली सरकार में भी दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर हुई थी बात**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी भारत और अमेरिका के बीच एक छोटे व्यापार सौदे पर चर्चा हुई थी, लेकिन जो बाइडन सरकार ने उस छोटे व्यापार सौदे को टाल दिया था। उल्लेखनीय है कि साल 2023 में, वस्तुओं और सेवाओं में अमेरिका और भारत का द्विपक्षीय व्यापार 190.08 अरब डॉलर रहा, जिसमें वस्तुओं में 123.89 अरब डॉलर और सेवाओं के व्यापार में 66.19 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था।

साल 2023 में अमेरिका को भारत ने 83.77 अरब डॉलर कीमत का माल निर्यात किया था, जबकि आयात 40.12 अरब डॉलर था। इस तरह अमेरिका को करीब 43 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था। अप्रैल 2000 और सितंबर 2024 के दौरान भारत को अमेरिका से 67.8 बिलियन अमरीकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ।

# सोना 471 रुपए बढ़कर 85,725 रुपए पर पहुंचा : चांदी 95,959 रुपए किलो बिक रही



नई दिल्ली,18 फरवरी (एजेंसियां)। सोना-चांदी के दाम में आज यानी 18 फरवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 471 रुपए बढ़कर 85,725 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 85,254 रुपए पर था। वहीं 14 फरवरी को सोने ने 86,089 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। एक किलो चांदी की कीमत 13 रुपए बढ़कर 95,959 रुपए किलो हो गई है। कल चांदी का भाव 95,946 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,100 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,950 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 79,700 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 86,950 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,950 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,000 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 86,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 79,700 रुपये है।

# बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग सेंसेक्स 29 अंक टूटा, निफ्टी 22950 से नीचे

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कंपनियों की आय में मंदी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से मंगलवार को प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सपाट बंद हुए। सुबह से बाजार में जारी कमजोरी के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 29.47 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 75,967.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 465.85 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 75,531.01 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 14.20 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 22,945.30 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स के टॉप लूजर्स और टॉप गेनर्स शेयर कौन रहे?**

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी और एशियन पेंट्स सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। एनटीपीसी, जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक के शेयरों में तेजी रही। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 3,937.83 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।

**बाजार में विदेशी बिकवाली की चिंता बरकरार**



स्टॉक्सबॉक्स के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक, चार्टर्ड मार्केट टेक्नीशियन, सीएफटीई, अमेय रणदिवे ने कहा, ₹मंगलवार को भारतीय ब्लू-चिप इक्विटी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी-50, मामूली गिरावट के साथ बंद हुए, जिसका मुख्य कारण आय में मंदी और चल रही विदेशी बिकवाली को लेकर चिंता थी, जिससे बाजार की धारणा प्रभावित हुई।₹ एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार अधिकतर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को 'प्रेसिडेंशियल डे' के मौके पर अमेरिकी बाजार बंद रहे।

**ब्रेंड क्रूड में 0.73% की बढ़त**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.73 प्रतिशत बढ़कर 75.77 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को सेंसेक्स 57.65 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 75,996.86 पर बंद हुआ, जिससे आठ दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया था। निफ्टी 30.25 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़कर 22,959.50 पर पहुंच गया था।

# भारत व इटली ने कृषि, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा




नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)।भारत और इटली ने कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे और परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवर सचिव मारिया त्रिपोदी और भारत में इटनी के राजदूत एंटोनियो बार्टोली से मुलाकात की। इन नेताओं ने मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों का पता लगाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की। सोमवार को सोशल मीडिया पर बातचीत करते हुए गोयल ने बैठक को उत्पादक बताया और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। गोयल ने कहा, इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवर सचिव महामहिम मारिया त्रिपोदी और भारत में इटली के राजदूत महामहिम एंटोनियो बार्टोली के साथ एक उत्पादक बैठक हुई। द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे और परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। सोमवार को सोशल मीडिया पर बातचीत करते हुए गोयल ने बैठक को उत्पादक बताया और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। गोयल ने कहा, इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवर सचिव महामहिम मारिया त्रिपोदी और भारत में इटली के राजदूत महामहिम एंटोनियो बार्टोली के साथ एक उत्पादक बैठक हुई। द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे और परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। मंत्री ने अपनी आगामी यात्रा के दौरान सेफकोविक का भारत में स्वागत करने की उत्सुकता व्यक्त की। गोयल और सेफकोविक के बीच चर्चा से दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने में योगदान मिलने की संभावना है। मगोयल ने (एमएससी) के सीईओ सोरेन टॉफ्ट और एमएससी एजेंसी इंडिया के प्रबंध निदेशक दीपक तिवारी से भी मुलाकात की।

# 1 बिलियन डॉलर लो और नाम बदल दो, एलन मस्क ने विकिपीडिया को फिर दिया ऑफर



वाशिंगटन, 18 फरवरी (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क आए दिन अपने एक्स पोस्ट की वजह से चर्चा में रहते हैं. उनकी तरफ से अक्सर ऐसे पोस्ट किए जाते हैं, जिनकी चर्चा पूरी दुनिया के मीडिया में होती है. ऐसा ही कुछ उन्होंने विकिपीडिया के नाम को लेकर पोस्ट किया है. एलन मस्क चाहते हैं कि विकिपीडिया को अपना नाम बदल लेना चाहिए.इसके लिए वह विकिपीडिया को बड़ी रकम का ऑफर पहले भी कर चुके हैं. अब अपनी इसी बात को दोहराते हुए एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह एक बार फिर विकिपीडिया को 1 बिलियन डॉलर देने की पेशकश कर रहे हैं, लेकिन शर्त वही है कि उसे अपना नाम बदलना होगा.दरअसल, मस्क ने पिछले साल अक्टूबर 2023 में एक मज़ाकिया ऑफर दिया था कि अगर विकिपीडिया अपना नाम डिकिपीडिया रख ले, तो वो उसे 1 बिलियन डॉलर देंगे. हाल ही में, जब एक ट्विटर यूज़र जॉन के मीम्स ने मस्क से पूछा, क्या यह ऑफर अब भी लागू है?, तो मस्क ने जवाब दिया, हां, ऑफर अब भी कायम है. मस्क ने विकिपीडिया पर चुटकी लेते हुए ये भी कहा कि जब भी वो विकिपीडिया पर कोई पेज खोलते हैं, तो साइट फंडिंग के लिए पैसे मांगती रहती है. एक एक्स यूज़र पीआईएट ने एक मज़ेदार मीम शेयर किया, जिसमें 'विकिपीडिया' लिए लिखा था, विकिपीडिया हर बार जब मैं उसका पेज खोलता हूं, वह पैसे मांगने लगता है. इस पर मस्क ने हंसते हुए जवाब दिया, हर बार!सिर्फ यही नहीं, अक्तूबर 2023 में एलन मस्क ने अपने समर्थकों से विकिपीडिया के लिए पैसा देना बंद करने की भी अपील की थी. उन्होंने इसे वोकपीडिया कहकर तंज कसा था और आरोप लगाया था कि विकिपीडिया का बजट विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) जैसे प्रोग्राम्स पर बेवजह खर्च हो रहा है. मस्क ने एक रिपोर्ट को शेयर करते हुए लिखा था, जब तक विकिपीडिया अपने एडिटिंग सिस्टम को संतुलित नहीं करता, तब तक इसे डोनेशन देना बंद करो!

# 10 रुपए में कोल्ड ड्रिंक बेचने की लगी रेस, कंपनियों को हो न हो आपका जरूर होगा फायदा

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। गर्मियों के सीजन की शुरुआत होने वाली है ऐसे में गर्मी में बिकने वाले प्रोडक्ट्स की डिमांड भी तेजी से बढ़ रही है। गर्मी के लिए कंज्यूमर्स के साथ साथ कंपनियों ने भी उन्हें इस गर्मी में सस्ते में ठंडे का अहसास का दिलाने के लिए कमर कस ली है। गर्मियों के मद्देनजर कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट इंडस्ट्री भी एक्टिव हो गई है और मार्केट में ज्यादा कंज्यूमर्स जोड़ने की स्ट्रैटेजी पर काम कर रही है। गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग कोल्ड ड्रिंक या छाछ पीते हैं। ऐसे मेंकैम्पा से लेकर कोका कोला और अमूल जैसी दिग्गज कंपनियां गर्मियों में



अपनी सेल बढ़ाने और प्रतिद्वंदियों को टक्कर देने के लिए 10 रुपये के प्रोडक्ट बेचने को बेताब हैं।

**10 रुपए का सामान बेचने को तैयार**

मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक, डेयरी प्रोडक्ट्स से लेकर फ्रूट ड्रिंक्स और सॉफ्ट ड्रिंक्स तक, दिग्गज कंपनियां कार्बोनेटेड ड्रिंक सेगमेंट में अपनी जगह बनाने में लगी हैं। इसके अलावा, अमूल, पारले एग्रो, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स खासतौर पर कैम्पा और कोका कोला जैसी कंपनियां भी अपने 10 रुपये के प्रोडक्ट मार्केट में उतारने को तैयार हैं।

**सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट में हलचल**

मुकेश अंबानी की रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने हाल ही में सीएएमपीए ब्रांड को फिर से भारत में लॉन्च करके कम कीमत वाले कार्बोनेटेड ड्रिंक मार्केट में हलचल मचा दी है। इसके बाद कंपनी ने स्पिनर और रसिका ग्लुको ड्रिंक भी रुपए में मार्केट में लांच की है, जिससे सस्ते ड्रिंक मार्केट में कम्पटीशन बढ़ गया है।कैम्पा को टक्कर देने और कस्टमर्स को आकर्षित करने के लिए कोका कोला ने भी इस प्राइस कैटेगरी में अपनी रणनीति को मजबूत किया है। कोका कोला ने सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट में कम्पटीशन बढ़ाने के लिए 10 रुपए में छोटी बोतल लॉन्च करने का प्लान बनाया है। इसके अलावा 2021 में पारले एग्रो ने फ्रूटी का 10 रुपये कीमत वाला छोटा पैक लॉन्च किया है।

# ग्रे मार्केट में औंधे मुंह गिरा यह आईपीओ




नई दिल्ली,18 फरवरी (एजेंसियां)। शेयर मार्केट में जहां गिरावट का दौर चल रहा है तो वहीं इसका असर आईपीओ पर भी दिखाई दे रहा है। मेन बोर्ड से एक आईपीओ ग्रे मार्केट में धड़ाम हो गया है। इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) जीरो हो गया है। हालांकि इसकी शुरुआत भी बहुत धमाकेदार नहीं हुई थी। इस आईपीओ का नाम क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट लिमिटेड है।इस आईपीओ का इश्यू साइज 858.70 करोड़ रुपये है। कंपनी ने 225 करोड़ रुपये के 53 लाख फ्रेश शेयर जारी किए हैं। वहीं ओएफएस के तहत 633.70 करोड़ रुपये के 1.49 करोड़ शेयर जारी किए हैं। यह आईपीओ 14 फरवरी को खुला था। इसमें बोली लगाने की आखिरी तारीख 18 फरवरी है। इसकी लिस्टिंग 21 फरवरी को हो सकती है।

**क्या है प्राइस बैंड?**

इसकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। वहीं इसका प्राइस बैंड 401 से 425 रुपये प्रति शेयर है। एक लॉट में 26 शेयर हैं। इसके लिए 11,050 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल निवेशक अधिकतम 18 लॉट बुक करा सकता है।

**कैसी है ग्रे मार्केट में स्थिति?**

यह आईपीओ ग्रे मार्केट में औंधे मुंह गिर गया है। मंगलवार सुबह 10 बजे इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) जीरो था। हालांकि इस आईपीओ के खुलने से पहले इसका जीएमपी अधिकतम 35 रुपये था। लेकिन इसके बाद इसमें गिरावट आती गई।

14 फरवरी को जिस दिन यह आईपीओ खुला था, उस दिन इसका जीएमपी मात्र 5 रुपये रह गया था। दो दिन इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। कल यानी सोमवार को इसका जीएमपी जीरो हो गया जो मंगलवार सुबह को भी जारी रहा। इसका मतलब हुआ कि यह आईपीओ अपने इश्यू प्राइस पर ही लिस्ट हो सकता है। यानी निवेशकों को लिस्टिंग पर कुछ भी रिटर्न नहीं मिलेगा।

**क्या करती है कंपनी?**

इस कंपनी की स्थापना साल 2001 में हुई थी। कंपनी ग्रिड कनेक्टिविटी और एनर्जी ट्रांजिशन के लिए हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिक इक्विपमेंट और सॉल्यूशंस प्रदान करती है। कंपनी हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) और फ्लेक्सिबल एसी ट्रांसमिशन सिस्टम (तथ्य) नेटवर्क के लिए हाई वोल्टेज इक्विपमेंट बनाती है। इनका इस्तेमाल रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में होता है।

**कंपनी क्या करेगी रकम का?**

कंपनी आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल विभिन्न उद्देश्यों के लिए करेगी। इस रकम का कुछ इस्तेमाल मेहरू इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए किया जाएगा। साथ ही कंपनी प्लांट और मशीनरी खरीदने में भी रकम का इस्तेमाल करेगी। इसके अलावा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए भी रकम का इस्तेमाल किया जाएगा।

# फिर से रॉकेट हुआ महाकुंभ जाने का हवाई किराया, 30 हजार रुपये के पार मुंबई से प्रयागराज की टिकट



नई दिल्ली,18 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का समापन होने में कुछ ही दिन बचे हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर शाही स्नान है। इसी के साथ महाकुंभ का समापन हो जाएगा। अगर आप इन आखिरी दिनों में विमान से प्रयागराज जाने की सोच रहे हैं तो आपको जेब ज्यादा खाली करनी पड़ सकती है। प्रयागराज के लिए हवाई किराये में फिर से तेजी आ गई है। महाकुंभ के आखिरी दिनों में प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट का किराया साधारण किराये के मुकाबले 8 गुना तक बढ़ गया है। बात अगर दिल्ली से प्रयागराज की करें तो यह किराया 25 हजार रुपये से ज्यादा चला गया है। वहीं मुंबई से प्रयागराज का किराया 30 हजार रुपये के पार हो गया है। मेकमाईट्रिप वेबसाइट के अनुसार दिल्ली से मुंबई तक का साधारण हवाई किराया करीब 4 हजार रुपये है। लेकिन महाकुंभ के आखिरी दिनों में इसमें बहुत तेजी आई है। वेबसाइट के मुताबिक अब आप 24 फरवरी को प्रयागराज जाना चाहते हैं तो विमान का किराया 25,474 रुपये प्रति यात्री खर्च करना पड़ेगा। वहीं अगले दिन यानी 25 फरवरी को किराया 17,529 रुपये प्रति यात्री है। मुंबई से प्रयागराज के किराए ने होश उड़ा दिए हैं। इसमें 8 गुना से ज्यादा तक की तेजी आई है। अगर आप कल यानी बुधवार को प्रयागराज जाना चाहते हैं तो आपको 32,503 रुपये प्रति यात्री किराया चुकाना होगा। 25 फरवरी तक का प्रयागराज का किराया 15 हजार रुपये प्रति यात्री से कम नहीं है। दिल्ली, मुंबई के अलावा देश के दूसरे शहरों से भी प्रयागराज के लिए किराया बढ़ गया है। बेंगलुरु से प्रयागराज तक का किराया 12 हजार रुपये से 38 हजार रुपये प्रति यात्री पहुंच गया है।पटना से भी किराया काफी महंगा हो गया है। 21 फरवरी को यह अधिकतम 27 हजार रुपये प्रति यात्री है। वहीं 26 फरवरी का किराया 11 हजार रुपये से कुछ ज्यादा है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। इस दिन महाकुंभ का शाही स्नान है। ऐसे में कुंभ में जाने वालों की संख्या में तेजी आई है। इसके चलते विमान के जरिए प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे हवाई किराया आसमान पर पहुंच गया है।यह पहली बार नहीं है जब प्रयागराज जाने के लिए हवाई किराए में तेजी आई है। पिछले महीने में भी इसमें काफी तेजी आई थी।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 | सूर्योदय - 06-44, सूर्यास्त - 18-16
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- कुंभ | मे | कुंभ... | 06-21 बजे |
| चंद्र- तुला | मे | मीन.... | 08-00 बजे |
| मंगल मिथुन | मे | मेष--- | 09-36 बजे |
| बुध- कुंभ | मे | वृष--- | 11-20 बजे |
| गुरु- वृष | मे | मिथुन.. | 13-21 बजे |
| शुक्र- मीन | मे | कर्क.... | 15-13 बजे |
| शनि- कुंभ | मे | सिंह--- | 17-46 बजे |
| राहु- मीन | मे | कन्या... | 19-52 बजे |
| केतु- कन्या | मे | तुला.... | 21-58 बजे |
| | | वृश्चिक... | 00-08 बजे |
| | | धनु...... | 02-21 बजे |
| | | मकर... | 04-41 बजे |

दिशाशूल - उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी . 07-32 तक उपरान्त सप्तमी
मास - फाल्गुन कृष्ण , बुधवार 19 February
नक्षत्र - स्वाति 10-38 अहोरात्र तक विशाखा
योग - वृद्धि 10-47 तक उप ध्रुव
करण- वणिज 07-32 तक उप विष्टी
विशेष:-
व्रत -त्योहार - भद्राकाल - 07-32

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 12:30 से 13:57 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ. | 06:44 - 08:09 शुभ | उत्पात | 18:16 - 19:51 अशुभ |
| अमृत | 08:09 - 09:36 शुभ | शुभ | 19:51 - 21:24 शुभ |
| काल | 09:36 - 11:03 अशुभ | अमृत. | 21:24 - 22:57 शुभ |
| शुभ | 11:03 - 12:30 शुभ | चंचल | 22:57 - 00:30 शुभ |
| रोग | 12:30 - 13:57 अशुभ | रोग | 00:30 - 02:03 अशुभ |
| उत्पात | 13:57 - 15:24 अशुभ | काल | 02:03 - 03:35 अशुभ |
| चंचल | 15:24 - 16:51 शुभ | लाभ | 03:35 - 05:08 शुभ |
| लाभ | 16:51 - 18:16शुभ | उत्पात | 05:08 - 06:44 अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज आपको अत्यधिक खर्चों का सामना करना पड़ सकता है इसलिए नहीं की वो खर्चे दूर नहीं किये जा सकते थे बल्कि इसलिए की आप खुद उन खर्चों को करना चाहते थे । यह ठीक है की आप अपने मुश्किल समय के लिए पैसे बचाते है जो की बुद्धिमता वाला काम है लेकिन आज आप अपने या अपने किसी ख़ास व्यक्ति जो आपके बहुत निकट है के लिए किसी छोटी सी पार्टी का अयोजन कर सकते है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज के दिन आपको अपनी आर्थिक समस्याओ से निजात पाने के लिए एक व्यवहार्य समाधान मिल सकता है और उसे लागू करने के लिए उचित दिशा में आप पहला कदम उठायेंगे । पिछले कुछ समय से धन की समस्याओं ने आप की नाक में दम किया हुए था परन्तु अब आप काफी हद तक इस पर काबू पा पाएंगे हालाँकि ये कदम कुछ मुशिकल हो सकता है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
जिन परियोजनाओं पर आप लम्बे समय से लग्न के साथ कार्य कर रहे थे , इस मोड़ पर आप उन्हें सार्वजनिक कर सकते है, और इस तरह से आप अपनी शैली में मंच पर आगे की ओर शान से रुख कर सकते है । आपके काम की विशिष्टता आपको सम्मान दिलाएगी जब यह सबके सामने आएगी , हालांकि गोपनीयता बना कर रखना समय की मांग है ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आपका धैर्य से अब लाभ मिलने लगा है । आप एक लंबे समय से इसके लिए इंतजार कर रहे थे , जिसके लिए आपने कभी अपनी मेहनत को पीछे नहीं रखा और अवसरों की तलाश करते रहे । धीरे-धीरे जो आप चाहते थे वो आपको मिल रहा है ।आप संयमित रहे । इन लाभों का आनंद लें , लेकिन साथ ही साथ आसपास के लोगों से विनम्र रहे । आप किसी यात्रा पर जा सकते है एवं अपने आपको उपहार दे सकते है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आपको महसूस होगा की अपनी नौकरी में आपको वह संतुष्टि नहीं मिली जो आप चाहते थे और आज आप अपनी नौकरी छोड़ने के लिए अंतिम कदम भी उठा सकते हैं , हालांकि यह एक बुरी बात नहीं है क्यों की बहुत जल्द ढेर सारे सुनहरे अवसर आपके पास आ सकते है और आप जो चाहते थे , वो हो सकता है , हालाँकि प्रारंभिक वेतन कम हो सकता है, लेकिन यहाँ आपको प्रसन्नता मिलेगी ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
अपने हाल फिलहाल इसलिए धन खोया क्यों की आपने अविवेकपूर्ण तरीके से जल्दी पैसे देने वाली मृगतृष्णाओ वाली परियोजनाओं में पैसे लगाया । इस तरह की और परियोजनाओं आपके समक्ष आएगी लेकिन आपको अपने विवेक का इस्तेमाल करना है अन्यथा आप वित्तीय परेशानी में फँस सकते है । आपको अपने निवेश के निर्णय चरणबध्द तरीके से लेने है और विशेषज्ञों की राय के अनुसार आगे बढ़ना है।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप अपने वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अपने परिवार की धन वृद्धि के लिए शक्तिशाली ऊर्जा से भरे हुए हैं। आप अधिक ज्ञान को प्राप्त करने में सक्षम हो जायेंगे और जिससे आप अगली बार किसी की सेवा करने पर अधिक कमाने लायक हो जाएंगे , इस तरह से आपके हाथो में वित्तीय सुरक्षा और सफलता के लिए सभी सामग्री रहेगी ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
अगर आप बेरोजगार हैं, तो एक अवसर आज आपके दरवाजे पर अपनी दस्तक दे सकता है। दोनों हाथों से इसे ले । आपके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। कृपया करके मुफ्त सलाह प्रदान करने वालो से दूर रहे । आप नौकरी पाने के पश्चात अपनी ईमानदारी और समर्पण दिखाए ।आपको एक नए क्षेत्र से अवसर प्राप्त हो सकता है। विभिन्न क्षेत्रों से आप अपने लिए नौकरियों खोजे ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आप आज कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी ले। अगर आप इसे अच्छी तरह से करते हैं, तो आपको एक दैनिक आधार पर इस तरह की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इस के साथ, वेतन में वृद्धि भी आयेगी । इसलिए ईमानदारी से काम करते रहे और लगातार अपने आप को प्रेरित करते रहे। हो सकता है की लाभ आज दिखाई न दे, लेकिन आप एक बेहतर जीवन के लिए कल की दिशा में काम कर रहे हैं।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
कार्य क्षेत्र में आपका जीवन संतुलित रहेगा । आप अपने प्रभावशाली नरम कौशल के लिए जाने जायेंगे । आप को और अधिक ज्ञान पाने के लिए कई अवसर मिलेंगे तथा आप अन्य लोगों के साथ इस ज्ञान को साझा भी कर सकते हैं । लेकिन कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों में आपको भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आपके सितारे आपके कार्यस्थल पर प्यार की और संकेत कर रहे है । अत्यंत सावधान रहें। एक गुप्त काम आपके और आपके साथी के बीच दरार पैदा कर सकता है। आप अपने साथी को गोपनीयता के कारणों को समझाने की कोशिश करे और वे आप का समर्थन करेंगे! आपका वित्त बढ़ेगा और उसमे संतुलन रहेगा।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
अगर आप अपनी क्षमता से कार्य करने की कोशिश करेंगे, तो आपके प्रयासों को उदारता से पुरस्कृत किया जाएगा , तो अपने काम और जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करे । आपकी ओर से की गयी कोई लापरवाही आप के लिए भारी पड़ सकती हैं, हालांकि दिन मौद्रिक लाभ के लिए शुभ है । आपका पिछला निवेश आपको अच्छी आमदनी दे सकता है ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, मंत्रियों के गृह जिले में भाजपा की हार

## सूरजपुर में सभी 6 भाजपा समर्थित प्रत्याशी हारे, सरगुजा में भाजपा-कांग्रेस 3-3 से बराबर

सरगुजा/सूरजपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नतीजे सामने आ आए है। बात करें सूरजपुर जिले की तो, यहां पहले चरण में 6 जिला पंचायतों में भाजपा समर्थित 6 प्रत्याशी चुनाव हार गए। वहीं सरगुजा के 7 जिला पंचायत क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस समर्थित 3-3 प्रत्याशी जीते हैं। हालांकि, बलरामपुर जिला पंचायत की सभी सीटों पर भाजपा और भाजपा के बागी जीते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के गृह जिले खरगवां 1 और खरगवां 2 में भी दोनों सीट भाजपा हार गई। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के गृह जिले भटगांव और प्रेमनगर की सारी सीटें भाजपा हार गई। अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में कांग्रेस को बढ़त मिली है।

सरगुजा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 में भाजपा समर्थित दिव्या सिसोदिया करीब 13 हजार मतों के बड़े अंतर से चुनाव जीत गई हैं। अंतिम परिणाम टेबुलेशन



के बाद आएंगे। सरगुजा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में मतगणना के दौरान जमकर विवाद हुआ। इस क्षेत्र में युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय तोमर की पत्नी पायल तोमर को करीब 2000 मतों से आगे बताया गया है। कांग्रेस ने देर रात तक इस क्षेत्र की मतगणना को लेकर सवाल उठाया। निर्धारित मापदंडों में सर्टिफिकेट मतदान केंद्रों से जारी नहीं किए गए। सरगुजा के क्षेत्र क्रमांक 3 अंबिकापुर तृतीय से कांग्रेस समर्थित अनिमा केरकेट्टा करीब 6 हजार मतों से चुनाव में जीत गई हैं। यहां भाजपा समर्थित प्रत्याशी फुलेश्वरी सिंह चौथे स्थान पर रही। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 लखनपुर प्रथम से कांग्रेस समर्थित मोनिका पैकरा 7 हजार मतों से चुनाव जीत गई हैं। यहां पूर्व सांसद कमलभान सिंह के बेटे देवेंद्र सिंह सहित 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।

सरगुजा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 लखनपुर द्वितीय से भाजपा समर्थित विजय अग्रवाल ने करीब 9 हजार मतों से बढ़त बनाई है। यहां दूसरे स्थान पर भाजपा के बागी कामेंद्र राजवाड़े रहे। मतगणना को लेकर कई स्थानों पर विवाद की स्थिति बनीं। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे। सरगुजा जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 6 से राधा रवि करीब 1100 मतों से आगे हैं। राधा रवि कांग्रेस नेत्री हैं।

उदयपुर के दोनों सीटों पर सहमति नहीं बनने के कारण कांग्रेस ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया था।

सरगुजा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से निर्दलीय रमुनिया देवी ने बढ़त बनाई है। वे कांग्रेस विचारधारा की हैं।

# सीएम ने उच्च शिक्षा के छह वेब पोर्टल किया लॉन्च

## इनोवेशन हब का भी हुआ उद्घाटन, निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना होगी आसान

रांची, 18 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में मंगलवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 6 पोर्टल्स की लॉन्चिंग और रांची विज्ञान केंद्र स्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया।

डिजिटल गवर्नेंस और डिजिटल इनफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित किया गया है।





**विभिन्न पोर्टल्स के लॉन्च का मुख्य उद्देश्य**

**वेतन निर्धारण पोर्टल :-** विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन सत्यापन को सरल बनाने, त्रुटियों को कम करने एवं दक्षता में सुधार करने के लिए वेतन निर्धारण पोर्टल विकसित किया गया है।

**लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल :-** ऑनलाइन मोड में शिक्षण और प्रशिक्षण सेवाओं का प्रबंधन करेगा एवं संस्थानों में चल रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षणों या शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के प्रशासन, दस्तावेजीकरण आदि के प्रबंधन करने में मदद करेगा।

**निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल :-** निजी विश्वविद्यालय पोर्टल राज्य में नए निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना एवं प्रबंधन की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, उच्च शिक्षण संस्थानों स्तर पर शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू के लिए यह पोर्टल विकसित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को फेलोशिप के लिए आवेदन एवं इसका लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों तथा विभागान्तर्गत अन्य संस्थानों में अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है।

उक्त प्रशिक्षुओं के चयन प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ करने के लिए अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल विकसित किया गया है। राज्य में वित्त रहित स्थायी संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की मौजूदा प्रक्रिया में न केवल समय लग रहा है, बल्कि निरीक्षण और सत्यापन के कई स्तर भी है।

इस पोर्टल के विकसित होने से महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया सरल होगी और समय भी कम लगेगा। क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, रांची परिसर में स्थापित इनोवेशन हब रचनात्मक एवं नवाचारी विचारों का पोषण, इनोवेटिव सोच और व्यावहारिक समस्या का समाधान, इनोवेशन को प्रेरित करने आदि के लिए उचित वातावरण प्रदान करेगा।

# रांची सदर अस्पताल से 5 दिन की बच्ची चोरी

रांची, 18 फरवरी (एजेंसियां)। रांची सदर अस्पताल से एक बच्ची की चोरी का मामला सामने आया है। घटना सोमवार की रात की बताई जा रही है। जिस बच्चे की चोरी हुई है उसका जन्म 14 फरवरी को हुआ था।

मंगलवार को परिजनों से लेबर रूम के बाहर हंगामा किया। वहीं लोअर बाजार थाने को लिखित शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंच कर सीसीटीवी खंगाल रही है। महज पांच दिन की बच्ची की चोरी के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिस बच्ची की चोरी सदर अस्पताल से हुई है उसके माता-पिता पिठोरिया के रहने वाले हैं।

माता का नाम सबिता देवी है जबकि पिता का नाम उमेश बेदिया है। बताया जा रहा है कि बच्ची को सोमवार की रात लेबर रूम के बाहर से ही गायब कर दिया गया है। बच्ची के गायब होने के बाद उसके मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सरपंच चुनाव जीतने तंत्र-मंत्र का सहारा, फिर भी हारा

## ग्रामीण बोले-जादू टोना कर 3 बार चुनाव जीता नीबू-चावल, चाकू, बंदन समेत कई सामान बरामद

दुर्ग, 18 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग के बेलौदी गांव में सरपंच चुनाव जीतने के लिए तंत्र-मंत्र और जादू टोना किया गया। जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी, तो बैगा भाग गए। मौके पर नींबू, चावल, चाकू, बंदन समेत कई सामान मिले हैं। अब लोगों का कहना है कि, इस बार वो तंत्र-मंत्र नहीं कर पाया, इसलिए चुनाव हार गया।

वहीं, तिरगा गांव में मतदान के समय दिव्यांग और बुजुर्गों को मतदान काउंटर तक ले जाने के लिए रेडक्रॉस और स्काउट बच्चों की ड्यूटी लगाई गई थी। भाजपा समर्थित सरपंच प्रत्याशी मुकेश बेलचंदन ने आरोप लगाया है कि, उन बच्चों को 5-5 हजार रुपए देने का लालच देकर दूसरे प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाया गया।

ग्राम पंचायत बेलौदी में पहले चरण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले 16 फरवरी की रात जादू-टोना किया जा रहा था। जिसे ग्रामीणों ने देख लिया,



एक झोले में नींबू, बंदन, चाकू और जादू-टोने सामान बरामद हुआ

लेकिन उनके पहुंचने से पहले बैगा भाग गए। दूसरे सरपंच प्रत्याशी जावंतिन देशमुख और उनके समर्थकों ने पूर्व सरपंच मुकुंद राम पार्कर पर तंत्र-मंत्र करने का आरोप लगाया है।

गांव वालों का आरोप है कि, वो जादू-टोना कर पिछले 3 बार से सरपंच का चुनाव जीत रहा है। इस बार भी वो ऐसा ही कर रहा था, लेकिन समय पर ग्रामीणों ने बैगाओं को देख लिया। इसलिए वो डर कर सामान छोड़कर भाग गए। अंधेरे की वजह से बैगाओं को देख नहीं पाए। एक झोले में नींबू, बंदन, चाकू और जादू-टोने सामान बरामद हुआ है।

घटना के बाद ग्रामीण हंगामा करने लगे। गांव में आक्रोश बढ़ते देख सूचना पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। उन्हें समझाइश दी, लेकिन ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच मुकुंद राम पार्कर पर कार्रवाई की मांग की है। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे का कहना है कि, किसी ने थाने में लिखित शिकायत नहीं की है, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

हालांकि, सोमवार को मतदान के बाद सरपंच का चुनाव प्रत्याशी जावंतिन देशमुख जीत गई। उनके समर्थकों का आरोप है कि, इस बार पूर्व सरपंच जादू-टोना नहीं कर पाया, इसलिए वो चुनाव हार गया। सरपंच प्रत्याशी की समर्थक दुर्गेश्वरी देशमुख ने आरोप लगाया कि, सरपंच ने पिछली बार 2 लाख देकर बैगा को बुलाया था। काला जादू कर वो चुनाव जीत रहा था।

# हार के बाद सोशल मीडिया पर कांग्रेसियों का गुस्सा

## बोले - आरएसएस से सीखिए जनसंपर्क, पत्नियों को चुनाव लड़ाने से मिली हार, पदाधिकारियों के इस्तीफे की मांग

रायपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बीते एक साल में चौथी बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में सभी 10 नगर निगमों में बीजेपी की जीत हुई है। जिससे कार्यकर्ताओं में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है।

टिकट वितरण से पहले ही नाराज कार्यकर्ताओं का गुस्सा अब सोशल मीडिया में खुलकर सामने आ रहा है। कार्यकर्ता आरएसएस की तारीफ से लेकर पार्टी के नेताओं से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। जबकि कुछ ने तो टिकट वितरण में पैसे के लेनदेन और गुटबाजी के आरोप भी लगाए हैं। पार्टी के कई सीनियर नेताओं पर भी हार की जिम्मेदारी लेने का दबाव बढ़ता जा रहा है। युवाओं के साथ साथ महिला कार्यकर्ताओं ने भी संगठन में अपनी उपेक्षा को लेकर मोर्चा खोल दिया है।

यूथ कांग्रेस के नेता राहुल कर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि - "भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ. संघ से आप लाख असहमतियां रखिए, खूब लानत-मलानत कीजिए लेकिन जो संघ की खूबी है उसे भी पहचानिए और सीखिए।

कांग्रेस कार्यकर्ता कल्पना सागर ने लगातार 3 पोस्ट किए हैं, उन्होंने लिखा - "महापौर नेता पत्नी, वार्ड नेता पत्नी, सभापति खुद बनने की महत्वकांक्षा के साथ रायपुर निकाय चुनाव लड़ा गया, परिणाम सबके सामने है।"

"जिस पार्टी में महिला कार्यकर्ता सशक्त नहीं होती, उस पार्टी के विलुप्त होने में समय नहीं लगता"

"रायपुर नगर निगम में कांग्रेस की ऐतिहासिक हार की जिम्मेदारी कौन लेगा?"

कांग्रेस कार्यकर्ता अमिताभ राजा घोष ने अपनी पोस्ट में रायपुर शहर अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग की है, उन्होंने लिखा कि - "नैतिकता के नाते हार की जिम्मेदारी लेते हुए शहर अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए"

'इस्तीफा जिम्मेदार लोग देते हैं। गैर जिम्मेदार बेशरम और पतित लोग सफाई देते हैं।

**साव ने कहा - कांग्रेस में हलचल मची है**

बीजेपी ने इस हार को लेकर हुए कहा कि अब जनता कांग्रेस नेताओं की अंदरूनी लड़ाई का मजा ले रही है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पार्टी में मची हलचल से साफ है कि कांग्रेस खुद अपनी हार की वजह है। राज्य में चुनावी हार के बाद सोशल मीडिया पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के असंतोष दिखाई दे रहा है। इस मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा,सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देना अलग बात है, लेकिन पार्टी के निर्णयों और मुद्दों पर चर्चा के लिए सही मंच पार्टी फोरम ही है।

# विदेशी सेक्स-रैकेट, ऐप में लड़कियों की फोटो, रेट से डील

## रायपुर आती थीं रशियन गर्ल्स, 2 महिला दलाल समेत 17 अरेस्ट, 2 युवतियां पहले ही जेल में

रायपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। रायपुर के वीआईपी रोड पर रशियन युवती के हंगामे के बाद लगातार सेक्स रैकेट पर कार्रवाई जारी है। पुलिस ने अब तक 2 महिला दलाल समेत 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके अलावा 2 विदेशी महिलाएं और एक वकील पहले ही जेल में है। ये आरोपी अलग-अलग राज्यों के साथ विदेश से भी लड़कियों को देह व्यापार के लिए रायपुर बुलाते थे। ये पूरी डील ऐप के जरिए होती थी। इसका मास्टर माइंड जुगल कुमार राय पश्चिम बंगाल से पकड़ा गया है। इसके अलावा रायपुर, कवर्धा, अम्बिकापुर, महासमुंद, जगदलपुर एवं भिलाई से भी गिरफ्तारी हुई है।

पुलिस की टीम ने आरोपियों के मोबाइल के जांच की। जांच के दौरान लोकानटो एप के जरिए दूसरे देशों और राज्यों के युवतियों की फोटो और कई वॉट्सऐप ग्रुप की जानकारी मिली है। पुलिस ने डिजिटल डेटा को एनालिसिस करके रायपुर में देह व्यापार चलाने वालों पर कार्रवाई की है। देह व्यापार संचालित करने वाले ऐप के जरिए अपने ग्राहकों को लड़कियों की फोटो और रेट की जानकारी देते थे। उज्बेकिस्तान की लड़की ने पुलिस को बताया कि, जुगल कुमार के बुलाने पर वो मुंबई से रायपुर आई थी। रायपुर में भावेश आचार्य से मिली, जिसके बदले 27 हजार दिया गया। पुलिस ने रवि ठाकरे और जागेंद्र उके उर्फ मोहन को पकड़ा। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी जुगल कुमार भागकर पश्चिम बंगाल में छिप गया था, जिसे रायपुर पुलिस की टीम ने 24 परगना पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ तेलीबांधा थाने में केस दर्ज किया गया है। 5-6 फरवरी की रात करीब 12:30 बजे वीआईपी रोड पर बिलासपुर पासिंग एक कार स्कूटी सवार तीन युवकों को जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए, जिसमें एक की मौत हो गई है। हादसे के बाद आस-पास के लोगों ने कार को घेर लिया।

कार के नंबर प्लेट के ऊपर एक और प्लेट लगी हुई थी। इस पर भारत सरकार लिखा हुआ था। कार में विदेशी युवती नोरा (बदला हुआ नाम) के साथ युवक जो सरकारी वकील भी है, वह सवार थे। युवती देखने में विदेशी नागरिक लग रही थी। ऐसे में आस-पास खड़े लोग उसे रशियन-रशियन पुकारने लगे। हंगामे के चलते थोड़ी ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इन दोनों को थाने चलने कहा, लेकिन विदेशी युवती अपना फोन मांगने लगी।

# तुम्हारा किसी और से अफेयर कहने पर कुल्हाड़ी से काटा

## दूसरों से बात करने पर टोकता था, थाने में पत्नी बोली-मैंने अपने पति को मार डाला

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 18 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मरवाही जिले में पत्नी ने अपने पति को कुल्हाड़ी से काट डाला। इसके बाद पत्नी ने खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस से कहा कि मैंने अपने पति को मार डाला है। वह तुम्हारा किसी और से अफेयर है कहकर प्रताड़ित करता था। मामला मरवाही थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले पति का नाम घोरेलाल पुरी (56) है। वहीं मर्डर करने वाली पत्नी का नाम वेदकुंवर पुरी (55) है, जो बघर्रा गांव के ललमटियाटोला की निवासी है। अफेयर के शक में हमेशा विवाद होता था। दरअसल, 17 फरवरी यानी सोमवार को दोनों पति-पत्नी अपने पड़ोसी धनीराम के घर छठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम से लौटने के बाद पति घोरेलाल ने कहा कि धनीराम के घर आए मेहमानों के साथ तुम्हारा अफेयर है, जिससे दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद के बाद जब घोरेलाल दोपहर में कमरे में सोने चला गया। अफेयर के शक में विवाद को लेकर पत्नी गुस्से में थी। पति कमरे में सो रहा था, तभी पत्नी घर में रखे कुल्हाड़ी लेकर पति के पास पहुंची। पति के गले पर 2 बार मारा, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पूरा बिस्तर खून से सन गया। एडिशनल एसपी ओम चंदेल ने बताया कि पति अपनी पत्नी को दूसरों से बात करने पर टोका-टाकी करता था। चरित्र पर शक करता था। पत्नी से लड़ाई करता था। इससे गुस्से में आकर पत्नी ने हत्या की है। पत्नी ने थाने में खुद आकर कहा कि मैंने अपने पति को मार दिया है।

# दिनदहाड़े महिला का चेन छीना

## स्कूल से बच्चे को छोड़कर लौट रही थी, बिना नंबर की बाइक पर थे अपराधी

धनबाद, 18 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद के सरायढेला क्षेत्र में चेन स्नैचर्स एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। अपराधियों ने एक महिला के गले से करीब पौने दो लाख रुपए की कीमत की सोने की चेन छीन ली। घटना उस समय हुई जब महिला अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर अपने घर हीरापुर लौट रही थी। पीड़िता के परिजन सचिन जायसवाल के अनुसार, दो अपराधी बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक पर सवार होकर आए थे। चेन छीनने के बाद वे गोलबिल्डिंग की तरफ भाग निकले। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने उनका पीछा किया, लेकिन अपराधियों ने बंदूक दिखाकर धमकी दी, जिसके बाद लोग पीछा करने से रुक गए। सरायढेला थाना क्षेत्र में पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़िता ने सरायढेला थाने में शिकायत दर्ज करा दी है।

# बच्चे की हत्या, दोनों आंखें फोड़ी, हाथ-उंगलियां तोड़ीं

## रात में कमरे से हो गया था गायब घर के पास झाड़ियों में मिला शव

लातेहार, 18 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के लातेहार जिले के नेतरहाट में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नेतरहाट थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित स्वास्थ्य केंद्र के पास झाड़ियों में सोमवार को 8 वर्षीय बच्चे का शव बरामद किया गया। बच्चा रविवार रात से घर से गायब था। मृतक की पहचान स्थानीय किराना व्यवसायी प्रभात शर्मा के पुत्र क्षितिज शर्मा के रूप में हुई है। क्षितिज नेतरहाट के जेवियर स्कूल में तीसरी क्लास में पढ़ता था। वो दो भाइयों में बड़ा था। हत्यारों ने बच्चे के साथ अमानवीय क्रूरता दिखाई है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गईं और हाथ व उंगलियां तोड़ दी गईं।

परिजनों के अनुसार, क्षितिज रात का खाना खाने के बाद सोने के लिए अपने कमरे में गया था। जब कुछ देर बाद उसकी मां कमरे



में गईं तो वह वहां नहीं मिला। इसके बाद परिवार ने पूरी रात उसे खोजा और फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस को बच्चे का शव घर के पास स्थित स्वास्थ्य केंद्र के निकट झाड़ियों में मिला। इस बर्बर हत्या ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। मृतक के पिता प्रभात शर्मा ने बताया कि मेरा किसी से कोई विवाद नहीं है। अगर किसी को कुछ करना ही था तो मेरे साथ करते, मेरे बच्चे की इतनी निर्मम हत्या क्यों की गई। इस घटना के पीछे मुझे किसी पर शक नहीं है।

# बेटियों के सामने पिता की निर्मम हत्या

## 5 बदमाशों ने धारदार हथियार से काटा गला, बच्चियों को भी मारने की कोशिश

गुमला, 18 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के गुमला जिले में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

रायडीह थाना क्षेत्र के पोगरा डिगरी टांड के पास दो बाइक पर सवार 5 अपराधियों ने 36 वर्षीय प्रसाद साहू की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। घटना उस समय हुई, जब वह अपनी दो बेटियों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे।

अपराधियों ने प्रसाद साहू की गला रेतकर हत्या कर दी। अपराधियों ने बच्चियों पर भी हमला करना चाहा पर वो भाग निकली। दोनों बच्चियां किसी तरह भागकर गांव पहुंचीं और घटना की जानकारी दी।

मृतक की बेटी किरण कुमारी ने बताया कि उनके पिता का गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा था, जिसके कारण उनकी हत्या की गई है। प्रसाद साहू उंचडीह के एक शिक्षक के ड्राइवर के रूप में काम करते थे।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही रायडीह पुलिस के चैनपुर इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार करमाली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस की आईटी सेल अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है और मृतक की बेटियों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

# एमबीबीएस पीजी एडमिशन में गड़बड़ी, काउंसलिंग पर रोक

## हाईकोर्ट बोला-समान परिस्थिति वाले सभी छात्रों पर आदेश लागू, नियमों को दरकिनार कर प्रवेश देने पर सुनवाई

बिलासपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस पीजी एडमिशन में गड़बड़ियों को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई हुई।

चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने एडमिशन के लिए होने वाली काउंसलिंग पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि यह आदेश केवल व्यक्तियों पर ही लागू नहीं होगा, बल्कि समान परिस्थितियों वाले सभी सभी छात्रों पर लागू होगा। साथ ही महाधिवक्ता को निर्देश दिया गया है कि वे संबंधित अधिकारियों को इस आदेश की जानकारी दें। अब मामले की सुनवाई 25 फरवरी को होगी। दरअसल, एडमिशन की प्रक्रिया में 3 साल की सेवा पूरी करने के नियमों को दरकिनार कर दिया गया है, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है। डॉ. यशवंत राव और डॉ. पी राजशेखर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में बताया गया है कि मेडिकल पीजी में प्रवेश के लिए होने वाली काउंसिलिंग के दौरान अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से सेवारत श्रेणी का लाभ दिया गया। अधिकारियों ने सेवा अवधि की गणना कटऑफ तारीख से आगे बढ़ा दी है, जिससे अयोग्य उम्मीदवारों को भी पात्र मान लिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने गड़बड़ी की शिकायत विभाग के अफसरों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारियों ने एक निजी उम्मीदवार को सेवारत श्रेणी में प्रमाणित किया है.जांच में पता चला कि सेवा अवधि की गणना 31 जनवरी 2024 के बाद तक बढ़ा दी गई।

याचिकाकर्ताओं ने कहा कि अगर कटऑफ तारीख का पालन किया जाता, तो वह उम्मीदवार पात्र नहीं होता। याचिका में कहा गया है कि इस तरह की गड़बड़ियों से योग्य और अनुभवी चिकित्सक पीजी में एडमिशन से वंचित हो गए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने भी माना कि शिकायत सही लग रही है।

# अलकायदा मॉड्यूल से जुड़े लोगों पर अब चलेगा केस

## दिल्ली पटियाला हाउस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल मॉडयूल के सरगना डॉ इश्तियाक अहमद का भी नाम

रांची, 18 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड में पकड़ाए अलकायदा मॉड्यूल के संदिग्धों पर जांच के बाद चार्जशीट दाखिल कर दिया गया है। झारखंड से कुल 11 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें से 8 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल गया है। वहीं तीन लोगों के खिलाफ अभी जांच जारी है। 8 लोगों के खिलाफ दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है। अब इन सब पर सुनवाई 24 फरवरी को सुनवाई की जाएगी। जिन लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया गया है, उसमें मॉडयूल का सरगना डॉ इश्तियाक अहमद भी शामिल है। बीते साल 22 अगस्त को रांची के मेडिका अस्पताल में कार्यरत तत्कालीन रेडियोलॉजिस्ट डॉ इश्तियाक अहमद को अरेस्ट किया गया था। इससे की गई पूछताछ में कई ऐसी बातें सामने आई थी, जो यह साबित करने के लिए काफी थी कि राज्य में अलकायदा मॉड्यूल को संचालित करने का मास्टरमाइंड यही था। जांच के दौरान ही इस बात का खुलासा हुआ था कि इसने राज्य के रांची, लोहरदगा और हजारीबाग से लोगों को अपने साथ मिलाया था। इनका ब्रेन वॉश कर के इन्हें कई तरह की ट्रेनिंग के लिए देश के अलग-अलग हिस्से में भेजता था। राजस्थान के भिवाड़ी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के वक्त उनके पास से एके-47 राइफल, रिवॉल्वर, कारतूस, एयर राइफल, हैंड ग्रेनेड जैसे हथियार मिले थे। झारखंड से आतंकी संगठनों का कनेक्शन 20 साल पुराना है। आतंकी संगठन का पहला कनेक्शन 28 जनवरी 2002 को सामने आया था।

यहां उन आतंकियों को मार गिराया था जिनके हाथ 22 जनवरी 2002 को कोलकाता में अमेरिकन सूचना केंद्र पर हुए हमले में था। इन दो आतंकियों को हजारीबाग के सदर थाना क्षेत्र के खिरगांव मुहल्ले में 28 जनवरी 2002 को मारा गया था। मारे गए आतंकियों के नाम इदरीश और सलीम था।



# पहली बार ग्रीन बजट पेश करेगी भजन सरकार

## क्या है इसकी अवधारणा; मुफ्त की रेवड़ी से रहेगा परहेज

जयपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के बजट में पहली बार ग्रीन बजट का कॉन्सेप्ट भी देखने को मिलेगा। किसान आंदोलन के दौरान पिछली गहलोत सरकार ने आम बजट के साथ अलग से एग्रीकल्चर बजट भी पेश करने की परिपाटी शुरू की थी। इस बार भजनलाल सरकार प्रदेश के बजट के साथ पहली बार ग्रीन बजट पेश करेगी। इसकी तैयारी भी की जा चुकी है।

क्या होगा ग्रीन बजट में

पर्यावरण को सहेजने और सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह ग्रीन बजट तैयार किया जा रहा है। सभी विभागों को इस दिशा में काम करने के लिए निर्देश दिए जाएंगे। चाहे सड़क बनाने का काम हो, भवन बनाना हो या फिर जल संरक्षण का मुद्दा हो, इन सभी कामों में अब ग्रीन कॉन्सेप्ट शामिल होगा, जिससे निर्माण कार्यों में पर्यावरण को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचे।

**नई सड़कों की जगह पुरानी सड़कों की मरम्मत पर रहेगा**




**फोकस**

सरकारें ज्यादातर बजट में लोकलुभावन घोषणाओं के तहत नई सड़कों का ऐलान करती है। लेकिन इस बार ग्रीन बजट में नई सड़कों की घोषणाओं की जगह पुरानी सड़कों की मरम्मत पर पैसा खर्च किया जा सकता है। इससे खर्च भी बचेगा और सड़क तंत्र भी मजबूत रहेगा।

मुफ्त की रेवड़ी से परहेज

फ्री-बीज यानी बजट में मुफ्त की रेवड़ी बांटने का चलन हमेशा विवादों में रहा है। जो सरकार यह देती है उसे सामाजिक जरूरत बताती है वहीं बीजेपी इस कल्चर का विरोध करती आई है। इसलिए आने वाले बजट में सरकार इस तरह की घोषणाओं से परहेज कर सकती है।

**बजट मुख्य का फोकस तीन सेक्टर्स पर**

बजट का फोकस मुख्य रूप से तीन सेक्टर्स पर रह सकता है। युवा, महिला और किसान। युवाओं के लिए बजट में नई नौकरियों का एलान हो सकता है। वहीं महिलाओं के लिए आंगनबाड़ी मानदेय बढ़ाने जैसे कुछ एलान संभव हैं। किसानों के लिए बजट में सोलर सब्सिडी का ऐलान हो सकता है।

2 महीने से तैयारी में जुटी टीम

वित्त विभाग के अफसरों की टीम बीते 2 महीने से बजट तैयार करने में जुटी थी। वित्त विभाग की बजट तैयार करने वाली टीम के अफसरों अतरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, वित्त बजट विभाग के प्रमुख सचिव देबाशीष पृष्टि, वित्त व्यय विभाग के सचिव नवीन जैन व वित्त राजस्व विभाग के सचिव कुमार पाल गौतम शामिल हैं।

वित्त मंत्री दीया कुमारी 19 फरवरी को विधानसभा में भजनलाल सरकार के कार्यकाल का दूसरा बजट पढ़ेंगी। बजट तैयार करने के लिए वित्त विभाग के स्तर पर बजट फाइनलाइजेश कमेटियों की बैठकें ली गईं। इनमें संबंधित विभागों से आने वाले बजट के प्रस्ताव और पिछले बजट में खर्च का ब्योरा मांगा जाता है। इसके अलावा बजट में सुझावों को लेकर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के साथ, युवा और महिला संगठनों की भी मुख्यमंत्री के स्तर पर बैठकें ली जा चुकी हैं।

सरकार का दावा है कि पिछले बजट में जो घोषणाएं की गई हैं उनमें से लगभग 55 प्रतिशत पूरी की जा चुकी है। सीएम भजनलाल शर्मा ने हाल में विधानसभा में राज्यपाल अभिभाषण के दौरान बताया था कि उनकी सरकार ने 1272 घोषणाएं की हैं। इनमें से 297 पूरी हो चुकी हैं वहीं 488 के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं।

युवाओं को रोजगार- भजनलाल सरकार ने 5 साल में 4 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। पहले साल में करीब 60 हजार वैकेंसी निकाली गई हैं। लेकिन जिस रफ्तार से बेरोजगारी बढ़ रही है रोजगार के अवसर और ज्यादा बढ़ाने होंगे।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी- प्रदेश में पेट्रोल डीजल की कीमतों के मुद्दा अब भी बना हुआ है। पड़ौसी राज्यों के मुकाबले राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीममें काफी अधिक हैं।

बजट में इसमें राहत मिलती है या नहीं यह देखने वाली बात होगी।

# 'बीजेपी शासन में नाबालिगों से रेप के मामलों में नंबर-1 बना राजस्थान'

## अशोक गहलोत का दावा, बोले- अपराधियों में कानून का भय समाप्त

जयपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में हाल के दिनों में नाबालिग लड़कियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने टोंक और अजमेर में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से महिला सुरक्षा पर सख्त कदम उठाने की मांग की।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि भाजपा के शासन में असुरक्षा के कारण क्या बालिकाओं का घर से निकलना तक बन्द हो जाएगा? मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भाजपा के शासन में राजस्थान नाबालिगों के साथ बलात्कार के मामलों में देश में नंबर 1 हो गया है। टोंक में नाबालिग दलित बालिका के साथ ब्लैकमेल कर गैंगरेप एवं अजमेर में कई स्कूली छात्राओं के साथ ब्लैकमेलमिंग एवं रेप के मामले दिखाते हैं कि अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को महिला सुरक्षा के संबंध में गृह विभाग एवं पुलिस विभाग की बैठक कर समीक्षा करनी चाहिए कि राजस्थान में प्रतिदिन स्थिति गंभीर क्यों होती जा रही है?

दरअसल, राजस्थान के ब्यावर जिले के बिजयनगर थाना क्षेत्र में 5 नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 7 युवकों को हिरासत में लिया है। लड़कियों ने शिकायत में कहा कि आरोपियों ने उन्हें मोबाइल फोन दिए और फिर सोशल मीडिया पर उनसे संपर्क किया। आरोपी नाबालिग लड़कियों को ब्लैकमेल कर यौन शोषण कर रहे थे और उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने की भी कोशिश कर रहे थे। बता दें, टोंक जिले में एक स्कूली छात्रा से गैंगरेप और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़िता से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर पहले उसका अश्लील वीडियो बनवाया। फिर उसी वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल कर बार-बार दुष्कर्म किया और पैसों की मांग की। वहीं, अश्लील वीडियो को दोस्तों में भी शेयर कर वायरल किया गया।

# जोगाराम पटेल ने कहा, अब कोई व्यवधान नहीं

## गतिरोध पैदा करना हमारा मकसद नहीं, मुद्दों पर जवाब दे -जूली

जयपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में 19 फरवरी को बजट 2025 होगा। विधानसभा सदन में जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 17 फरवरी सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। जिसका मकसद सदन में विपक्ष के फोन टैपिंग मामले पर किए जा रहे विरोध को समाप्त करना और बजट सत्र को सुचारू रूप से चलाना था। इस पर राजस्थान के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा, अब विधानसभा में कोई व्यवधान नहीं है। तो विधानसभा में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कही बड़ी बात।

कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा, अब विधानसभा में कोई व्यवधान नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की तरफ से आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी ने अपनी-अपनी बात रखी है। यह तय हुआ है कि बजट का अभिभाषण होगा। सभी लोग शांति से बजट का भाषण सुनेंगे। उसके बाद अगर प्रतिपक्ष अपनी कोई बात कहेगा तो सरकार उसका जवाब देगी। उस पर सभी पक्ष सहमत हैं। अब किसी तरह का गतिरोध नहीं है।

कथित फोन टेपिंग मामले में जोगाराम पटेल ने कहा अगर इस विषय में विपक्ष कोई बात रखेगी तो सरकार उसका जवाब देगी। अब यह महत्वपूर्ण विषय नहीं रहा। राजस्थान बजट पर जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान की जनता ने जो उम्मीदें सरकार से की थी वह बरकरार रहेगी। हम प्रयास करेंगे की जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरें। हमारा प्रदेश विकसित बने। उन्होंने आगे कहाकि जिससे मिलता है उससे ही अपेक्षा की जाती है। पहले बजट में जनता को मिला। दूसरा बजट भी जनता हितैषी बजट होगा। हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।



जोगाराम पटेल



टीकाराम जूली

सर्वदलीय बैठक पर राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का कहना है कि सदन अच्छे से चले। चूंकि हमने पहले ही कहा था कि गतिरोध पैदा करना हमारा मकसद नहीं है। हम जो मुद्दे उठा रहें है उस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। फोन टैपिंग मामले पर गृह राज्यमंत्री ने उन आरोपों को नकारा दिया।

पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने उन आरोपों पर कैबिनेट मंत्री से जवाब भी मांगा। ऐसी स्थिति में सरकार का दायित्व बनता है जब सदन चल रहा है, तो जो जानकारी सदन के बाहर दे रहे हैं वो विधानसभा में देनी चाहिए। यह विधानसभा का विशेषाधिकार है कि सरकार की तरफ से कोई भी बयानबाजी बाहर नहीं होगी। कोई बात रखनी है, जिस मुद्दे पर चर्चा हो रही है वो सदन में रखें। टीकाराम जूली ने आगे कहा कि जिसको लेकर हमारा गतिरोध है वह अब भी जारी है। हम 19 फरवरी को भी अपनी बात रखेंगे। हां, यह जरूर हमने कहा कि अगर विधान सभा अध्यक्ष इसकी व्यवस्था देते हैं तो हम बजट को सुनना चाहेंगे। टीकाराम जूली ने कहा कि अगर सरकार जवाब देने को सहमत है तो गतिरोध खत्म है। पर अगर सरकार जवाब नहीं देना चाहेगी और हठधर्मिता करेगी तो गतिरोध जारी है। हमें फोन टेपिंग पर ही सरकार से जवाब चाहिए।

टीकाराम जूली ने कहा कि यह बात सहीं है कि जिस दिन बजट आता है, उस दिन और कोई चर्चा नहीं होती है। सीधा बजट पढ़ा जाता है। उस पर हम एग्री है। पर हम चाहेंगे कि विधानसभा अध्यक्ष इस पर कोई व्यवस्था जरूर करें।

# जयपुर में मिली पांच किलो चांदी और डेढ़ किलो सोने के जेवर

जोधपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में पीडब्लूडी विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दीपक कुमार मित्तल के घर और बैंक लॉकर एसीबी खंगाल रही है। अब तक मित्तल के जयपुर स्थित बैंक लॉकर से पांच किलो चांदी और डेढ़ किलो सोना मिला है। इसके अलावा आज एसीबी मित्तल के कुछ और लॉकर भी ऑपरेट करेगी।

राजस्थान के जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दीपक कुमार मित्तल एसीबी की हिरासत में है। एसीबी उसके घर और बैंक लॉकर खंगाल रही है। एसीबी को सी-स्कीम (जयपुर) स्थित बैंक के इंजीनियर के एक लॉकर में करीब डेढ़ किलो सोने की ज्वेलरी और पांच किलो चांदी के जेवर मिले हैं, जिसकी कीमत करीब 1.30 करोड़ रुपये है।




दो दिन की कार्रवाई में अब तक कुल 2 किलो सोने के जेवर और साढ़े 6 किलो चांदी के जेवर-सिक्के मिल चुके हैं। वहीं, कार्रवाई के पहले दिन इनके पास 16 प्लॉट सहित करोड़ों की संपत्ति के कागजात मिले भी थे। रविवार को दीपक मित्तल के जयपुर स्थित घर से एसीबी को 50 लाख कैश, आधा किलो सोने के गहने और 1.5 किलो चांदी के गहने मिले थे। इसके अलावा जयपुर में एक करोड़ रुपये कीमत के 4 प्लॉट, उदयपुर में 9 प्लॉट (जिनकी कीमत एक करोड़ 34 लाख), ब्यावर और अजमेर में 6.50 लाख रुपये के तीन प्लॉट मिले थे। मित्तल और उनके परिजनों के कुल 18 बैंक खातों में करीब 40 लाख रुपये मिलने के साथ तीन बैंक लॉकर होने का पता चला। इसके अलावा म्यूचुअल फंड में करीब 50 लाख रुपये का इन्वेस्टमेंट की जानकारी मिली।

**बच्चों की महंगी पढ़ाई का ब्योरा भी मिला**

कल की कार्रवाई में एसीबी को मित्तल के बच्चों की पढ़ाई से संबंधित दस्तावेज भी मिले थे। उनके बच्चे जयपुर के सेंट जेवियर्स स्कूल, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी और एम्स गोरखपुर में पढ़ाई कर रहे हैं। इन संस्थानों में उनकी अब तक की करीब 70 लाख रुपये की फीस का हिसाब मिला है। इसके अलावा कई बीमा पॉलिसियों में निवेश के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

# नरेश मीणा को हाईकोर्ट से मिली जमानत, दी गई राहत

जयपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। नरेश मीणा को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। हाईकोर्ट ने नरेश मीणा को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए है। मामला बारां में प्रमोद जैन के घर के बाहर प्रदर्शन करने का है। इस मामले में न्यायाधीश सुदेश बंसल ने नरेश मीणा को जमानत रिहा करने के आदेश दिए है। यह मामला बारां जिले के कोतवाली थाने में दर्ज एक मुकदमे से जुड़ा हुआ है। घटना उस समय की है जब साल 2023 में प्रमोद जैन



भाया के आवास के बाहर एक प्रदर्शन किया जा रहा था। प्रदर्शन के दौरान नरेश मीणा पर आरोप है कि उन्होंने अपनी मौजूदगी से भीड़ को उग्र किया और स्थिति को और बिगाड़ दिया। उनके खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया था।

नरेश मीणा का यह मामला देवली उनियारा में विधानसभा उपचुनाव के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने से पहले का है। जब उनके खिलाफ कानून की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए थे। बहरहाल एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में नरेश मीणा जेल में बंद है।

# पहली बार आईपीएस पर डिमोशन की कार्रवाई

जयपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में पहली बार किसी आईपीएस अधिकारी का डिमोशन किया गय है। सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस पंकज कुमार चौधरी के खिलाफ डिमोशन की कार्रवाई की गई है। पंकज कुमार के खिलाफ एक परिवारिक मामला चल रहा है, जिसकी जांच के बाद ये कार्रवाई की गई है। अभी तक किसी भी अधिकारी के साथ पहले कभी इस तरह की कार्रवाई नहीं हुई है।

सरकार के सूत्रों के मुताबिक तीन साल के लिए पंकज कुमार का डिमोशन हुआ है। पंकज कुमार 2009 बैच के आईपीएस हैं। पंकज कुमार का अब लेवल 10 होगा। वे अभी पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पॉलिसिंग जयपुर में पदस्थ हैं। पुलिस मुख्यालय जयपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पंकज कुमार की छवि दबंग पुलिस अधिकारियों में की जाती है। जब वे जैसलमेर में एसपी थे, तब उन्होंने गाजी फकीर के खिलाफ कार्रवाई की थी। जैसलमेर में फकीर परिवार का काफी रूतबा था। ऐसा माना जाता है कि इस घटना की वजह से उनको जैसलमेर एसपी के पद से हटाया गया था। पंकज कुमार इस तरह से कांग्रेस की नजरों में चढ़ गए, क्योंकि उस समय राज्य में गहलोत सरकार थी। वहीं बीजेपी सरकार में बूंदी के दंगों में बीजेपी कार्यर्ताओं के खिलाफ उन्होंने कार्रवाई की थी। इस समय वसुंधरा की सरकार राजस्थान में थी।



# "मजदूर महिला की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा"

राजसमंद, 18 फरवरी (एजेंसियां)। जिले के कांकरोली थाना क्षेत्र में हुए एक हत्या मामले में न्यायालय ने अभियुक्त चुन सिंह उर्फ सोहन सिंह रावत को कड़ी सजा सुनाई है। जिला एवं सत्र न्यायालय राजसमंद के पीठासीन अधिकारी राघवेंद्र काछवाल ने अभियुक्त को मीरा बाई की हत्या का दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास और 25,000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। 13 नवम्बर 2018 को मृतका मीरा बाई के पुत्र किशन कुमावत ने कांकरोली पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसमें उन्होंने बताया कि उनकी मां मजदूरी करने के लिए मुखर्जी चौराहा गई थीं, लेकिन वह रात तक घर वापस नहीं आईं। जब कई घंटों तक वह नहीं लौटीं, तो परिवार ने पुलिस से मदद मांगी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों से आरोपी को गिरफ्तार किया और मामले की जांच पूरी की। लोक अभियोजक रामलाल जाट ने मामले के साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ सजा की मांग की। अभियोजन पक्ष ने 25 गवाहों के बयान, 87 दस्तावेज़ और 18 सबूत प्रस्तुत किए, जिससे आरोपी के अपराध साबित हो गए। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त के खिलाफ हत्या के अपराध को प्रमाणित किया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# सोशल मीडिया पर प्रेम जाल में फंसी छात्राएं

## देहशोषण कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया, एक्शन मोड में पुलिस

अजमेर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। जिले के बिजयनगर में समाज विशेष के युवकों द्वारा निजी स्कूल की नाबालिग छात्राओं को प्रेमजाल में फंसाकर उनका शारीरिक शोषण करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। परिजनों की रिपोर्ट पर बिजयनगर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और रिपोर्ट के आधार पर समुदाय विशेष के कुछ युवकों को डिटेन भी किया है। समाज विशेष के कुछ युवकों ने सोशल मीडिया पर मोबाइल फोन के जरिए नाबालिग बच्चियों से दोस्ती की और उसके बाद उनके जरिये अन्य लड़कियों से दोस्ती की। इसके बाद उनका शारीरिक शोषण कर उन्हें ब्लैकमेल किया।

घटना की जानकारी के बाद आक्रोशित हिन्दू संगठन के लोग बिजयनगर थाने पहुंचे और मामले की तह तक जाकर सख्त कार्रवाई की मांग की। मसूदा के डिप्टी व जांच अधिकारी सज्जन सिंह ने बताया कि समाज विशेष के युवकों ने सोशल मीडिया पर निजी स्कूल की छात्राओं से दोस्ती की और उनका शारीरिक शोषण कर उन्हें ब्लैकमेल किया और उनके जरिये अन्य लड़कियों से दोस्ती की। मामले में अभी तक पांच पीड़िताएं सामने आई हैं, जो कि एक निजी स्कूल छात्राएं हैं।

डिप्टी सज्जन सिंह ने बताया कि आरोपी युवक बीते साढ़े 3 महीने से इन छात्राओं से बात कर रहे थे, इसके बाद परिजनों ने बिजयनगर थाने में तीन एफआईआर दर्ज कराई है, जिनमें पांच पीड़िताएं शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए 7 युवकों को राउंडअप किया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कल न्यायालय में पीड़िताओं के बयान कराएं जाएंगे, पूछताछ में पीड़ित छात्राओं ने 10 युवकों के नाम बताए हैं, जिनमें कुछ नाबालिग भी हैं।

# श्रद्धालुओं की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, पति-पत्नी सहित समधिन की मौत

भरतपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। कुंभ से लौटते समय भरतपुर जिले के श्रद्धालुओं की कार हादसे का शिकार हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में भुसावर खेरली मोड़ थाना क्षेत्र के गांव बिजबारी निवासी पति-पत्नी सहित समधिन की मौत हो गई। हादसा यूपी के इटावा में हुआ। इधर, हादसे की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया।

कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद कार का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा मंगलवार सुबह सात बजे जसवंतनगर के पदमपुरा के पास हाईवे पर हुआ।

**मृतकों की हुई पहचान**

मृतकों की पहचान बच्चू सिंह पुत्र बोदन सिंह जाट (60) निवासी बिजवारी और उनके साथ उनकी पत्नी कमलेश देवी (58) की मौके पर मौत हो गई। वहीं बच्चू सिंह की समधिन नदबई तहसील के उटारदा गांव निवासी लीलादेवी जाट (62) की भी मौत हो गई।

**हादसे में दो लोग घायल**

कार चालक मोहन सिंह (35) और राजकुमारी (56) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चालक ने बताया कि हम भरतपुर जिले में उटारदा एवं बिजवारी गांव से कुंभ में स्नान करने आए थे। वापस लौटते समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।

# ट्रक के डीजल टैंक में लाई जा रही 21 किलो ब्राउन शुगर जब्त

## 3 तस्कर गिरफ्तार, 41 करोड़ है बाजार भाव

उदयपुर, 18 फरवरी (एजेंसियां)। ट्रक के डीजल टैंक में पार्टिशन बनाकर ले जाए जा रहे मादक पदार्थ को जब्त कर पुलिस ने तीन तस्करों को हिरासत में लिया है। जब्त किए गए नशीले पदार्थ की कीमत 41 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

प्रतापगढ़ पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 20 किलो 820 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर क्रुड जब्त कर तस्करों की योजना को विफल कर दिया। मादक पदार्थ की तस्करी के लिए ट्रक के डीजल टैंक में विशेष स्कीम बनाकर इसे छिपाया गया था। इस कार्रवाई में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए अवैध ब्राउन शुगर क्रुड की अनुमानित कीमत 41 करोड़ 50 लाख रुपए आंकी गई है।

प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक विनीत बंसल ने बताया कि कोतवाली थानाधिकारी दीपक बंजारा के नेतृत्व में गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लड्डु उर्फ घनश्याम वैरागी नामक व्यक्ति ब्राउन शुगर तस्करी करता है। वह अपने ट्रक के डीजल टैंक के अंदर विशेष स्कीम बनाकर भारी मात्रा में ब्राउन शुगर क्रुड लेकर मंदसौर से प्रतापगढ़ आने वाला है।

इस सूचना के आधार पर टीम ने थाने के सामने नाकाबंदी कर मंदसौर की ओर से आए ट्रक को रुकवाकर पूछताछ की। इसमें लड्डु उर्फ घनश्याम पुत्र नारायण दास वैरागी, इसके साथ पुष्कर लाल मीणा व पुष्कर लाल तेली थे, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो डीजल टैंक दो भागों में विभाजित पाया गया।

# सरकार जल्द ही नई सुरक्षा नीति पेश करेगी: मंत्री श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने घोषणा की है कि राज्य जल्द ही डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा अधिनियम के अनुरूप एक नई सुरक्षा नीति पेश करेगा।

तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी), साइबराबाद पुलिस और सोसाइटी फॉर साइबराबाद सुरक्षा परिषद (एससीएससी) द्वारा आयोजित एचआईसीसी नोवोटेल में 'शील्ड 2025' सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मंत्री ने साइबर अपराधों को रोकने के लिए एक मजबूत प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। साइबर सुरक्षा के लिए राज्य की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, श्रीधर बाबू ने अत्याधुनिक एआई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके एक गीगा वाट डेटा सेंटर स्थापित करने की योजना का खुलासा किया।

ऐसे युग में जहां राष्ट्र साइबरस्पेस में वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, उन्होंने जोर देकर कहा कि डेटा की सुरक्षा सर्वोपरि है, क्योंकि साइबर अपराधी वित्तीय संपत्तियों की तुलना में डेटा को तेजी से लक्षित कर रहे हैं, जिससे व्यक्तिगत गोपनीयता और देश की आर्थिक स्थिरता को खतरा है। मंत्री ने साइबर अपराध से निपटने में तेलंगाना पुलिस के अथक प्रयासों की सराहना की, साइबर अपराधियों द्वारा लूटे गए 350 करोड़ रुपये में से 185 करोड़ रुपये की वसूली का हवाला दिया। सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक होने के बावजूद, भारत की सालाना % बिलियन डॉलर मूल्य के आयातित साइबर सुरक्षा सॉफ्टवेयर पर निर्भरता पर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने उद्योग के विशेषज्ञों से चिंतन और नवाचार करने का आग्रह किया। श्रीधर बाबू ने आगे की सोच रखने वाले नवोन्मेषकों के लिए राज्य सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन देते हुए पारंपरिक तरीकों की तुलना में समकालीन समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। डेटा गोपनीयता पर विचार करते हुए, उन्होंने टिप्पणी की कि गूगल जैसी तकनीकी दिग्गज अक्सर व्यक्तियों के बारे में खुद से अधिक जानती हैं। प्रौद्योगिकी द्वारा प्रदान किए जाने वाले अपार अवसरों को स्वीकार करते हुए, उन्होंने साइबर अपराधियों की लगातार विकसित होने वाली रणनीति के खिलाफ चेतावनी दी, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आगमन के साथ। डार्क वेब के बढ़ते खतरे की चेतावनी देते हुए, जहां व्यक्तिगत डेटा बिक्री के लिए आसानी से उपलब्ध है, श्रीधर बाबू ने साइबर अपराध से होने वाले चौंका देने वाले $10 ट्रिलियन वार्षिक वैश्विक नुकसान पर प्रकाश डाला, जिसमें अकेले भारत का हिस्सा 15,000 करोड़ रुपये है।

## घटकेसर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया व्यक्ति

हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके घटकेसर के कोंडापुर में एक पुलिया के पास मंगलवार को एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसकी हत्या की गई या उसने आत्महत्या की। नलगोंडा जिले के चित्याला मंडल निवासी रूपानी वेंकन्ना (49) का शव पुलिया के पास मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने झाड़ियों के बीच उसका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। कुछ दिन पहले काम के लिए मेडचल जिले के शमीरपेट आए वेंकन्ना की मौत पर संदेह जताया जा रहा है। घाटकेसर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को शहर के बाहरी इलाके मैलारदेवपल्ली के उदमगड्डा में रेलवे ट्रैक पार करते समय एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पीड़ित की उम्र 50 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। वह रेलवे फाटक पार कर रहा था और ऐसा संदेह है कि वह तेजी से आती ट्रेन को देख नहीं पाया और उसकी मौत हो गई। उसका शव घटनास्थल से कुछ दूर फेंका गया था। कई गंभीर चोटों के कारण उसकी तत्काल मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल भेज दिया।

## विमान के लैंडिंग गियर में समस्या आने के बाद तनाव

हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आरजीआई हवाई अड्डे पर मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब चेन्नई से आ रहे एक विमान के लैंडिंग गियर में समस्या आ गई।

बाद में पायलट ने एटीसी को सूचित करने के बाद हवाई अड्डे को अलर्ट पर रखते हुए सुरक्षित लैंडिंग करने में सफलता प्राप्त की। कूरियर कंपनी का विमान चेन्नई से आरजीआई एयरपोर्ट की ओर जा रहा था, तभी पायलट को लैंडिंग गियर में तकनीकी समस्या नज़र आई। एटीसी को इसकी जानकारी दी गई और जल्द ही रैपिड रिस्पॉन्स टीमों को भी इसकी जानकारी दी गई।

## रिश्वत लेते मखतल सर्किल इंस्पेक्टर और 2 कांस्टेबल गिरफ्तार

### बलात्कार के आरोपी की मदद का आरोप

मखतल, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मखतल में कार्यरत एक पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर और दो पुलिस कांस्टेबलों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे कथित तौर पर बलात्कार के एक मामले में दोषपूर्ण आरोपपत्र दाखिल करने के लिए आरोपी व्यक्ति की मदद करने के लिए रिश्वत मांग रहे थे।

यह जाल मंगलवार की सुबह कस्बे में लगाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बलात्कार के एक मामले के आरोपी को हाल ही में इस शर्त पर जमानत दी गई थी कि उसे हर सोमवार को थाने में हस्ताक्षर करने होंगे। पुलिस अधिकारी पर आरोप है कि उसने दोषपूर्ण चार्जशीट दाखिल करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिससे मामले से बरी होने में मदद मिल सकती थी। हालांकि, बलात्कार के आरोपी ने एसीबी अधिकारियों से संपर्क किया जिसके बाद जाल बिछाने की योजना बनाई गई। रिश्वत की रकम दो कांस्टेबल शिवा रेड्डी और नरसिम्हा ने उस समय ली जब वे नोट ले रहे थे। इसके बाद अधिकारियों ने सीआई के कार्यालय पर छापा मारा और सीआई चंद्रशेखर को भी हिरासत में ले लिया। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, तीनों को अदालत में पेश किया जा रहा है।

## वेमुलावाड़ा मंदिर में पहुंचे 48,000 से अधिक श्रद्धालु

राजन्ना-सिरसिल्ला, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को वेमुलावाड़ा स्थित श्री राजराजेश्वरस्वामी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े, क्योंकि यह मंदिर प्रमुख देवता के लिए सबसे पवित्र दिन होता है। इस मंदिर में 48,921 तीर्थयात्रियों ने भगवान शिव के दर्शन किये। दर्शन के अलावा कोडमोक्कु भी अर्पित किया गया।

# पुनर्विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए रेल यात्रियों को सलाह

### महिला यात्रियों के लिए रेसुब शक्ति टीमों की तैनाती

### आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दल तैयार



हैदराबाद, 18 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने 720 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के बड़े उन्नयन कार्य की प्रतिष्ठित परियोजना शुरू की है। इसके अंतर्गत स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिसके तहत उत्तर की ओर मौजूदा स्टेशन भवन को ध्वस्त किया जाना शामिल है, ताकि नए भवन का निर्माण किया जा सके। रेल यात्रियों को कम से कम असुविधा हो तथा उनकी संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में, रेल यात्रियों के प्रवेश और निकास का प्रभावी प्रबंधन करने के लिए, सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर भीड़ को सुव्यवस्थित करने हेतु कुछ उपाय किए गए हैं। प्लेटफार्म सं.1 पर जाने के लिए गेट सं.2 पर नया प्रवेश द्वार खोला गया है, साथ ही सामान्य बुकिंग काउंटर सुविधा, पूछताछ और 750 यात्रियों की क्षमता वाला प्रतीक्षालय तथा 500 अतिरिक्त बैठने के लिए स्थान भी उपलब्ध कराई गई है। सामान्य बुकिंग सुविधा सहित प्लेटफार्म सं.10 पर जाने के लिए गेट सं.8 पर नया प्रवेश द्वार खोला गया है।

चूंकि गेट नं.4 बंद है, इसलिए गेट सं.3 और 3बी पर प्रवेश के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।आसानी से पहचान करने और यात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए स्टेशन के प्रवेश/निकास द्वारों, परिसंचरण क्षेत्रों, प्लेटफार्मों और ऊपरी पैदल पुलों पर पर्याप्त साइनेज बोर्ड और डॉयरेक्शन बोर्ड लगाए गए हैं। स्टेशन पर वाणिज्य निरीक्षकों की तैनाती की गई है तथा उपस्करों की किसी भी खराबी की सूचना देने और उसे ठीक करने एवं किसी भी अप्रिय घटना के घटित होने पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए 24x7 निगरानी की जा रही है। कुंभ मेला विशेष गाड़ियों की निगरानी के अलावा व्यस्त समय(भीड़) के दौरान भीड़ की निगरानी के लिए वाणिज्य अधिकारियों को नामित किया गया है। किसी भी समय, भीड़ प्रबंधन के लिए तथा यात्रियों की सुरक्षित और सुचारू रूप से गाड़ी में चढ़ने के दौरान स्टेशन पर सात टिकट जांच कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे। चौबीसों घंटे सीमित संख्या में स्टॉल खुले रहेंगे। प्लेटफार्मों को पहले से ही नामित किया जा रहा है ताकि यात्री प्लेटफार्म 01 और 10 पर इंतजार न करें और अंतिम समय में गाड़ी पकड़ने के लिए भागने के बजाय संबंधित प्लेटफार्मों पर जा सकें।

प्लेटफार्मों, देरी से पहुंचने वाली गाड़ियों, दिव्यांगजन कोच की स्थिति आदि के संबंध में निरंतर उद्घोषणाएं की जा रही हैं। भीड़ प्रबंधन हेतु, भीड़ नियंत्रण, यात्रियों को सुचारू रूप से गाड़ियों में चढ़ने तथा अनारक्षित यात्रियों को आरक्षित डिब्बों में प्रवेश करने से रोकने के लिए पर्याप्त रेसुब कर्मियों को तैनात किया गया है।यात्रियों के आवागमन का सुचारू प्रबंधन हेतु प्रवेश/निकास द्वारों, प्लेटफार्मों, कॉनकोर्स और ऊपरी पैदल पुलों पर अतिरिक्त रेसुब कर्मियों को तैनात किया गया है।

सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने हेतु रेसुब कर्मियों द्वारा गहन गश्त की जा रही है, जिसके अंतर्गत संवेदनशील स्थानों पर विशेष टीमों की तैनाती भी शामिल है। सुरक्षा संबंधी समस्याओं की तुरंत पहचान करने और उनका समाधान करने के लिए उन्नत सीसीटीवी निगरानी नेटवर्क के माध्यम से रेसुब कर्मियों द्वारा रीयल-टाइम निगरानी की जा रही है। महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु रेसुब शक्ति टीमों की तैनाती की गयी। यातायात एवं पार्किंग प्रबंधन हेतु, भीड़ नियंत्रित करने और अनाधिकृत वाहन पार्किंग को रोकने के लिए पार्किंग क्षेत्रों में रेसुब टीमों की तैनाती की गयी है। स्थानीय यातायात पुलिस के साथ समन्वयन से वाहनों की आवाजाही सुव्यवस्थित की जाती है।

## परिवार के 6 लोगों की हत्या के लिए मां-बेटे को आजीवन कारावास

निजामाबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिला न्यायाधीश सुनीता कुचला ने संपत्ति विवाद को लेकर एक परिवार के छह सदस्यों की हत्या के आरोप में मां और बेटे, वड्डम्मा और प्रशांत को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सनसनीखेज मामला पिछले साल दिसंबर में हुआ था, जब आरोपियों ने प्रशांत के दोस्त प्रसाद और उसकी पत्नी संविका, उनकी जुड़वां बेटियों श्रीवाणी और स्वप्ना और प्रसाद की दो बहनों सहित छह सदस्यों की हत्या कर दी थी। सभी छह लोगों की हत्या एक सप्ताह के भीतर की गई थी। मकलूर के मूल निवासी प्रशांत पर उसी गांव में एक संपत्ति को लेकर हुए विवाद के बाद छह लोगों की हत्या करने का संदेह था। प्रशांत प्रसाद के माचरेड्डी गांव में स्थानांतरित होने के बाद लोन लेकर मकलुक में उनकी संपत्ति 26 लाख रुपए में खरीदना चाहता था। रिपोर्ट के अनुसार, संपत्ति का पंजीकरण पूरा होने के बाद भी बैंकों ने प्रशांत को लोन देने से मना कर दिया। प्रसाद ने प्रशांत से पैसे मांगना शुरू कर दिया, जिसके बाद उसने उसे खत्म करने की योजना बनाई। प्रशांत प्रसाद को निजामाबाद-कामारेड्डी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक जंगल में ले गया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद उसने संविका, प्रसाद की दो बेटियों और बहनों की भी हत्या कर दी।

चूंकि हत्याएं अलग-अलग इलाकों में हुई थीं, इसलिए अलग-अलग थानों में चार मामले दर्ज किए गए। मंगलवार को सुनाया गया फैसला मेंडोरा थाने में दर्ज मामले से संबंधित है, जिसके तहत प्रशांत ने प्रसाद की दो बेटियों की हत्या कर दी थी।

## आत्महत्या करने वाले किसान की बेटियों को दी गई वित्तीय सहायता

सिद्दीपेट, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता मदसु श्रीनिवास ने हाल ही में आत्महत्या करने वाले एक किसान की तीन बेटियों के खातों में 72,000 रुपये जमा किए। उन्होंने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के जन्मदिन के अवसर पर यह नेक काम करने का फैसला किया। श्रीनिवास ने तीनों लड़कियों के लिए 24,000-24,000 रुपये की सावधि जमा कराई, तीनों की उम्र छह साल से कम थी। इन तीनों लड़कियों की मार्मिक कहानी को सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक पुली राजू ने उजागर किया, जो हाल ही में गजवेल मंडल के गिरिपली में उनके घर गए थे। किसान बंडारू रविदार (32) ने 10 फरवरी को कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली थी। कुछ महीने पहले ही उसके पिता मल्लैया की भी इसी तरह से मौत हो गई थी। रविन्द्र की पत्नी अनीता और उनकी मां मल्लम्मा उनकी तीन बेटियों स्नेहिता (6), लौक्या श्री (4) और ऋषिका (2) की देखभाल करने के अलावा अपने बढ़ते कर्ज को चुकाने की कोशिश कर रही थीं।

# एलआईसी ने किया वन मैन ऑफिस का अनावरण

हैदराबाद, 18 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। एलआईसी ने वन मैन ऑफिस का अनावरण किया। एलआईसी सीईओ व एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि वन मैन ऑफिस (ओएमओ) ऑनलाइन सेवा सोमवार 17 फरवरी को शुरू की गयी है।

अपनी सेल्स टीम को मजबूत बनाने और पॉलिसीधारकों को दिन रात निरंतर डिजिटल रूप से निर्बाध सेवाएँ सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों के क्रम में, एलआईसी ने अपने एजेंटों के माध्यम से वन मैन ऑफिस ऑनलाइन सेवा का अनावरण किया। इसके माध्यम से, एलआईसी का लक्ष्य एजेंटों,विकास अधिकारियों, वरिष्ठ व्यावसायिक सहयोगियों, मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों, एलआईसी सहयोगियों और मुख्य आयोजकों से मिलकर बनी अपनी बिक्री टीम के लिए, व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है।

इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी सिद्धार्थमोहंती ने बताया कि, यह बिक्री टीम के लिए जीवन बीमा को बढ़ावा देने और एलआईसी के ग्राहकों को कभी भी और कहीं भी सेवा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण होगा। यह "वर्ष 2047 तक सभी के लिए बीमा' के उद्देश्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम

होगा। हमारे एजेंटों को पॉलिसियों की डिजिटल बिक्री, विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए ग्राहकों के लिए बिक्री के बाद सेवा प्रदान करने, उनके व्यवसाय पर नज़र रखने और उनके लिए प्रशिक्षण सह ज्ञान पूल के रूप में कार्य करने में सहायता करना है।

इस प्रकार उन्हें हर मायने में वास्तव में आत्मनिर्भर बना देगा। इसमें एजेंटों की सहायता के लिए ज्ञान केंद्र, विभिन्न बीमा और स्वास्थ्य संबंधी कैलकुलेटर, कार्यालय लोकेटर, एनईएफटी सर्च आदि भी होंगे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर मुफ्त डेन्टल कैम्प का आयोजन

हैदराबाद, 18 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर मुफ्त डेन्टल कैम्प का आयोजन इमलीबन में हो रहा है।

इस संदर्भ में,श्री पांडुरंग डेंटल क्लीनिक अत्तापुर के नेतृत्व में, मुफ्त डेन्टल कैम्प का आयोजन हो रहा है। उपरोक्त कैम्प का आयोजन इमलीबन बस स्टैण्ड, श्री छत्रपति शिवाजी मराठा नवयुवक मण्डल, भाग्यनगर, ग्रेटर हैदराबाद, तेलंगाना पर हो रहा है। इसके चलते आयोजकों ने सभी से अपील की है कि, मुफ्त डेन्टल कैम्प का लाभ लें।

## आप और हम की सभा आज

हैदराबाद, 18 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी एवं हरियाणा समाज का सशक्त संगठन आप और हम की सभा आज बुधवार को राजस्थानी स्नातक संघ हॉल आबिड्स पर सायं 7:00 बजे रखी गई है। अध्यक्ष धर्मीचंद कुमावत ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आगामी होली के अवसर पर संस्था द्वारा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन के लिए बैठक में विचार किया जा रहा है। संस्था के प्रधान संयोजक शशिकांत अग्रवाल ने बताया कि राजस्थानी एवं हरियाणा समाज को एकत्रित करने हेतु संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रम करवाए गए। सभी कार्यक्रमों की सराहना नगरवासियों ने की। इस अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन को सुचारू रूप से आयोजित करने हेतु यह सभा बुलाई गई है। सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर अपने विचार रखने की अपील की गई है।

## जाट समाज ट्रस्ट हैदराबाद सिकन्दराबाद तेलंगाना के द्वारा प्रमेश्वर महादेव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारम्भ




हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जाट समाज ट्रस्ट मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 फरवरी से 21 फरवरी 2025 तक रहेगा। जारी प्रेस विज्ञात्री अनुसार ट्रस्ट के अध्यक्ष ददाराम बावल एवं सचिव बाबूलाल पुनिया ने बताया की भव्य प्रमेश्वर महादेव मन्दीर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व जाट समाज धवन का लोकापर्ण प्रारम्भ । 7 फरवरी से 21 फरवरी 2025 को रहेगा व स्थान: जाट समाज ट्रस्ट मन्दिर, अलमासगुडा, सी. एन. रेड्डी नगर, बनस्वल्लीपुरम, हैवराबाद पर होगा।

इस अवसर सोमवार 17 फरवरी 2015 को कलश यात्रा परपोड़ा व भव्य गैर, खरनाल गद्दीपति श्री दरियाव जी धीलिया के सानिध्य में तेजा गायन का जायोजन किया गया। पांच दिवसीय 11 कुण्डीय हवन व पांच दिवसीय कथा महोत्सव प्रात: 11.15 बजे से 3.15 बजे तक कथा वाचिका सुश्री साध्वी सुरज बाई सा के सानिध्य में प्रारम्भ हुआ, बुधवार 19 फरवरी भजन संध्या रात्रि 8.31 बजे से गायक कलाकार गजेन्द्र राव, श्याम पालीवाल, अनीता जागीड, गुरुचार 20 फरवरी भजन संध्या रात्रि 8.31 बजे से गायक कलाकार गजेन्द्र राय, तुलछाराम भनक्षाया, जबूती मिश्रा द्वारा प्रस्तुती पधान करेंगे व इस अग्रसर पर डान्सर के रुप में लकी आड़ान, महावीर भावु, भंबर लेगा, प्रेम माण्डा, रवी बंजारा, झाँकी कलाकार राहुल राजस्थानी एण्ड पार्टी, शुक्रवार 21 फरवरी 20.25 को प्रात: 11.45 अजे प्राण प्रतिष्ठा, प्या पूर्णाहुती, महाआरती, अतिथि सत्कार, महाप्रसादी का भव्य आयोजन रहेगा।

# श्री श्याम रथ शोभा यात्रा 23 को



हैदराबाद, 18 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति, काचीगुडा द्वारा 23 फरवरी को प्रातः 6.31 बजे से माहेश्वरी भवन, बेगम बाजार से श्री श्याम मन्दिर काचीगुडा तक "श्री श्याम रथ शोभा यात्रा' का आयोजन किया जायेगा । शोभा यात्रा की तैयारियाँ लगभग पूर्ण हो चुकी है । उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल द्वारा दी गई।

श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति, काचीगुडा द्वारा नगरद्वय में पहली बार आयोजित " शोभा यात्रा' को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उद्देश्य से विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। शोभा यात्रा के चेयरमैन इन्द्रकरण अग्रवाल, वाईस चेयरमैन अंजनी कुमार अग्रवाल, शोभा यात्रा संयोजक पुरुषोत्तम गोयल रहेंगे । विभिन्न समितियों का दायित्व निम्न अनुसार दिया गया है - माहेश्वरी भवन में निशान निर्माण समिति - श्री श्याम सत्संग

समिति, जय श्री श्याम-श्याम मेरे श्याम समिति, निशान वितरण समिति - श्री श्याम सत्संग समिति, जय श्री श्याम-श्याम मेरे श्याम समिति, श्याम डालिया एवं राकेश जालान, निशान पंजीकरण समिति - अमित अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, पुलिस अनुमति समिति - राजेश कुमार,अग्रवाल एवं अंजनी कुमार अग्रवाल, स्वयं सेवक समिति - नितेश अग्रवाल एवं मोहित बजाज, सोशल मीडिया एवं प्रिंटिंग समिति - पुरुषोत्तमदास गोयल, राजकुमार गुप्ता एवं निश्चिंत अग्रवाल, रथ यात्रा प्रबंधन समिति - राजकुमार विग, नरसिंगप्रसाद जायसवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, माहेश्वरी भवन में मुख्य अतिथियों का स्वागत समिति - श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष चन्द्रकान्त डाकोतिया, मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल, सह मंत्री रामदेव अग्रवाल, अमित अग्रवाल एवं श्याम डालिया, श्री श्याम मंदिर, काचीगुडा में मुख्य अतिथियों का स्वागत समिति - अध्यक्ष चन्द्रकान्त डाकोतिया, मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल, सहमंत्री रामदेव अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रामनिरंजन बड़ेगाँववाले, अमित अग्रवाल, पुरुषोत्तमदास गोयल एवं श्याम डालिया, श्याम मंदिर में निशान जमा करने एवं प्रसाद वितरण समिति - रामदेव अग्रवाल, प्रह्लादराय टिबडेवाल एवं राजकुमार विग तथा स्वागत मंच पंजीकरण समिति -पुरुषोत्तम पारीक एवं तरुण अग्रवाल ।

यात्रा संयोजक पुरुषोत्तमदास गोयल ने यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि श्रीश्याम रथ शोभा, रविवार 23 फरवरी को प्रातः 6:31 बजे माहेश्वरी भवन, बेगम बाजार से विशेष रथ में श्री श्याम बाबा को विराजमान कर, चाँदी की छत्तर, बाबा की अर्जी, मोर छडी से सुशोभित निशान के साथ गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन करती हुई बेगम बाजार छतरी, बेगम बाजार किराणा मार्केट होते हुए सिद्दीअम्बर बाजार, गौलीगुडा, चादरघाट, निम्बाली अड्डा क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए श्री श्याम मंदिर, काचीगुडा पहुँचेगी ।

श्री श्याम रथ शोभा यात्रा के अन्तर्गत श्री श्याम मंदिर, काचीगुडा में श्याम प्रेमियों द्वारा चढाए गए निशान, चाँदी छत्तर, बाबा की अर्जी, मोर छड़ी को श्याम प्रेमी 25 से 28 फरवरी तक श्री श्याम मंदिर से अपना निशान बुकिंग कूपन देकर वापस प्राप्त कर सकेंगे।

## पंजाब नेशनल बैंक ने शंकरपल्ली में खोली अपनी नई शाखा



हैदराबाद, 18 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के हैदराबाद मंडल की 71वीं शाखा का उद्घाटन बैंक के अंचल प्रबंधक दीपक कुमार श्रीवास्तव द्वारा शंकरपल्ली, मेन रोड, रंगारेड्डी में किया गया । इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए अंचल प्रबंधक ने कहा कि पीएनबी देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है। उन्होंने लोगों से पीएनबी की इस नवनिर्मित शाखा की सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। मंडल प्रमुख अरविंद कालरा ने कहा कि पीएनबी सबसे कम ब्याज दरों पर अपने ग्राहकों को कृषि ऋण, स्वर्ण ऋण, आवास ऋण तथा वाहन ऋण प्रदान कर रहा है। उद्घाटन में ग्राहकों के साथ-साथ अंचल और मंडल के वरिष्ठ बैंक अधिकारी तथा स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सुश्री रिया कुमारी और कर्मचारियों ने सभी स्थानीय लोगों का स्वागत किया।

## पान की दुकान में लगी आग

हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेडिपल्ली के बोडुप्पल में रिलायंस स्टोर के पास एक पान की दुकान में मंगलवार तड़के आग लग गई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों ने जब पान की दुकान से आग की लपटें और घना धुआं निकलता देखा तो उन्होंने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत आग बुझाई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। मेडिपल्ली पुलिस जांच कर रही है।

## श्रध्दालुओं का दल प्रयागराज रवाना



हैदराबाद, 18 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। प्रयागराज महाकुम्भ स्नान-दान के लिए सैकडों भक्तों नें आज बेगम बाजार से 3 शाही लग्जरी स्लीपर बसो द्वारा प्रस्थान किया गया।

रामकृष्ण माखन ट्रैवल्स के व्यवस्थापक गोपाल सोनी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाग्यनगर के सैकडों भक्तो का भू-लक्ष्मी मंदिर बेगम बाजार से दोपहर 12:31 बजे प्रयागराज रवाना हुआ। इस महायात्रा में महाकुंभ स्नान दान कर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या और हनुमान गढी के दर्शन कर काशी विश्वनाथ मंदिर व मार्ग में सभी बड़े मंदिरों के दर्शन कर 24 फरवरी को हैदराबाद वापसी होगी।

जब से महाकुम्भ स्नान-दान का कार्यक्रम प्रयागराज में हो रहा है तभी से रामकृष्ण माखन ट्रैवल्स हैदराबाद से प्रती सप्ताह समय समय पर शाही-स्नान और कुम्भ स्नान हेतु बसें रवाना हो रही है। अवसर पर ट्रैवल्स के व्यवस्थापक गोपाल सोनी,सह व्यवस्थापक रविंद्र सोनी,निखील सोनी, ट्विंकल सोनी, श्रीमती शांतिदेवी सोनी, रेखा सोनी, राजकुमार दाहीमा, कैलाश जाट,मनीराम जाट, दिपक शर्मा,भाग्यनारायण, आदि उपस्थित थे।

## सहपाठी पर हमला करने के आरोप में 7 छात्रों पर केस

मंचेरियल, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महात्मा ज्योतिबा फुले आवासीय विद्यालय-चेन्नूर के सात छात्रों पर सोमवार शाम को संस्थान के एक अन्य छात्र की कथित तौर पर पिटाई करने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि नासपुर मंडल के 10वीं कक्षा के छात्र पर हमला करने के आरोप में 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले सात छात्रों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (खतरनाक हथियारों या साधनों से चोट पहुंचाना) और 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) तथा अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

सोमवार को पीड़ित छात्र के माता-पिता ने स्कूल के प्रिंसिपल से इस बात का खुलासा किया कि सातों छात्रों ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा, उससे पैर दबवाए और ज़रूरत पड़ने पर पैसे देने के लिए

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# बांग्लादेश के खिलाफ नए रोल में दिखेंगे केएल राहुल!

## टीम इंडिया ने कर ली है तैयारी





खेल डेस्क,, 18 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान और दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी का आगाज बुधवार से होने जा रहा है, जिसके लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया पूरी तरह तैयार है। टीम इंडिया टूर्नामेंट में अपना पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को दुबई क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी। इस मैच में भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की बैटिंग पोजीशन को लेकर संशय बरकरार है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन में एक फिनिशर की भूमिका निभाई, जहां वो बड़े-बड़े शॉट लगाते नजर आए।

यह उनके साथ-साथ टीम इंडिया के लिए भी जरूरी है, क्योंकि चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम को उनसे आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने की उम्मीद होगी। यही वजह है कि राहुल ने तेजी से खेलने पर फोकस किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने प्रैक्टिस सेशन में पहले ही गेंद से आक्रामक रुख अपनाया और लगभग सभी गेंदों को आसानी से बाउंड्री लाइन के पार पहुंचाया।

**फिनिशर की भूमिका में दिख सकते हैं राहुल**

इससे उम्मीद की जा रही है कि वो बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में एक फिनिशर की भूमिका में दिख सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो फिर वो नंबर छह पर खेलते दिख सकते हैं। हाल ही में खत्म हुई वनडे सीरीज में भी उन्हें पांच की जगह नंबर छह पर खिलाया गया था, जहां उनसे पहले अक्षर पटेल ने बैटिंग की थी। इसकी वजह से उन्हें पूरी सीरीज में बैटिंग करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला।

**गंभीर के लिए फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर हैं राहुल**

राहुल की इस बैटिंग को देखकर यह लगभग तय है कि टीम बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें ही विकेटकीपर के तौर पर मौका देगी। उनके अलावा अन्य विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी इस रोल के लिए दावेदार हैं। हालांकि उनको मौका मिलने की उम्मीद कम ही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक हफ्ते पहले ही टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया था कि चैंपियंस ट्रॉफी में केएल राहुल को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि ऋषभ पंत को अपनी बारी का इंतजार करना होगा।

# पैसे के लिए पीसीबी चीफ ने बेचे वीआईपी बॉक्स के टिकट, आ गए इतने बुरे दिन





दुबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 23 फरवरी को होने वाले भारत-पाकिस्तान के हाई वॉल्टेज मैच के लिए ना सिर्फ फैंस बल्कि दोनों देशों की कई प्रमुख हस्तियां भी दुबई के स्टेडियम में नजर आएंगी. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ मोहसिन नकवी भी इस मैच में पहुंचने वाले हैं. इस बीच बड़ी खबर ये है कि मोहसिन नकवी को इस मैच के लिए 30 सीटों वाले वीआईपी हॉस्पिटैलिटी बॉक्स का ऑफर मिला था जिससे कि वे अपनी करीबियों और फैमिली के साथ मैच देख सकते थे, लेकिन नकवी ने फैंस के साथ स्टैंड में बैठकर मैच देखने का फैसला किया है. वहीं नकवी ने पीसीबी के रेवेन्यू में इजाफा करने के लिए वीआईपी बॉक्स के टिकट ही बेच दिए.

समा टीवी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मोहसिन नकवी ने वीआईपी बॉक्स का ऑफर ठुकराते हुए स्टैंड से भारत और पाकिस्तान का मैच देखने का मन बनाया है. दुबई स्टेडियम में मौजूद वीआईपी बॉक्स की कीमत 4 लाख अमेरिकी डॉलर (3.47 करोड़ रुपये) है. सवाल ये है कि पैसों के लिए नकवी ने इस तरह का फैसला क्यों किया? क्या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पास इतना पैसा भी नहीं बचा है जो पीसीबी चीफ को वीआईपी बॉक्स का टिकट बेचना पड़ रहा है?

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत साल 1998 में हुई थी. साल 2017 तक इसके आठ सीजन हुए थे, अब नौवां सीजन आठ साल बाद होने जा रहा है. चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में अब तक भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना कुल पांच बार हुआ है. इसमें टीम इंडिया पाकिस्तान से पीछे है. क्योंकि भारत ने सिर्फ दो मैच जीते हैं जबकि पाकिस्तान ने तीन मैचों में जीत दर्ज की. 2017 में ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को हराया था लेकिन फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को शिकस्त दी थी. अब दोनों का छठी बार मुकाबला दुबई के स्टेडियम में होने जा रहा है.

# पिता की मौत, दुबई से वापस लौटा टीम इंडिया का दिग्गज

## चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से पहले ही बड़ा झटका



दुबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी अभी शुरू भी नहीं हुआ मगर उससे पहले ही टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लग गया है. टीम इंडिया के बॉलिंग कोच मॉर्ने मॉर्केल के अचानक ही दुबई से घर वापस लौटने की खबर है. इसके पीछे की वजह निजी क्षति बताई जा रही है. ऐसे कयास हैं कि मॉर्केल के पिता का निधन हुआ है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मॉर्केल 17 फरवरी को हुए टीम इंडिया के प्रैक्टिस सेशन का भी हिस्सा नहीं बने थे.

ऐसा कहा गया था कि मॉर्ने मॉर्केल तब टीम इंडिया के साथ ही थे जब वो 16 फरवरी की दोपहर आईसीसी एकेडमी में प्रैक्टिस करने उतरी थी. हालांकि, ये अभी क्लियर नहीं है कि साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर और टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज के साथ वाकई हुआ क्या? लेकिन, अफवाह इसी बात की है कि उनके पिता का निधन हुआ है. इस बात पर भी फिलहाल कोई खबर नहीं कि क्या मॉर्केल फिर से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान टीम इंडिया को जॉइन करेंगे.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित शर्मा एंड कंपनी 18 फरवरी को ट्रेनिंग नहीं करेंगी. वो अब सीधे बांग्लादेश के खिलाफ खेले जाने वाले अपने पहले मैच से एक दिन पहले यानी 19 फरवरी को प्रैक्टिस करने नेट्स पर उतरेगी. भारत और बांग्लादेश के बीच 20 फरवरी को मैच खेलना है. जसप्रीत बुमराह टीम के साथ पहले से ही नहीं हैं. ऊपर से मोहम्मद शमी भी अभी लय तलाशने में जुटे हैं. ऐसे में बॉलिंग कोच मॉर्ने मॉर्केल का दुबई में मौजूद ना रहना, टूर्नामेंट में टीम इंडिया की उम्मीदों को और धूमिल कर सकता है.

बांग्लादेश के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से टक्कर

चैंपियंस ट्रॉफी में 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलने के बाद टीम इंडिया 23 फरवरी को पाकिस्तान का मुकाबला करेगी. वहीं 2 मार्च को उसे ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ना है. भारतीय टीम के ये सारे मैच दुबई में खेले जाएंगे. इसके बाद अगर टीम इंडिया सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंची तो वो मुकाबले भी दुबई में ही होंगे.

# न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर



खेल डेस्क, 18 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह काइल जेमिसन को मौका दिया गया है। न्यूजीलैंड को बुधवार 19 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का ओपनिंग मुकाबला खेलना है। ऐसे में ऐन मौके पर फर्ग्यूसन का टूर्नामेंट से बाहर होना टीम के लिए बड़ा झटका है।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन करीब 10 दिन पहले यूएई की लीग आईएलटी20 के एक मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी मसल्स में खिंचाव आया था।

33 साल के फर्ग्यूसन आईएलटी 20 के क्वालिफायर मुकाबले के दौरान चोटिल हुए थे। वे डेजर्ट वाइपर्स की कप्तानी कर रहे हैं। वे पारी और अपने स्पेल का आखिरी ओवर डाल रहे थे। उन्हें परेशानी महसूस हुई और वे मैदान से बाहर चले गए। मोहम्मद आमिर ने ओवर की आखिरी बॉल डाली।

कैपिटल्स को अंतिम गेंद पर एक रन की जरूरत थी, सिकंदर रजा ने चौका लगाकर दुबई कैपिटल्स को फाइनल में जगह दिलाई। मैच के बाद फर्ग्यूसन ने कहा था, 'बस थोड़ी हैमस्ट्रिंग की समस्या है। काश मैं आखिरी गेंद फेंक पाता।'

**फर्ग्यूसन ने 2023 वर्ल्ड कप के बाद से वनडे नहीं खेला**

फर्ग्यूसन को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया था। वे न्यूजीलैंड के सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से बाहर हैं। उन्होंने 2023 वनडे वर्ल्ड के बाद से न्यूजीलैंड के लिए कोई वनडे मैच नहीं खेला है।

# चेन्नई में होगी राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

## शामिल होंगे 1,476 पैरा एथलीट



चेन्नई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के लगभग 1,500 पैरा एथलीट मंगलवार से चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हो रही 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। चेन्नई पहली बार इस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसमें 30 टीम के रिकॉर्ड 1,476 पैरा एथलीट 155 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे जिससे यह देश के सबसे बड़े पैरा एथलेटिक्स आयोजनों में से एक होगा।

**सुमित अंतिल भी लेंगे हिस्सा**

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख एथलीटों में सुमित अंतिल (भाला फेंक), मनोज सबापति (व्हीलचेयर रेसिंग), मनोज सिंगराज (गोला फेंक), मरियप्पन थंगावेलु (ऊंची कूद), मुथु राजा (गोला फेंक), होकाटो सेमा (गोला फेंक), नवदीप सिंह (भाला फेंक), और योगेश कथुनिया (चक्का फेंक) शामिल हैं। यह प्रतियोगिता तमिलनाडु सरकार द्वारा समर्थित है और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजित किया जा रहा है जो राज्य के खेल मंत्री भी हैं।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा, हमें विश्वास है कि चेन्नई में होने वाली यह चैंपियनशिप भारत में पैरा एथलेटिक प्रतियोगिताओं के लिए नए मानक स्थापित करेगी। 155 स्पर्धाओं में भाग लेने वाले 1,476 पैरा एथलीट की मौजूदगी में यह टूर्नामेंट देश में पैरा खेलों के तेजी से विकास और बढ़ती प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। विश्व स्तरीय सुविधाओं और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ हम भारतीय पैरा एथलेटिक्स के लिए एक नए युग के साक्षी बन रहे हैं।

# 50 छोड़िए, चैंपियंस ट्रॉफी के इस मैच में 40 ओवर भी नहीं खेल सका बांग्लादेश

## टीम इंडिया से भिड़ने से पहले ही हालत खराब



दुबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश को अपने अभियान का आगाज टीम इंडिया के खिलाफ करना है. ये मुकाबला 19 फरवरी को खेला जाएगा. मगर उससे पहले ही बांग्लादेश की टीम की हालत खराब दिखी. चैंपियंस ट्रॉफी के वॉर्मअप मैच में उसे 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है. बांग्लादेश को ये हार पाकिस्तान की शाहीन्स टीम के हाथ मिली है. उन्होंने 17 फरवरी को खेले वॉर्म अप मुकाबले में बांग्लादेश का वो हाल किया कि उनके लिए 50 छोड़िए 40 ओवर भी विकेट पर टिक पाना मुश्किल हो गया.

**बांग्लादेश का कोई बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं लगा पाया**

पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ वॉर्म अप मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बैटिंग की. मगर पूरी टीम 38.2 ओवरों में सिर्फ 202 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. बांग्लादेश की ओर से किसी भी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं जमाया. मेहदी हसन मिराज 44 रन बनाकर टीम के सबसे टॉप स्कोरर रहे. वहीं कप्तान सौम्य सरकार ने 38 गेंदों में 34 रन बनाए और वो अपनी टीम के दूसरे टॉप स्कोरर रहे.

बांग्लादेश पर भारी ये पाकिस्तानी, लिखी 654 दिन पुरानी कहानी!

पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ बांग्लादेश के बड़ा स्कोर खड़ा न कर पाने के पीछे की सबसे बड़ी वजह स्पिनर उसामा मीर रहे, जिन्होंने दुबई के मैदान पर उतरकर अपने बेस्ट वनडे परफॉर्मेन्स को मैच किया. उसामा मीर ने बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्म अप मुकाबले में 10 ओवर में 43 रन देकर 4 विकेट लिए. वनडे क्रिकेट में उनके बेस्ट गेंदबाजी परफॉर्मेन्स का आंकड़ा भी यही है, जो उन्होंने 5 मई 2023 को न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाए थे.

**91 गेंद पहले ही हार गया बांग्लादेश**

अब पाकिस्तान शाहीन्स के सामने 203 रन का लक्ष्य था, जिसे उन्होंने 34.5 ओवरों में ही 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया. यानी उन्होंने मुकाबला 91 गेंद पहले ही अपने नाम कर लिया. गेंदबाजी में अगर उसामा मीर ने बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्म अप में छाए. तो बल्ले से पाकिस्तान शाहीन्स के लिए वैसे ही नायक बनकर मोहम्मद हैरिस उभरे.

**मोहम्मद हैरिस ने खेली कप्तानी पारी**

मोहम्मद हैरिस ने कप्तानी पारी खेलते हुए 73 गेंदों में 76 रन बनाए. वो रिटायर्ड हर्ट हुए. उनके बाद टीम के दूसरे टॉप स्कोरर मुबासिर खान रहे, जिन्होंने नाबाद 65 रन बनाए. इन दोनों बल्लेबाजों ने प्रैक्टिस मैच में बांग्लादेशी गेंदबाजी की धज्जियां उड़ा दी.

# शिवम दुबे का जवाब नहीं, रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खोल दिया 'पंजा'

## करियर में तीसरी बार किया ये कमाल



मुंबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया में हों तो नाम करते हैं और जब अपनी स्टेट टीम मुंबई से खेल रहे हों तो भी कमाल करते हैं, ऐसे धाकड़ ऑलराउंडर हैं शिवम दुबे. इस कमाल के खिलाड़ी ने अपने बेजोड़ परफॉर्मेन्स की एक और बेमिसाल छाप रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में छोड़ी है. विदर्भ के खिलाफ खेले मुकाबले में उन्होंने मुंबई के लिए पंजा खोला है. शिवम दुबे ने गेंद से कहर बरपाते हुए वो काम किया है, जिसे अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट के करियर में उन्होंने कुल मिलाकर तीसरी बार ही किया है. रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई और विदर्भ की टीमें आमने सामने हैं. इस मुकाबले में विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी की और उसने अपनी पहली पारी में 383 रन बनाए. विदर्भ के बल्लेबाजों ने अपनी इनिंग के दौरान मुंबई के हरेक बल्लेबाज के खिलाफ रन बटोरे. लेकिन शिवम दुबे के खिलाफ ऐसा करने की कोशिश में उन्हें अपनी टीम के आधे खिलाड़ियों के विकेट उन्हें देने पड़े. शिवम दुबे ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल की पहली पारी में विदर्भ के खिलाफ 5 विकेट झटके. उन्होंने ये 5 विकेट 11.5 ओवर में 49 रन देते हुए लिए. शिवम दुबे के लिए इन 5 विकेटों में एक विदर्भ के स्टार बल्लेबाज करुण नायर का भी विकेट रहा. उनके फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर में ये तीसरी बार है जब उन्होंने 5 या उससे ज्यादा विकेट अपने नाम किए हैं.

विदर्भ के खिलाफ खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल शिवम दुबे के करियर का 25वां फर्स्ट क्लास मैच है. इस मैच में 5 विकेट लेकर उन्होंने क्रिकेट के इस फॉर्मेट में अपने विकेटों की कुल संख्या 58 कर ली है. शिवम दुबे के इस मैच से पहले खेले 24 फर्स्ट क्लास मैचों में 22.52 की औसत से 53 विकेट थे. मुंबई के लिए शिवम दुबे का काम हालांकि अभी पूरा नहीं हुआ है. विदर्भ को 383 रन पर समेटने के बाद अब बारी बल्ले का जोर दिखाने की है. मुंबई को इस रोल में भी अपने ऑलराउंडर शिवम दुबे से बड़ी आस होगी.

# मोहम्मद अजहरुद्दीन ने रचा इतिहास

## बने ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज



मुंबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन ने सोमवार को इतिहास रच दिया है, जहां उन्होंने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ शतक जड़कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही वो केरल के लिए रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

**अच्छी रही केरल की शुरुआत**

गुजरात के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने वाली केरल टीम की शुरुआत अच्छी रही, जहां अक्षय चंद्रन और रोहन कुन्नूमल ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े।

टीम के 206 रनों तक पांच विकेट गिर चुके थे, लेकिन इसके बाद कप्तान अजहरुद्दीन को सलमान निजार के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला, जिनके साथ उन्होंने छठे विकेट के लिए अब तक 117 रनों की साझेदारी कर दी है।

# मनु भाकर को पूरी करनी है मां की ख्वाहिश

## तो पिस्टल से काम नहीं चलेगा!



मुंबई, 18 फरवरी (एजेंसियां)। मनु भाकर नाम भारतीय खेलों की नई सनसनी का है. ये नाम देश के लिए इतिहास की बेमिसाल इबारत लिखने वाली उस लड़की का है, जो 18 फरवरी 2025 को 23 साल की हो चुकी है. अगर कहा जाए कि मनु भाकर के लिए बीते एक साल सपने को जीने जैसे रहे तो गलत नहीं होगा. उसने हर उस कामयाबी को हासिल किया, जिसे वो पाना चाहती थी. और, उसे मिली उन तमाम कामयाबियों की सिर्फ एक वजह रही, उसकी पिस्टल. उसके तमंचे से निकली गोली ने उसकी शोहरत में चार चांद लगाए. मगर मां की ख्वाहिश का क्या, जो मनु भाकर को अब भी पूरी करनी बाकी है. और, इस केस में पिस्टल काम नहीं आने वाला.

मां की ख्वाहिश पूरी करने के लिए पिस्टल से काम नहीं चलेगा!

अब आप सोच रहे होंगे कि मनु भाकर की मां की ख्वाहिश क्या है? तो उनका सपना है अपनी बिटिया के नाम के आगे डॉक्टर जुड़े हुए देखना, जिसके बारे में मनु भाकर ने पिछले साल अपने सम्मान में डीएसआरए की ओर से होस्ट किए डिनर के दौरान बताया था. उन्होंने कहा था कि मेरी मां चाहती है कि मेरे नाम के आगे डॉक्टर लगे. और, यही वजह है कि वो पीएचडी करना चाहती हैं. अब बात तो साफ है कि मां की ख्वाहिश पिस्टल से तो पूरी नहीं हो सकती. इसके लिए पढ़ना पड़ेगा.

**इन कामयाबियों को हासिल करने के बाद मना रहीं 23वां बर्थडे**

मनु भाकर अपनी मां की ख्वाहिश कब तक पूरी करेंगी, ये देखने वाली बात होगी. मगर उन्होंने अपने जीवन के 23वें वसंत में कदम रखने से पहले तक काफी कुछ कर दिखाया है. उन्होंने वैसा भी कुछ किया है, जो आजादी के बाद किसी भारतीय ने किया ही नहीं.

वो देश की आजादी के बाद एक ही ओलंपिक में 2 मेडल जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनी हैं. उन्होंने 2024 में हुए पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के सिंगल्स और टीम इवेंट में ब्रॉन्ज जीता था.

## नेन्नल मंडल के गांव के पास दिखी बाघिन



मंचेरियल, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले कुछ दिनों से कैमरा ट्रैप और वन अधिकारियों की पकड़ से दूर रहा एक प्रवासी बाघ सोमवार को कुशनेपल्ली रेंज के अंतर्गत नेन्नल मंडल के बोप्पाराम गांव में एक नर्सरी के पास देखा गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। वन अधिकारियों ने बताया कि बाघ कुछ सप्ताह तक बेल्लमपल्ली और थंडूर मंडल के विभिन्न भागों में भटकने के बाद व्यस्त एनएच 363 को पार करके नेन्नल मंडल की ओर चला गया। उन्होंने बताया कि बाघ पर नज़र रखने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं, साथ ही जनहानि से बचने के लिए निवारक उपाय भी किए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए तथा ग्रामीणों में जागरूकता पैदा की गई।

बी1 नामक इस बाघिन को नेन्नल में आने से पहले कन्नाला, डुब्बागुडेम, अमीनगुडा और बेल्लमपल्ली, कासिपेट और थंडूर मंडलों के अन्य भागों के जंगलों और कृषि क्षेत्रों में देखा गया था। स्थानीय लोगों ने बाघिन की आवाजाही के बाद अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने वन अधिकारियों से जनहानि को रोकने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया है। कुमराम भीम आसिफाबाद जिले की बाघिन दिसंबर में क्षेत्र की तलाश में मंचेरियल की ओर पलायन कर गई थी।




# साइबर सुरक्षा में तेलंगाना को नंबर एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने साइबर सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया



हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार हैदराबाद में एचआईसीसी में साइबर सुरक्षा सम्मेलन-2025 में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार साइबर सुरक्षा में तेलंगाना राज्य को देश में नंबर एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज के शील्ड 2025 कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा पर चर्चा करना और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करना है। हैदराबाद में पहली बार इतने बड़े कार्यक्रम के आयोजन के लिए तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो, साइबराबाद पुलिस और सोसाइटी फॉर साइबराबाद सिक्योरिटी काउंसिल को बधाई।

साइबर सुरक्षा में तेलंगाना को नंबर एक बनाने के लिए मिलकर काम करने वाले सभी पुलिस अधिकारियों और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों से मिलकर बहुत खुशी हुई।

आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि साइबर अपराधियों ने पिछले साल देश में 22,812 करोड़ रुपये लूटे। साइबर अपराध देश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ नागरिकों के लिए भी बड़ा खतरा है। इन दिनों फर्जी खबरें एक और बड़ा खतरा हैं। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं समाज में अराजकता पैदा कर रही हैं। राज्य सरकार साइबर सुरक्षा समाधानों के विकास के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए साइबर विशेषज्ञों और आईटी कंपनियों के साथ काम करने के लिए आवश्यक सहायता और संसाधन प्रदान कर रही है। तेलंगाना को एक सुरक्षित व्यवसाय केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

सभी से 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर साझा करने की अपील की गई जो चौबीसों घंटे काम करती है। तेलंगाना उन कुछ राज्यों में से एक है जिसने नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी और अपराधों से बचाने के लिए एक पूरी तरह से कार्यशील साइबर सुरक्षा ब्यूरो और एक समर्पित साइबर अपराध हेल्पलाइन की स्थापना की है। पिछले साल 7 नए समर्पित साइबर अपराध पुलिस स्टेशन शुरू किए। इन सुविधाओं की स्थापना के लिए डीजीपी डॉ. जितेन्द्र और साइबर ब्यूरो के निदेशक को बधाई और



इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए टीजी-सीएसबी टीम को बधाई। आइए हम सब मिलकर तेलंगाना को एक साइबर सुरक्षित राज्य बनाने के लिए काम करें। यह साइबर सुरक्षा सम्मेलन महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय है।

अपराध का पैटर्न तेजी से बदल रहा है। समाज के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी तरह की योजनाएँ बनाने की आवश्यकता है।तेलंगाना देश में साइबर अपराध को नियंत्रित करने में सबसे आगे है। साइबर अपराध विंग को और मजबूत करने की आवश्यकता है। अपराध करने के बाद अपराधियों की गिरफ़्तारी से पहले अपराध की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कुछ लोग सोशल मीडिया पर फ़र्जी ख़बरें फैला रहे हैं। आर्थिक अपराधों और फ़र्जी ख़बरों पर लगाम लगाने की ज़रूरत है। आइए हम साइबर अपराध को नियंत्रित करने में तेलंगाना को देश के लिए एक आदर्श बनाएं।

## चारधाम के लिए 8 मई से शुरू होगी पहली भारत गौरव ट्रेन

हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हरिद्वार, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को कवर करते हुए चारधाम के लिए पहली भारत गौरव ट्रेन 8 मई से शुरू होगी। 16 दिन के सर्व समावेशी भारतीय रेलवे विशेष ट्रेन पैकेज टूर के लिए बुकिंग खुली है। गढ़वाल मंडल विकास निगम लिमिटेड (उत्तराखंड सरकार की एक इकाई) के प्रबंध निदेशक विशाल मिश्रा, गढ़वाल मंडल विकास निगम लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र सिंह राणा, टूर टाइम्स के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश अयंगर ने यहां इसकी घोषणा करते हुए कहा कि विशेष पर्यटक ट्रेन में 1एसी, 2एसी, 3एसी और स्लीपर कोच हैं।

## शराब के नशे में कार चालक ने सब-इंस्पेक्टर को मारी टक्कर

निजामाबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान उस समय विफल हो गया, जब सोमवार रात कोटागल्ली इलाके के निकट एक कार चालक ने पुलिस घेराबंदी को तोड़ते हुए एक पुलिस उपनिरीक्षक को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल पुलिस अधिकारी उदय कुमार का इलाज किया जा रहा है, हालांकि उनकी चोटें जानलेवा नहीं हैं।

पुलिस ने बताया कि घायल अधिकारी फोर टाउन पुलिस स्टेशन में कार्यरत था और उसने सोमवार रात को शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर अंकुश लगाने का बीड़ा उठाया था। पुलिस टीम ने एक कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार चालक ने पुलिस घेराबंदी को तोड़ते हुए तेजी से कार चलाई और पुलिस उपनिरीक्षक को टक्कर मार दी। कार को रोकने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के प्रयास बेकार साबित हुए। पुलिस ने कार और उसमें सवार लोगों की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

## मुंबई ट्रस्ट ने तिरुमाला को दान किए 11 करोड़ रुपये

हैदराबाद, 18 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुंबई स्थित एक ट्रस्ट ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट को 11 करोड़ रुपये का दान दिया है। मंदिर अधिकारियों की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रसीद ऊनो फैमिली ट्रस्ट के सदस्य तुषार कुमार ने टीटीडी के अतिरिक्त ईओ श्री सीएच वेंकैया चौधरी को चेक सौंपा।



अन्नदानम ट्रस्ट की शुरुआत 1985 में पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामा राव ने तीर्थयात्रियों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए की थी। शुरू में इसका नाम वेंकटेश्वर नित्य अन्नदानम बंदोबस्ती योजना रखा गया था। 1994 में स्वतंत्र ट्रस्ट बनने के बाद ट्रस्ट का नाम बदलकर श्री वेंकटेश्वर नित्य अन्नदानम ट्रस्ट कर दिया गया। 2014 में ट्रस्ट का नाम बदलकर श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट कर दिया गया।

इस मेगा मुफ़्त भोजन योजना को दुनिया भर से मिलने वाले दान से वित्त पोषित किया जाता है। ट्रस्ट के अनुसार, भक्तों को नाश्ते से लेकर रात के खाने तक खिलाने में प्रतिदिन लगभग 38 लाख रुपये का खर्च आता है। ट्रस्ट दिन में तीन बार भोजन उपलब्ध कराता है। तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में सेवा देने के अलावा, ट्रस्ट ब्रह्मोत्सव और अन्य शुभ अवसरों के दौरान आसपास के अन्य स्थानीय मंदिरों में आने वाले तीर्थयात्रियों को अन्नप्रसादम भी प्रदान करता है। श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट के अनुसार, निःशुल्क भोजन सेवा से प्रतिदिन लगभग 2 लाख भक्तों को भोजन मिलता है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.